फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 71 प्रभात जयपुर, मंगलवार 11 अक्टूबर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com



**The Great Escape: Helped by a Maharajah, A Prince & A Nazi**

Modi pulled Subhash Chandra Bose out of the hat and had his statue installed at the canopy at Vijay Chawk.

**SPACE: Super-Earths** The best chance of finding life on another planet is likely to be on a super-Earth similar to the ones found recently.




*समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार में रक्षामंत्री रहे मुलायम सिंह को देश के दिग्गज राजनेताओं में से एक तथा समाजवाद की विचारधारा का प्रमुख स्तम्भ माना जाता था। गत 22 अगस्त को मुलायम सिंह को सांस लेने में ज्यादा दिक्कत होने पर मेदांता अस्पताल के आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। अस्पताल में मुलायम सिंह (82) की निगरानी खुद मेदांता समूह के निदेशक डॉ. नरेश त्रेहन कर रहे थे। सोमवार तड़के उनकी हालत ज्यादा खराब हो गई तथा सुबह 8:16 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। जब से मुलायम सिंह यादव अस्पताल में भर्ती हुए थे तब से उनके समर्थक और प्रशंसक लगातार उनकी बेहतर सेहत के लिए पूजा-प्रार्थना कर रहे थे।*

# ‘जमीन से जुड़े, अभिमान मुक्त, संबंध बनाने वाले नेता के रूप में याद रहेंगे नेताजी’

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। कई यादें है जो मन में बसी हुई हैं। उनमें से एक है यह, वर्ष 2007 की दोपहर, जब मुलायम सिंह यादव अपने विधानसभा चुनाव सुधार अभियान में व्यस्त थे। वह ग्रेटर नोएडा के दादरी में एक हैलिकॉप्टर से बाहर आए और एक उद्देश्यपूर्ण अंदाज में तेजी से चलते हुए मंच की ओर बढ़े, जहां उन्हें एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करना था। जब उन्होंने मुझे अपनी राह में खड़ा देखा तो वह तुरन्त मेरे पास आए और उन्हें अपना वह पुराना वादा याद आ गया कि वह एक विशेष बातचीत के लिए मेरे लिए समय निकालेंगे।

- **दिवंगत मुलायम सिंह, दो एक दम भिन्न व्यक्तित्व के धनी व्यक्तियों से एक साथ संबंध निभा सकते थे, जैसे अमर सिंह व आजम खान व मोहन सिंह तथा जनेश्वर मित्र एक तरफ और दूसरी तरफ किरणमोय नन्दा व जया बच्चन।**
- **उनकी एक अनूठी शख्सियत यह भी थी कि, वे अगर गल्ती कर देते या गलत निर्णय ले लेते थे तो, स्वीकार भी कर लेते थे। उदाहरण के लिये 2009 में जब कल्याण सिंह भाजपा से नाता तोड़ कर बाहर आ गये थे, तो मुलायम सिंह ने उनका स्वागत किया व हाथ मिलाया, पर उसी वर्ष जब सपा नवंबर में फिरोजाबाद से लोकसभा का चुनाव हार गयी तो, नेताजी ने स्वीकार किया कि, कल्याण सिंह से हाथ मिलाने के कारण उनका वफादार मुस्लिम वोट बैंक खिसक गया था और यह ही हार का कारण बना।**

अचानक से सब कुछ रोककर, नेताजी ने जिस नाम से जाने जाते थे, अपने काम की अत्यावश्यकता को छोड़कर और सुरक्षा कर्मियों तथा समाजवादी पार्टी के अपने कृपापात्रों से ध्यान हटाकर एक बेफ्रिक अंदाज में मुझसे प्रश्न पूछने को कहा। उनसे यह मेरा साक्षात्कार था जो झुलसाती हुई धूप और ग्रेटर नोएडा की धूल भरी व बंजर भूमि में लिया गया था और यह उस दिन की मेरी बड़ी उपलब्धि रही। लेकिन इससे भी बड़ा ज्ञान यह जानना रहा कि अपनी जन्मजात विनम्रता और सादगी की बदौलत नेताजी में शीघ्रता से संबंध प्रगाढ़ करने की अद्‌भूत क्षमता थी।

मुलायम सिंह यादव की राजनीति पर रिपोर्टिंग और विश्लेषण करने की नौकरी होने के कारण उन्हें नजदीक से देखने के कई अवसर मिले। नई दिल्ली से सपा कार्यालय में, नई दिल्ली स्थित उनके आवास, सपा के संसदीय पार्टी कार्यालय और उनकी सार्वजनिक रैलियों में। हर बार उनके चरित्र की यह खासियत दिखाई देती थी कि वे सही मायनों में जमीन से जुड़े हुए नेता थे।

ऐसा व्यक्ति जो करीब-करीब प्रधानमंत्री बनने वाला था, और तीन बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री रहा हो, उस दृष्टि से देखें तो मुलायम हमेशा जमीन से जुड़े रहे, वे एक ओर अमर सिंह और दूसरी ओर आजम खान जैसे बिल्कुल विपरीत व्यक्तित्वों से ताल्लुकात निभाने में वे अपरिहार्य रूप से व्यावहारिक रहे। वह एक ओर तो मोहन सिंह और जनेश्वर मिश्र (जिन्हें छोटे लोहिया के नाम से जाना जाता है) से तो दूसरी ओर किरनमॉय नंदा व जया बच्चन जैसे व्यक्तियों के साथ समान सहज सौहार्द्र ढंग से पटरी बैठा सकते थे।

अपने दीर्घ और विशिष्ट राजनीतिक जीवन में मुलायम धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों पर कायम रहे तथा उन्होंने पड़ोसी राज्य बिहार में लालू प्रसाद के अपने बूते पर खड़ा होने से काफी पहले एक प्रबल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तिलमिला कर पुतिन ने यूक्रेन पर अंधाधुंध मिसाइल व ड्रोन आक्रमण शुरू किया

## यूक्रेन द्वारा केर्च पुल को नष्ट कर देने से पुतिन व्यक्तिगत रूप से अपमानित महसूस कर रहे हैं

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। सेना का एक प्रचलित मुहावरा है कि अनाड़ी लोग युक्तियों और रणनीति की बात करते हैं, जबकि पेशेवर अपने सैन्य तंत्र का ख्याल रखते हैं।

लगता है कि यूक्रेन ने युद्ध में अपनी पूर्ण रणनीति में इस सबक को रट लिया है। यूक्रेन रुस के सैन्य सप्लायी रुट्स को सुनियोजित ढंग से तबाह कर अपनी धरती पर रुस के आक्रमण को लगातार असाध्य बना रहा है।

केर्च जलडकरुमध्य पर बने पुल पर हुए विस्फोट के बाद पुतिन की जो प्रतिक्रिया रही, उससे लगता है कि यह पुल उनके लिए कितना सैन्य महत्व रखता था। उन्होंने पूरे यूरोप पर अंधाधुंध हमले करने शुरु कर दिए हैं। इससे रुस के कदमों की और अधिक आलोचनाएं होने लगी हैं तथा इससे उसके अभियान की विफलता की हताशा भी नज़र आती है।

इस पुल के साथ पुतिन की व्यक्तिगत छवि का पहलू भी जुड़ा हुआ है। क्रीमिया का वर्ष 2014 में अधिग्रहण किया गया था और वर्ष 2018 में पुतिन ने केर्च जलडमरुमध्य में नव निर्मित पुल का वहां तक स्वयं

- **क्रीमिया पर कब्जा, रूस ने 2014 व 2018 में किया था तथा क्रीमिया को हथियार, सेना व अन्य सप्लायी भेजने के लिये रूस ने केर्च पुल का निर्माण किया था तथा पुतिन ने स्वयं पुल का उद्‌घाटन किया था, वे स्वयं पुल पर रूस की सेना का ट्रक ड्राइव करके ले गए थे।**
- **पर, अब इस पुल को यूक्रेन द्वारा उड़ा देने से, रूस से क्रीमिया की सप्लायी चेन तो टूटी ही है, पुतिन के मुंह पर करारा तमाचा पड़ा है।**
- **सोमवार को रूस ने 84 क्रूज़ मिसाइल्स दागीं यूक्रेन पर जिसमें कई शहरों के बिजलीघर नष्ट हुए तथा कई नागरिक मारे गये। इस मिसाइल व ड्रोन अटैक में रूस की छटपटाहट साफ नजर आयी।**
- **सुनियोजित तरीके से यूक्रेन लगातार एक के बाद एक रूस की सप्लायी लाईन को जोड़ने वाले पुल आदि नष्ट करता जा रहा है। यह अपमान रूस की बर्दाश्त के बाहर है।**

ट्रक चलाकर उद्‌घाटन किया था। अब इस पुल पर हुआ विस्फोट उनकी निरंतर कमजोरी को दर्शा रहा है।

क्रीमिया का लैण्ड सप्लायी सैन्टर्स से सम्पर्क जोड़ने वाले केर्च ब्रिज का विनाश यद्यपि आंशिक रहा, लेकिन इसने यूक्रेन में रुस की महत्वाकांक्षाओं को फीका कर दिया है। यह रुस की सरकार के समक्ष यह विकल्प प्रस्तुत करता है कि या तो वह क्रीमिया में नाममात्र की उपस्थिति बनाकर क्रीमिया छोड़ दे या यहां के अग्रिम मोर्चे पर अपने सैन्य संसाधन धीरे-धीरे बढ़ाकर जहां अपनी पूर्ण उपस्थिति दर्ज करा ले।

यूक्रेन ने खेरसोन क्षेत्र के दक्षिण में और डाइनर नदी के पश्चिमी हिस्से के साथ ही हर कहीं सैन्य सप्लायी लाइन्स को तबाह किया है और अब खेरसोन क्षेत्र तक यूक्रेन के आक्रमण की संभावना है।

विश्लेषक मेलिटोपोल स्थित एक छोटे पुल का उल्लेख कर रहे हैं क्योंकि यह अब क्रीमिया सहित पूरे दक्षिणी क्षेत्र में एकमात्र सप्लाई हब होने के कारण महत्वपूर्ण बन गया है।

यूक्रेन ने इससे पहले इजीयम के पूर्व में बने एक पुल पर प्रहार किया था जिसके कारण रुस की सेना को खारकीव से वापस जाना पड़ा था। खारकीव में रुसियों का जल्दबाजी में पीछा हटना स्थिति में एक और बड़ा बदलाव है तथा दुनिया रुस की सैन्य छवि में हुए नुकसान को दर्शाता है।

फिर, यूक्रेन की सेना ने लाइमन क्षेत्र को निशाना बनाया, जो कि डोनेट्स्क लुहान्स्क क्षेत्रों के लिए सामरिक महत्व रखता है। इन क्षेत्रों के निवासी रुस के पहले से समर्थक रहे हैं। इसके बाद कर्च ब्रिज को आंशिक रुप से नुकसान पहुंचाया गया।

स्वाभाविक है कि हताशा में पुतिन ने अब यूक्रेन पर भारी बमबारी करने, जिसमें नागरिक ठिकाने भी शामिल हैं, का आदेश दिया है। इससे नागरिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आई.ओ.ए. का संविधान

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को अपने पूर्व जज एल. नागेश्वर राव से कहा कि वे इंडियन ऑलम्पिक एसोसिएशन के नये संविधान को जल्दी तैयार करें। अदालत ने कहा कि इसमें प्रशासकीय सुधारों में किये गये संशोधन शामिल किये जायें तथा यह नया संविधान इन्टरनेशनल ऑलम्पिक कमेटी चार्टर के अनुरूप होना चाहिये तथा इसके निर्माण में,

- **सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व जज जस्टिस एल. नागेश्वर राव से कहा है कि, आई.ओ.ए. (इण्डियन ओलंपिक एसोसिएशन) का नया संविधान बनाने में तेजी लाई जाए क्योंकि दिसम्बर में राष्ट्रीय खेल होने जा रहे हैं।**

दिसम्बर में होने वाले नैशनल गेम्स को भी ध्यान में रखा जाना चाहिये।

न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड़ तथा हिमा कोहली से मिलकर बनी बैंच ने कहा कि इस संविधान में शेल निकायों के चुनाव कराने के लिये आई.ओ.सी. की अपेक्षाएं तथा शर्तें भी पूरी होनी चाहिए, जो दिसम्बर में संभावित हैं।

एडवोकेट राहुल मेहरा, जिन्होंने उन पी.आई.एल. की पहल की थी,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पटाखों पर प्रतिबंध पर सुप्रीम कोर्ट ने सहमति की सील लगायी

## तमिलनाडू के शहर शिवकाशी में गमगीन चुप्पी छायी

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। तमिलनाडु के शिवकाशी नगर को साँस भी मुश्किल से आ रही है और सोमवार के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से इस “लघु जापान” की हाल और ज्यादा खराब हो जायेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को पटाखे बेचने तथा चलाने पर लगाई गई रोक को हटाने से इंकार कर दिया। देश का यह पटाखा-निर्माण केन्द्र (शिवकाशी) अपने अस्तित्व को किसी तरह बचाये रखने के लिये हाथ-पैर मार रहा है।

जब से पर्यावरणविदों ने कानून के रास्ते शिवकाशी पर निशाना साधा था। तथा दिल्ली की सर्दियों के कोहरे, स्मॉग तथा पटाखों के कारण, अदालतों के जरिये, पटाखों की खरीद तथा चलाने पर रोक लगवाई है, उन हजारों लोगों का भविष्य संकट में आ गया है जो पटाखा उद्योग पर ही निर्भर हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली सरकार के उस आदेश को दोहराया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर पाबंदी लगाई गई है तथा कहा, “हम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर लगाये गई रोक को नहीं हटायेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, “हमारा आदेश बिल्कुल स्पष्ट है।”

- **जैसा कि विदित ही है, शिवकाशी में 4000 छोटी, बड़ी फैक्टरियां हैं, जहां देश भर के लिए पटाखे बनाये जाते हैं, इन फैक्टरियों में आठ लाख कर्मचारी काम करते हैं, जिनमें से आधे तो अपना रोजगार खो चुके हैं और अब सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद बाकी कर्मचारी भी बेरोजगार हो जायेंगे।**
- **पटाखा निर्माता संघ ने कहा कि, आई.आई.टी. कानपुर द्वारा किए गए एक सर्वे व रिसर्च के अनुसार, प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों में पटाखे छोड़ना 26 वें नम्बर पर आता है, पर प्रदूषण विरोधी पटाखा निर्माण को एक कमजोर वर्ग का काम मानकर, “सॉफ्ट टारगैट” बना कर न्यायालयों से बेवजह प्रतिबंध लगवा रहे हैं।**

अदालत ने भाजपा सांसद मनोज तिवारी की उस याचिका की सुनवाई के दौरान, दिल्ली एन.सी.आर. में बढ़ते प्रदूषण स्तर पर चिन्ता जताई। तिवारी ने दिल्ली के सरकार के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें त्योहारी सीजन में पटाखों की बिक्री, खरीद तथा उन्हें काम में लेने पर व्यापक रोक लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, “राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर लगी रोक से संबंधित हमारा आदेश बिल्कुल स्पष्ट है। हम पटाखों की अनुमति भला कैसे दे सकते हैं, भले ही वे “ग्रीन क्रैकर्स” ही क्यों न हों। क्या आपने दिल्ली का प्रदूषण देखा है?”

अब, इस फैसले के साथ ही, यह बिल्कुल साफ हो गया है कि दिवाली, छठ पूजा, गुरु नानक जयन्ती तथा नये साल के अवसर पर, दिल्ली में पटाखों पर लगा प्रतिबंध जारी रहेगा।

अब सर्वोच्च न्यायालय के ये निर्देश एक के बाद एक अन्य राज्यों एवं शहरों में इसी प्रकार की कार्यवाही के लिये प्रभाव डालते जायेंगे। इसके परिणामस्वरूप, शिवकाशी पटाखा उद्योग एक वर्ष और अंधकार में रहेगा। यह उद्योग पिछले कुछ वर्षों से ऐसे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आर.सी.ए. चुनाव

जयपुर, 10 अक्टूबर (का.सं.)। राजस्थान हाइकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ की ओर से आर.सी.ए. चुनाव पर लगाई गई रोक को हटाने से इन्कार करते हुए कहा है कि याचिकाकर्ता अपनी आपत्तियां एकल

- **राजस्थान हाई कोर्ट की डिविज़न बैंच ने आर.सी.ए. चुनावों पर लगी रोक हटाने से इंकार कर दिया तथा कहा कि इस मामले में सिंगल बैंच में ही आपत्तियां रखी जाएं।**

पीठ के समक्ष रखे। इसके साथ ही अदालत ने अपील पर सुनवाई अगले सप्ताह के बाद रखी है। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस वीके भारवानी की खंड पीठ ने यह आदेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटा में सचिन पायलट को देखने भारी जनसमर्थन उमड़ा

## रेलवे स्टेशन पर “पायलट आई लव यू” के नारे लगे

कोटा, 10 अक्टूबर (निसं)। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट सोमवार को हाड़ौती दौरे पर रहे। वे रेल मार्ग से जयपुर से दोपहर 2.45 बजे कोटा पहुंचे और फिर सीधे स्टेशन से ही झालावाड़ के लिए रवाना हो गए। कोटा स्टेशन से लेकर झालावाड़ तक करीब दो दर्जन नेताओं ने कई जगह उनका स्वागत किया।

पायलट के हाड़ौती से सभी करीबी नेता अपने समर्थकों के साथ कोटा पहुंच गए थे। यह एक तरह से पायलट का शक्ति प्रदर्शन था जिसके जरिए उन्होंने गहलोत गुट और बीजेपी को उसके गढ़ हाड़ौती में चुनौती दी है और उसमें वह सफल होते हुए भी नजर आए। हालांकि हाड़ौती के 7 कांग्रेस विधायकों ने उनसे दूरी बनाए रखी। हाड़ौती के कांग्रेस विधायक इस कार्यक्रम में नहीं आए हैं जिनमें तीन मंत्री भी शामिल हैं। इनसे पायलट की दूरी पहले से ही जग जाहिर है। लेकिन इनके दूरी बनाने के बावजूद पायलट के समर्थन में भारी जनसैलाब उमड़ा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

पायलट की एक झलक पाने के लिए कार्यकर्ता उमड़ पड़े। इस दौरान धक्का-मुक्की जैसा माहौल भी हो गया जिससे कुछ कार्यकर्ताओं के चोट भी आई।

कार्यकर्ताओं के उत्साह के आगे पुलिस को बंदोबस्त करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। कांग्रेस कार्यकर्ता ही नहीं, रेलवे स्टेशन पर आमजन भी उनकी एक झलक पाने के लिए उत्साहित नजर आया। कोटा से

- **ट्रेन में सफर के दौरान भी लोगों में उनके साथ फोटो खिंचवाने का क्रेज़ नजर आया।**

रवाना होने के बाद झालावाड़ तक एक बड़ा काफिला पायलट के साथ कोटा से झालावाड़ के लिए रवाना हुआ।

कोटा में सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने के साथ ही ‘पायलट आई लव यू’ के नारे रेलवे स्टेशन पर लगाए गए। स्टेशन से लेकर झालावाड़ तक कांग्रेस देहात संगठन की ओर से पूरी तैयारी की गई थी लेकिन शहर का संगठन इसमें शामिल नहीं हुआ। देहात अध्यक्ष सरोज मीणा ने कार्यकर्ताओं से स्टेशन पहुंचने का आव्हान किया था, जिस पर कई कार्यकर्ता वहां पहुंचे। इसके अलावा राखी गौतम, क्रांति तिवारी, शिवराज गुंजल, राम कुमार दाधीच, पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के सदस्य कुंदन यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आबिद कागजी, बूंदी के पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, नरेश मीणा और मंजूर तंवर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पायलट का स्टेशन पर स्वागत किया।

लाडपुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू के नेतृत्व में जेडीबी कॉलेज के नजदीक उनका स्वागत किया गया। पायलट समर्थक गुटों ने कोटा शहर स्टेशन से लेकर झालावाड़ तक पोस्टर बैनर से शहर को रंग दिया।

कोटा में स्वागत के दौरान पायलट के साथ फोटो खिंचवाने वालों की भीड़ जुटी रही। इसके अलावा वे जब ट्रेन में थे, तब भी जयपुर से लेकर कोटा तक सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके साथ ही ट्रेन में भी पायलट कई लोगों से मिले। उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए लोग उत्सुक दिखे।कोटा पहुंचने पर स्टेशन इलाके में जाम जैसे हालात बने रहे। हाल ये रहा कि कुछ नेता ऐसे थे जो कोटा की जगह सवाई माधोपुर पहुंच गए और ट्रेन में ही सवार हो गए। इसके बाद उन्होंने ट्रेन में ही सचिन पायलट से मुलाकात की।

हमने मेहनत और संघर्ष किया था:- कोटा स्टेशन पर मीडिया से बातचीत करते हुए पायलट ने कहा कि हम कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण सत्ता में आए हैं। उस समय मैं पीसीसी का चीफ था और हमने संघर्ष किया था। हमने हाड़ौती क्षेत्र में किसान और गरीबों के लिए संघर्ष किया है। पायलट ने कहा कि हम सबका सामूहिक दायित्व है कि हम आम जनता कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान व नौजवान की उम्मीदों पर खरा उतरें। उस दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं। हम सबका ध्येय है कि 2023 में दोबारा कांग्रेस की सरकार बने।

इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताने के साथ ही कहा कि “मुलायम सिंह ने अपने पूरे जीवन में जनता के लिए काम किया। उन्होंने गरीब, किसान और पिछड़ों की बात को उठाया। उनके जाने से हम सब को क्षति पहुंची है। मैं कामना करता हूं कि भगवान उनकी आत्मा को शांति दे और उनके परिजनों को संबल प्रदान करे।”

# चैक बाउन्स

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर अगर किसी व्यक्ति द्वारा जारी चैक बाउन्स हो जाता है तो उसके अन्य बैंक खातों से पैसा निकाला जा सकता है और उसे नए बैंक खाते खोलने से भी रोका जा सकता है। सरकार चैक बाउन्स के संबंध में इस तरह के नए नियम बनाने पर विचार कर रही

- **चैक बाउन्स हुआ तो व्यक्ति के अन्य खातों से पैसा निकालने और उसे नया खाता खोलने पर रोक लगाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है केन्द्र सरकार।**

है। वित्त मंत्रालय द्वारा हाल ही में आयोजित एक मीटिंग में इस बारे में विचार हुआ कि चैक प्राप्त कर्ता अनादरित चैक पर कोई कानूनी कार्यवाही करे इससे पहले ही क्या कदम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**विचित्र बात है कि सुख की अभिलाषा मेरे दुःख का एक अंश है। –खलील जिब्रान**

# राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा के मायने

2014 के लोकसभा चुनाव के बाद जब से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से कांग्रेस की स्थिति निरंतर खराब होती गई है। इसका एक प्रमुख कारण कांग्रेस में प्रभावशाली एवं स्थाई नेतृत्व का न होना रहा है। एक बार राहुल गांधी अध्यक्ष बने भी, किंतु उसके कुछ ही समय बाद विधानसभा चुनाव में हार के पश्चात अध्यक्ष पद छोड़ दिया। सोनिया गांधी, तब से कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम कर रही हैं। वर्तमान में कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है जो 19 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगी और संभवतया कांग्रेस को कोई नया स्थाई अध्यक्ष मिल जाएगा।

इस पूरी अवधि में प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेतागण कांग्रेस मुक्त भारत की बात करते रहे हैं उनको ऐसा कहने का अवसर भी कांग्रेस के नेताओं ने ही दिया है जिन्होंने कई विवादास्पद बयान दिए एवं ऐसा लगा कि कांग्रेस में नेतृत्व की कमी है। कोई भी ऐसा नहीं है जो कांग्रेस पार्टी में उत्साह का संचार कर सके। कुछ क्षेत्रीय दल अवश्य अपने-अपने राज्यों में प्रभावी रूप से उभर कर सामने आए हैं, जैसे– दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी, उड़ीसा में बीजू जनता दल, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, तेलंगाना में टीआरएस (अब इसका नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति कर दिया गया है) आदि। ऐसा लगने लगा था कि जैसे कांग्रेस प्रमुख विपक्षी राष्ट्रीय दल की भूमिका प्रभावी रूप से निभाने में असमर्थ होती जा रही है।

ऐसी परिस्थितियों में जब कांग्रेस की लोकप्रियता निम्नतम स्तर पर पहुंच चुकी थी एवं इसके कई प्रमुख नेता धीरे-धीरे भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य दलों में शामिल हो गए, भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ हुई है। अब जरा देखें कि इस यात्रा के देश और कांग्रेस के लिए मायने क्या हैं?

7 सितंबर, 2022 से राहुल गांधी ने भारत जोडो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक की प्रारंभ की है। यह पद यात्रा 3500 किलोमीटर की है, जिसे 150 दिनों में पूरा किया जायगा और यह 12 राज्यों से होकर गुजरेगी। अब तक एक माह से अधिक समय में लगभग 700 किलोमीटर की यात्रा हो चुकी है। राहुल गांधी प्रतिदिन लगभग 20 से 25 किलोमीटर पैदल चलते हैं। उनके साथ अलग-अलग स्थानों पर स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। वे जनसभा को संबोधित करते हैं।

इस यात्रा में कई बातें पहली बार देखने को मिल रही हैं। लोग, जिनमें युवा, महिलाएँ, बच्चे भी सम्मिलित हैं, स्वयं -स्फूर्त इसमें जुड़ रहे हैं। यह दृश्य उन सब रैलियों के दृश्यों से अलग है जहां हजारों की संख्या में लोगों को ट्रकों और बसों में भर कर लाया जाता है जिनमे अधिकांश तो विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी और नरेगा श्रमिक होते हैं।

इस यात्रा को अनेक स्वैच्छिक संगठनों का समर्थन प्राप्त है। 7 अक्टूबर को सोनिया गांधी भी इस यात्रा में शामिल हुईं। ऐसी संभावना है कि इस यात्रा से कांग्रेस में उत्साह का संचार होगा, जिसकी इस समय अत्यधिक आवश्यकता है। यात्रा के प्रारंभ होते ही भारतीय जनता पार्टी ने इसका मजाक बनाना प्रारंभ किया एवं राहुल गांधी के टी- शर्ट तक पर टिप्पणियां कीं। इसे भारत जोडो के बजाय कांग्रेस और परिवार जोडो यात्रा बता कर इसका मज़ाक बनाया गया।

यह बात सही है कि इस यात्रा का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं जैसे– महँगाई, बेरोज़गारी और विभाजित करने वाली ताकतों की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करना है। यात्रा वैसे तो राजनीतिक नहीं है, किंतु जब राजनीतिक दल के प्रमुख नेता इसका नेतृत्व कर रहे हैं तो फिर इसे राजनीतिक कहने में किसी को कोई संकोच नहीं होना चाहिए। केरल के बाद यात्रा ने कर्नाटक में प्रवेश किया तो लोगों को शंका थी कि कर्नाटक में इसको समर्थन नहीं मिलेगा एवं इसका विरोध भी होगा, क्योंकि वहां भाजपा की सरकार है। किंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ और यात्रा यथावत जारी है।

इस यात्रा के कुछ महत्त्वपूर्ण दृश्यों और घटनाओं का उल्लेख करना उपयुक्त होगा।

कर्नाटक में एक स्थान पर तेज वर्षा के बीच राहुल गांधी के निरंतर जनता को संबोधित करने का दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। राहुल गांधी तेज बारिश के बीच हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते रहे। लोग अपनी कुर्सियों को उल्टा करके बारिश से अपने आप को बचाते हुए दिखाई दिए, किंतु वे लगातार भाषण सुनते रहे। यह उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में अधिकांश जनता कन्नड़ भाषी है एवं उन्हें राहुल गांधी की भाषा समझ में नहीं आ रही होगी, हालांकि उनके भाषण का कन्नड़ में अनुवाद भी साथ-साथ किया जा रहा था।

**कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा साम्प्रदायिक वैमनस्य और हिंसा के विरुद्ध सदभावना, भाइचारे का वातावरण बनाने के साथ ही आम जन की असली समस्याओं जैसे– गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई की ओर देश का ध्यान आकर्षित करने में सफल रही है।**

यात्रा में यह देखा गया कि उनके साथ चल रही एक छोटी बालिका के जूते का फीता खुलने पर राहुल गांधी ने बड़ी सहजतापूर्वक स्वयं उसके फीते को बांधा। इसी प्रकार सोनिया गांधी के जूते के फीते को बांधने का वीडियो बहुत वायरल हुआ है। ये दृश्य राहुल गांधी को एक संवेदनशील व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं एवं साथ ही साधारण जनता से जुड़ाव मजबूत हो रहा है।

राहुल गांधी की भारत यात्रा जिसे प्रारंभ में भारतीय जनता पार्टी ने बहुत हल्के में लिया था अब उसका प्रभाव भारतीय जनता पार्टी पर भी होने लगा है उनके नेता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख भी अपने भाषणों में सांप्रदायिक सद्भाव की बात करने लगे हैं। इस यात्रा के प्रारंभ होने के पश्चात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मस्जिदों में जाकर मुस्लिम नेताओं से चर्चा की। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ही महासचिव हौसबोले ने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि बेरोजगारी और महंगाई की समस्या वास्तव में विकट है और इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इस भारत जोड़ो यात्रा के कारण राहुल गांधी को भाजपा द्वारा दिए गए 'पप्पू' जैसे विशेषण स्वतः खारिज हो गए हैं।

राहुल गांधी जो बात कह रहे हैं, वही देश का सामान्य नागरिक भी अनुभव कर रहा है। जब लोग अपने मन की बात किसी नेता के मुंह से निरंतर सुनते हैं तो उससे उनका जुड़ाव होना स्वाभाविक है। यह प्रधानमंत्री की वक्तृत्व कला का प्रभाव है कि उनकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं दिखाई देती है। बेरोजगारी एवं महंगाई में काफी बढ़ोतरी हुई एवं जनता कई प्रकार की समस्याओं से त्रस्त है। वहीं पर राष्ट्रीय गौरव की बात करके एवं अन्य महत्वहीन मुद्दों को सामने लाकर, इन मूल समस्याओं से ध्यान भटकाने में सत्ताधारी दल अब तक सफल रहा है।

भारत जोड़ो यात्रा अब तक सामान्य नागरिक के दिलों को छूने में सफल रही, ऐसा लगता है। यदि अन्य दलों के नेता भी इस यात्रा के महत्व को समझें तो देश के लिए अधिक उपयुक्त होगा। काँग्रेस का अध्यक्ष कोई भी बन जाए, यह निर्विवाद है कि काँग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी ही रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी का अब तक निरंतर यह प्रयास रहा है कि प्रत्येक चुनाव को मोदी बनाम राहुल गांधी का बना दिया जाय। ऐसा करके वे हमेशा लाभ में भी रहे हैं।

भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी यह सावधानी अब तक बरत रहे हैं कि वह सीधे मोदी पर व्यक्तिगत आक्रमण करने के स्थान पर मुद्दों की बात कर रहे हैं, और विशेष रूप से उन मुद्दों की, जिनसे देश का युवा, गरीब, किसान एवं महिलाएं त्रस्त हैं। यदि पूरी यात्रा में वे इसी प्रकार की सावधानी बरतने में सफल रहते हैं और केवल पूरे देश के एक जुटता की बात करते हैं, तो निश्चित रूप से आगामी विधानसभा चुनाव एवं बाद में 2024 के लोकसभा चुनाव में काँग्रेस को इससे लाभ भी मिल सकता है। हालांकि ऐसा कुछ भी कहना अभी जल्दबाजी होगी। यदि इसी प्रकार का माहौल भारत जोड़ो यात्रा के प्रति बना रहा और यह यात्रा अपनी पूरी अवधि पूरा करती है तो काँग्रेस के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय दल की भूमिका अधिक सुदृढ़ हो जाएगी। अब तक तो यहां तक स्थिति बन चुकी थी कि कुछ क्षेत्रीय दलों के नेता, राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में अपनी महत्वाकांक्षा न केवल रखने लगे थे अपितु उन्हें सार्वजनिक भी करते रहे, चाहे वह ममता बनर्जी हों या केसीआर या फिर नीतीश कुमार।

इस भारत जोड़ो यात्रा के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि क्या काँग्रेस सभी विपक्षी दलों के बीच प्रमुख समन्वयक के रुप में कर पाएगी? उसे अन्य दलों के साथ समझौता न करने की नीति को लचीला बनाना होगा एवं एक सशक्त संगठित विपक्ष के रूप में आगामी चुनाव में चुनौती प्रस्तुत करनी होगी।

यह सही है कि भारतीय जनता पार्टी जैसा मजबूत संगठन, धरातल के स्तर पर काँग्रेस के पास नहीं है। इस यात्रा के पश्चात यह संभावना है कि कई पुराने काँग्रेसी जो स्वयं को उपेक्षित महसूस करने लग गए थे, वे अब राहुल गांधी में एक प्रभावी नेता की छवि देखना प्रारंभ करें एवं पुनः सक्रिय हो जायें।

यह देखना दिलचस्प होगा कि इस यात्रा को भारतीय जनता पार्टी किस प्रकार से हाशिए पर रख सकती है एवं किस प्रकार काँग्रेस पार्टी समाचारों में प्रमुखता के साथ देश के सम्मुख प्रस्तुत करती है? आजकल सोशल मीडिया भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राहुल गांधी के जो वीडियो प्रसारित हो रहे हैं, उनसे राहुल गाँधी की छवि एक सरल, सहज, सम्वेदनशील, आम व्यक्ति से भावनात्मक सम्बंध जोड़ने वाले व्यक्ति के रूप में उभर कर सामने आई है। इसका असली प्रभाव तो गुजरात और हिमाचल के आने वाले चुनाव परिणाम ही बताएंगे। जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी में अध्यक्ष कोई भी हो, नेता नरेंद्र मोदी ही रहेंगे, उसी प्रकार काँग्रेस अध्यक्ष कोई भी हो, प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में काँग्रेस की ओर से राहुल गांधी ही देश के समक्ष विकल्प के रूप में रहेंगे।

काँग्रेस को आगामी एक वर्ष तक, प्रत्येक कदम पूरी सावधानी पूर्वक उठाना होगा और अपनी आंतरिक समस्याओं और झगड़ों से मुक्ति पानी होगी। जो स्थिति राजस्थान में फिलहाल बन रही है, वह तो इस प्रकार का संकेत देती है कि अब राष्ट्रीय नेतृत्व राज्यों के विभिन्न गुटों को एक साथ रखने में समर्थ नहीं हो पा रहा है। यदि ऐसी ही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो, भारत जोड़ो यात्रा का कोई चुनावी लाभ काँग्रेस को नहीं मिलेगा।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा साम्प्रदायिक वैमनस्य और हिंसा के विरुद्ध सद्भावना, भाइचारे का वातावरण बनाने के साथ ही आम जन की असली समस्याओं जैसे– गरीबी, बेरोजगारी और महँगाई की ओर देश का ध्यान आकर्षित करने में सफल रही है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# गांधी जी की वैचारिक विरासत

"मैं ऐसे भारत के लिए कोशिश करूंगा जिसमें गरीब से गरीब लोग भी यह महसूस करेंगे कि वह उनका देश है- जिसके निर्माण में उनकी आवाज का महत्व है। मैं ऐसे भारत के लिए कोशिश करूंगा, जिसमें ऊंचे और नीचे वर्गों का भेद नहीं होगा और जिसमें विविध संप्रदायों में पूरा मेलजोल होगा। उसमें स्त्रियों को वही अधिकार होंगे,जो पुरुषों को। चूंकि शेष सारी दुनिया के साथ हमारा संबंध शांति का होगा यानी न तो हम किसी का शोषण करेंगे और न किसी के द्वारा अपना शोषण होने देंगे, इसलिए हमारी सेना छोटी से छोटी होगी। ऐसे सब हितों का जिनका करोड़ों मूक लोगों के हितों से कोई विरोध नहीं है, पूरा सम्मान किया जाएगा, फिर वे देशी हो या विदेशी। अपने लिए तो मैं यह भी कह सकता हूं कि मैं देसी और विदेशी के फर्क से नफरत करता हूँ। यह है मेरे सपनों का भारत।... इससे भिन्न किसी चीज से मुझे संतोष नहीं होगा...."

"मेरे...सपनों के स्वराज में जाति (रेस) या धर्म के भेदों को कोई स्थान नहीं हो सकता। उस पर शिक्षितों या धनवानों का आधिपत्य नहीं होगा। सब की गिनती में किसान तो आते ही हैं किंतु लूले, लंगड़े, अंधे और भूख से मरने वाले लाखों-करोड़ों मेहनतकश मजदूर भी अवश्य आते हैं।....कुछ लोग ऐसा कहते हैं कि भारतीय स्वराज्य तो ज्यादा संख्या वाले समाज का यानी हिंदुओं का ही राज्य होगा। इस मान्यता से ज्यादा बड़ी कोई दूसरी गलती नहीं हो सकती। अगर यह सही सिद्ध हो तो अपने लिए तो मैं ऐसा कह सकता हूं कि मैं उसे स्वराज मानने से इंकार कर दूंगा और अपनी सारी शक्ति लगाकर उसका विरोध करूंगा। मेरे लिए हिंद स्वराज का अर्थ सब लोगों का राज्य है, न्याय का राज्य है।" यह है गांधी के सपनों का भारत, गांधी का आइडिया ऑफ इंडिया।

गांधी जी के पिता श्री करमचंद गांधी काठियावाड़ की रियासत के दीवान थे। 10वीं क्लास तक गांधी जी की शिक्षा पोरबंदर में हुई। उसके बाद कानून की पढ़ाई के लिए उन्हें इंग्लैंड भेज दिया। 1891 में गाँधी बैरिस्टर बनकर इंडिया लौट आये, लेकिन वकालत में यहां उन्हें कोई विशेष सफलता नहीं मिली। अंततः दादा अब्दुल्ला एंड कंपनी नामक व्यापारिक संस्था में दक्षिण अफ्रीका के लिए कानूनी कार्य की देखरेख के लिए गांधीजी दक्षिण अफ्रीका के डरबन शहर चले गए। दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी सन 1914 तक रहे। 1915 में इंडिया लोटे।

अफ्रीका की गोरी सरकार की रंगभेद की नीति का इन्हें निजी एहसास हुआ। अन्याय, अत्याचार और दमन के विरुद्ध अहिंसक सत्याग्रह आंदोलनों का संचालन किया। दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान ही गांधीजी ने इंडियन ओपिनियन नामक प्रसिद्ध पत्र का प्रकाशन शुरू किया। दक्षिण अफ्रीका में ही गांधीजी ने 1909 में अपनी प्रसिद्ध रचना हिन्द स्वराज की रचना की।



डॉ.रमेश बैरवा

1915 में भारत लौटने के बाद गाँधीजी ने अहमदाबाद की सावरमती नदी के किनारे प्रसिद्ध साबरमती आश्रम की स्थापना की। आज़ादी के आंदोलन के दौरान यह आश्रम सत्याग्रहियों के लिए शरण एवं प्रशिक्षण स्थल बना। गांधी ने भारत की आज़ादी के आंदोलन को नेतृत्व प्रदान किया। जेल भी गए। आज़ादी मिलने के बाद गांधी कांग्रेस के स्थान पर लोक सेवक संघ का गठन चाहते थे। प्रार्थना सभा में जाते वक्त 30 जनवरी,1948 को नाथूराम गोडसे नामक सांप्रदायिक,हिन्दू कट्टरपंथी ने गोलियां दागकर गांधी जी की जान ले ली। गांधी जी की मृत्यु के समय महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आईंस्टीन ने कहा था कि "आगे आने वाली पीढियां शायद ही विश्वास कर सकेंगी कि उन जैसे हाड़-मांस का पुतला कभी इस भूमि पर पैदा हुआ था।"

बौद्ध धर्म के शांति एवं अहिंसा, इस्लाम धर्म के भाईचारे, श्रीमद्भगवत

**■ "मेरे...सपनों के स्वराज में जाति या धर्म के भेदों को कोई स्थान नहीं हो सकता"**

गीता, रामायण के अलावा गाँधीजी पर लियो टॉलस्टॉय की द किंगडम ऑफ गॉड इज विदिन यू अर्थात स्वर्ग तुम्हारे भीतर है एवं वार एंड पीस, हेनरी डेविड थोरो की रचना ऑन द ड्यूटी ऑफ सिविल डिसओबेडेन्स,जॉन रस्किन की अनटू दिस लास्ट, जिसका अनुवाद गांधी जी ने सर्वोदय के नाम से गुजराती में किया था, से प्रमुख रूप से प्रभावित। गांधी जी की रचनाओं में 1909 में लिखित हिन्द स्वराज, सत्य के साथ मेरे प्रयोग नाम से आत्मकथा, सर्वोदय एवं दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास नाम से प्रमुख रचनाएं हैं।

गांधीजी एक ऐसी दुनिया चाहते थे जिसमें अन्याय एवं असमानता नहीं हो। जुल्म व ज्यादती नहीं हो। हिंसा नहीं हो। युद्ध नहीं हो। हथियारों की होड़ नहीं हो। शांति एवं सद्भाव हो। सही मायने में "वसुधैव कुटुंबकम की भावना हो। दूसरे देशों के प्रति नफरत नहीं हो अर्थात संकीर्ण राष्ट्रवाद नहीं हो। प्रकृति संतुलन बना रहे। गांव व गरीब का विकास हो। श्रम की गरिमा हो। शिक्षा का मकसद सिर्फ केरियर निर्माण ही नहीं बल्कि चरित्र का निर्माण करना भी हो। राजनीति का मकसद जनसेवा हो। राजनीति में नैतिकता हो। भ्रष्टाचार व व्यभचार नहीं हो। राजनीति में धनबल व बाहुबल नहीं हो।

देखा जाए तो गांधीजी की वैचारिक विरासत आज खतरे में है, जिसकी सबसे बड़ी वजह है कारपोरेट परस्त अर्थनीति एवं विभाजन की साम्प्रदायिक राजनीति का वैचारिक गठबंधन। साथ ही बढ़ती हिंसा, बढ़ती पूंजीवादी लूट, सांप्रदायिकता एवं संकीर्ण राष्ट्रवाद, संविधान एवं लोकतंत्र पर बढ़ते हमले, पर्यावरण असंतुलन एवं तेजी से बढ़ता नैतिक पतन विशेषकर राजनीति में तेजी से बढ़ता धनबल, अपराधीकरण, दलबदल एवं भ्रष्टाचार गांधी जी के सहिष्णु व समावेशी भारत के आइडिया ऑफ इण्डिया के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। यह भी गौरतलब है कि सादगी, सहजता एवं शांतिपूर्ण जीवन की गांधीवादी जीवन शैली असल में देश के शैक्षणिक परिसरों में तो दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जे एन यू में ही ज्यादा नजर आती है। यह अलग बात है कि जे एन यू की छात्र राजनीति वैचारिक तौर पर बड़े स्तर पर मार्क्सवादी विचारधारा से ओतप्रेत है, अर्थात व्यक्तिगत जिंदगी में गांधी की सादगी और विचारधारा में वामपंथ! खैर, आज जरूरत है गांधी की वैचारिक विरासत को बचाने की।

**डॉ.रमेश बैरवा,**
**विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान कला महाविद्यालय, अलवर**

# लगातार हो रही बारिश से कच्चा मकान गिरा



**मकान गिरने के बाद मलबे में दबा सामान।**

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के मौहल्ला बडाबास में एक दो मंजिला खंडर भवन पिछले दो दिन से हो रही बारिस के चलते भर-भराकर गिर गया। उल्लेखनीय है कि मौहल्लेवासियों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर भवन को गिराने की मांग की गई थी। जिस पर एसडीएम ने नगर परिषद् को तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे।

तुलसीराम दर्जी ने बताया कि स्थानीय नागरिकों द्वारा पूर्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उक्त भवन को गिराने की मांग की गई थी। उक्त भवन में कोई भी व्यक्ति निवास नहीं करता है एवं भवन को बजाज वालों की हवेली के नाम से जाना जाता है जो कभी भी गिर सकती है। इस पर एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वर्ष 2021 में तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे। लेकिन नगर परिषद् द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं दो दिन से लगातार हो रही बारिस के चलते सोमवार को उक्त भवन गिर गया। जिससे भवन के पास स्थित दिनेश कुमार सैनी की मोटरसाइकिल भवन के मलबे में दब गई एवं मकान में भवन का मलबा घुस गया।

# एडवोकेट ने पौने चार लाख रूपये लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुड़ामालानी के सब्जी मंडी में सब्जी लेने आए ग्राहकों की भीड़ भाड़ के चलते एक व्यापारी के पैसों कि थैली कोई दुसरा सब्जी समझकर घर ले गया। बाद में वापस सब्जी मंडी पहुंचकर थैली वापस व्यापारी को सुपुर्द की गई।

सोमवार सुबह सब्जी मंडी मैं सब्जी लेने आए ग्राहकों की भीड़ भाड के दौरान कृषि मंडी व्यापारी अभय कुमार सिंधवी सब्जी खरीदने दुकान पर गए थे । इस दौरान उनके पास तीन लाख सत्तर हजार रुपए प्लास्टिक की थैली में रखे हुए थे। व्यापारी ने पैसों कि थैली सब्जी पर रख दी । पास में खडे सब्जी लेने आए एडवोकेट भभुतसिंह भाटी निवासी तेजमालता जैसलमेर जो एक जैसी थैलीया होने के कारण पैसों कि थैली साथ लेकर अपने घर चले गए । कुछ घण्टों बाद एडवोकेट भभुतसिह भाटी सब्जी दुकानदार सरुपचद आचार्य से पास आकर उन्होंने पैसे की थैली कि बात कि ओर व्यापारी से सम्पर्क कर इमानदारी का परिचय देते हुए उनको तीन लाख सत्तर हजार रुपए वापस सुपुर्द किया । एडवोकेट की ईमानदारी को देखते हुए उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी, थाना प्रभारी रमेश ढाका, व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन के द्वारा साफा पहनाकर स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान ठाकुर हेमंत सिंह राठौड़, पारसमल मालू,मिश्रीमल राजपुरोहित, पूनमाराम विश्नोई, डालूराम चौधरी, मोहनलाल विश्नोई, रोशनलाल चौधरी, रामजीवन विश्नोई, चिमनसिंह चौधरी, राजेश जाती, पप्पूराम सहित कृषि मंडी व्यापारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**एडवोकेट भभूतसिंह भाटी ने तीन लाख सत्तर हजार रूपये लौटाये।**

## हिन्द केसरी कुश्ती दंगल 9 दिसम्बर से

**भरतपुर** (निस)। 51वां हिन्द केसरी पुरूष, 5 वां महिला हिन्द केसरी व राष्ट्रीय चेम्पियनशिप कुश्ती प्रतियोगिता 9-10-11 दिसम्बर को हैदराबाद में कराने का निर्णय भारतीय कुश्ती संघ की राष्ट्रीय मीटिंग बहादुर गढ़ हरियाणा में लिया। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष नफे सिंह राठी ने की।

महासचिव गौरव सचदेवा के प्रस्ताव का मौजूद सभी पदाधिकारियों ने समर्थन किया। मीटिंग राजस्थान से चुन्नी कप्तान भरतपुर चेयरमैन राजस्थान कुश्ती संघ, संजय शर्मा सचिव कोटा ने हिस्सा लिया। मीटिंग में सभी पदाधिकारियें ने चुन्नी कप्तान को राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक बोर्ड का सदस्य मनोनीत होने पर गौरइया टयूरिस्ट होटल में साफा माला पहनाकर स्वागत किया। नाथद्वारा में आयोजित दादू पहलवान की स्मृति में महान राजस्थान केसरी का खिताब कुशपाल ग्राम फुलवारा भरतपुर ने जीता। वहां से आने पर भरतपुर जिला कुश्ती संघ द्वारा आज श्री भूरी सिंह व्यायामशाला पर कुशपाल पहलवान का चुन्नी कप्तान व अन्य पहलवानों ने साफा, माला व शील्ड देकर सम्मान किया।

# हिंगोनिया में देवनारायण मन्दिर से पांच मूर्तियां चोरी

**मांडलगढ़** (निसं)। मांडलगढ़ उपखण्ड के बीगोद थाना क्षेत्र के हिंगोनिया गांव में प्राचीन देवनारायण भगवान मन्दिर से अज्ञात बदमाश शनिवार रात्रि में पांच मूर्तियां चोरी कर ले गए। ग्रामीणों की मांग के बाद बीगोद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से जानकारी के मुताबिक मांडलगढ़ क्षेत्र के धाकड़ खेड़ी ग्राम पंचायत के हिंगोनिया गांव में शनिवार रात को गुवाडी के देवनारायण भगवान मन्दिर से पांच मूर्तियां अज्ञात चोर ले उड़े। ग्रामवासी रविवार सुबह दर्शन के लिए गए जब मन्दिर से मूर्तियां चोरी का पता चला। वारदात की खबर गांव में फैलते ही ग्राम वासियों में हड़कंप मच गया। लोगों में भारी आक्रोश उत्पन्न हो गया। मन्दिर के सेवक ने बीगोद थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। बीगोद थानाधिकारी मूलचंद पुलिस टीम के साथ वारदात स्थल पर पहुँचे और मन्दिर के आस-पास छानबीन की तथा वारदात के तरीके को बारीकी से जाना। पुलिस ने कुछ संदिग्धों से भी पूछताछ की। लेकिन अभी तक पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा हैं।


**■ बदमाश मन्दिर में स्थापित दो प्राचीन मूर्तियों को छोड़ गए**

सोमवार को भगवान देवनारायण मन्दिर के स्थान पर ग्रामवासी ने जाजम बिछाकर 10 दिन के लिए धरने पर बैठने का फैसला किया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक चोरी गई मूर्तियां वापस नही आ जाती हैं तब तक धरना जारी रहेगा। ग्रामीण रामनारायण जाट ने बताया कि पूर्व में देवनारायण भगवान का 300 साल पुराना कच्चा देवरा था जिस पर दो मूर्तियां विराजित थी। इसके बाद आज से करीब 15 साल पहले पक्का देवरा बनाकर उस पर पांच मूर्तियां नई विराजित की गई।



**देवनारायण मन्दिर से पांच मूर्तियां चोरी होने के बाद लोगों ने विरोध प्रकट किया।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**मंगलवार 11 अक्टूबर, 2022**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, अश्विनी नक्षत्र सांय 4:17 तक, हर्षण योग दिन 3:16 तक, तैतिल करण दिन 1:34 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-मेष, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-कन्या, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से सांय 4:17 तक है। राजयोग सांय 4:17 से आरम्भ होगा। आज अशून्य शयन व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:21 से 10:47 तक, लाभ-अमृत 10:47 से 1:40 तक, शुभ 3:07 से 4:33 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:28, सूर्यास्त 5:59

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृष**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मित्रों/रिश्तेदारों आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**
शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों टालना पड़ सकता है। मित्रों/रिश्तेदारों से आपसी अनबन हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय बना रहेगा।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा है। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**मकर**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# पायलट के हाड़ौती पहुंचने पर जबरदस्त भीड़ ने कांग्रेस के स्थापित नेताओं की नींद उड़ाई

## हाड़ौती का एक भी विधायक कार्यक्रम में नहीं पहुंचा, ऐसे में जो भीड़ थी वह पायलट समर्थकों की ही थी, जो हाड़ौती से ही नही, अन्य क्षेत्रों से भी पहुंची थी

- **पायलट ने भीड़ जुटाकर जताने का भरसक प्रयास किया, कि उन्हें सरकार का नेतृत्व मिलने में देरी हो रही हो, लेकिन आम लोगों के बीच उनकी पहुंच उसी तरह बनी हुई है**
- **जिस क्षेत्र में सचिन पायलट के लिए भीड़ जुटी है, उसी क्षेत्र से होकर राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के साथ राजस्थान में प्रवेश करेंगे**

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में फिलहाल सियासी शांति है। इस शांति के बीच सचिन पायलट अपने मूल समर्थकों के क्षेत्र हाड़ौती में पहुंचे तो स्वाभाविक तौर पर बड़ी भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। हालांकि हाड़ौती के नेताओं में प्रमुख शांति धारीवाल जो कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाए जाने की खिलाफत खुलकर कर रहे हैं। वहीं कोटा के दूसरे नेता पंकज मेहता, विधायक भरत सिंह, मंत्री प्रमोद जैन भाया सहित अधिकांश नेता और उनके समर्थक नजर नहीं आए। ऐसे में जो भीड़ थी, वह सचिन पायलट समर्थकों की ही थी, जो कि सिर्फ हाड़ौती से ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों से कोटा पहुंची थी।

दरअसल राजस्थान में सियासी बदलाव की संभावनाओं के बीच सचिन पायलट का हाड़ौती में पहुंचना कुछ नई राजनीतिक चर्चाओं को जन्म देगा। यह चर्चाएं इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा करते हुए जब राजस्थान में प्रवेश करेंगे, तो उनकी यात्रा का प्रवेश द्वार भी हाड़ौती ही होगा। उस यात्रा के राजस्थान पहुंचने के करीब 2 महीने पहले सचिन पायलट ने भीड़ जुटाकर यह संदेश देने का भी भरसक प्रयास किया है कि उन्हें सरकार का नेतृत्व मिलने में भले ही देरी हो रही हो, लेकिन आम लोगों के बीच उनकी पहुंच, उसी तरह बनी हुई है, जैसे ही 2018 में थी। वैसे 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले भी सचिन पायलट ने बारां से झालावाड़ के बीच पदयात्रा करके कांग्रेस आलाकमान को संदेश दिया था बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को उनके गढ़ में चुनौती देने का काम भी किया था अब क्योंकि राजस्थान में विधानसभा चुनाव में ठीक 1 वर्ष का समय बचा हुआ है ऐसे में सियासी उठापटक के बीच सचिन पायलट ने एक बार फिर वहीं क्षेत्र चुना है जहां भाजपा को सबसे मजबूत माना जाता रहा है।

हाड़ौती वह क्षेत्र है जिसमें गुर्जरों के साथ में ही मीणा मतदाताओं की संख्या बहुतायत में है और यह दोनों ही समुदाय किसी समय राजेश पायलट के बेहद नजदीकी रहे हैं और 2018 में सचिन पायलट ने भी इन दोनों समुदायों को साथ लेकर अपनी ताकत दिखाई थी। हालांकि यह बात अलग है कि हाड़ौती में इन दो समुदायों की बहुतायत होने के बावजूद कांग्रेस को झालावाड़ और कोटा दोनों ही लोकसभा क्षेत्रों में संसदीय चुनाव में सफलता नहीं मिली है। सिर्फ 1998 में रामनारायण मीणा और 2009 में इज्जराज सिंह अपवाद रहे हैं, जिन्होंने कोटा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर कांग्रेस का खाता खोला था।

यह सही है कि हाड़ौती में सचिन पायलट को जातिगत और अन्य समर्थन जबरदस्त है, लेकिन हाड़ौती में गुर्जर मतदाताओं की बहुतायत के बावजूद कांग्रेस से जीतने वाले विधायक सचिन पायलट के खेमे में नहीं हैं। चाहे बारां जिले की बात हो, कोटा की बात हो या बूंदी का मामला हो। तीनों ही जिलों में कांग्रेस के जीते हुए विधायकों में से इस समय सचिन पायलट के खेमे में कोई भी शामिल नहीं है। इसके बावजूद सचिन पायलट का हाड़ौती में पहुंचने पर जबरदस्त भीड़ की ओर से समर्थन दिया जाना उन नेताओं की नींद उड़ाने जैसा जरूर होगा, जोकि फिलहाल कांग्रेस में स्थापित नेता माने जाते हैं।

अब जैसा की संभावनाएं जताई जा रही है, कि कांग्रेस में नया बदलाव कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव, जो कि 19 अक्टूबर को संपन्न होने जा रहे हैं, के बाद होगा। उस बदलाव से ठीक पहले सचिन पायलट का अपनी ताकत का प्रदर्शन करना, कांग्रेस में कितना सकारात्मक संदेश देने में सफल होगा, यह देखना सबसे महत्वपूर्ण होगा।

# 'बांध सुरक्षा के लिए ठोस मॉडल लागू करने में सहयोग करें राज्य'



**जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरयम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय डैम सेफ्टी कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सक्षम बांध प्रबंधन पर विशेष जोर दिया।**

**जयपुर**। केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण के गठन के बाद भी राज्य सरकारों द्वारा इस दिशा में तेजी से काम नहीं करने पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में जिस तरह का जिम्मेदार माहौल होना चाहिए था, वह राज्य सरकारों के उदासीन रवैए की वजह से नहीं बन पाया है, जिसकी वजह से सक्षम बांध प्रबंधन की दिशा में केंद्र सरकार के प्रयासों को अपेक्षित बल नहीं मिल पा रहा है।

बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय डैम सेफ्टी कॉन्फ्रेंस-2022 में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि भारत जैसे देश के लिए सक्षम बांध प्रबंधन बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि विश्व के अन्य भागों की तुलना में हमारी जल क्षमता बहुत कम है। पानी की मांग में तेजी से वृद्धि की तुलना में नए बांधों की संभावना भी बहुत कम है, इसलिए सक्षम बांध प्रबंधन की दिशा में तेजी से काम करते हुए मौजूदा बांधों के उचित उपयोग और बेहतर प्रबंधन पर काम करने की सख्त जरूरत है।

उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले 100 वर्षों में बांधों और संबंधित संरचनाओं में भारी निवेश किया है। हमारे पास जितने बांध हैं, उसके मामले में चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। हमारे देश में लगभग 5,700 बड़े बांधों में से लगभग 80 बांध 25 वर्ष से अधिक पुराने हैं। इसके अलावा, देश में लगभग 227 बांध हैं, जो 100 साल से अधिक पुराने हैं और अभी भी कार्य कर रहे हैं।

शेखावत ने कहा कि कई बार प्राकृतिक आपदाओं की वजह से बांधों का जलस्तर अचानक बढ़ जाता है, इसकी वजह से कई बड़ी घटनाएं घट जाती हैं। उन्होंने 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ में आई बाढ़ और जून 2014 में हिमाचल के कुल्लू जिले में ब्यास नदी में 24 इंजीनियरिंग छात्रों (जिसमें 18 लड़के और 6 लड़कियां शामिल थीं) के डूबने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं हमें छोटी और बड़ी जल परियोजनाओं और उनसे जुड़े मानव सुरक्षा के सवाल पर नए और जवाबदेह तरीके से सोचने पर मजबूर करती हैं। लिहाजा, इस दिशा में राज्यों को केंद्र सरकार के प्रयासों में सहयोग करना चाहिए।

# भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आज

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को सुबह 11 बजे भाजपा प्रदेश पदाधिकारी बैठक को राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश सह प्रभारी एवं राष्ट्रीय मंत्री विजया राहटकर संबोधित करेंगे एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा करेंगे। वहीं दोपहर 2 बजे पार्टी के आगामी कार्यक्रमों व अभियानों को लेकर प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले युवक को सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने पन्द्रह साल की पीड़िता से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सुनील यादव को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 21 साल के इस अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि पीड़िता के पिता ने एक सितंबर 2020 को जोबनेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि उसकी नाबालिग बेटी बिना बताए कार में बैठकर चली गई है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने अदालत को बताया कि वर्ष 2017 में वह अभियुक्त के साथ रेनवाल से रेवाडी, दिल्ली और हरिद्वार गए थे। जहां अभियुक्त ने उसके साथ कइ बार संबंध बनाए। इस मामले में किशोर बोर्ड ने अभियुक्त को बरी कर दिया था। इसके बाद फरवरी, 2019 में अभियुक्त वापस उसके संपर्क में आया था। इस दौरान उसने फिर से कई बार उसके साथ संबंध बनाए।

वहीं एक सितंबर 2020 को वह अभियुक्त के कहने पर रेनवाल चली गई थी, लेकिन अभियुक्त उसे वहां नहीं मिला और दो दिन का इंतजार करने के बाद उसने अपने परिजनों को फोन कर रेनवाल में होने की जानकारी दी।

# हरिशंकर जांगिड़ ने कार्यभार ग्रहण किया

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य सरकार द्वारा राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास आयोग के सदस्य के रूप में मनोनीत हरिशंकर जांगिड़ ने शुक्रवार को राजस्थान राज्य अन्य अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास आयोग के सदस्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

उन्होंने अपना कार्य ग्रहण पवन गोदारा अध्यक्ष राजस्थान राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास आयोग को सौंपा। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# राजस्थान ग्रामीण परिवार आजीविका ऋण योजना लागू

- **प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों के लिए नई योजना की शुरूआत**
- **एक लाख परिवारों को अकृषि कार्यों के लिए 2 हजार करोड़ रूपये का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा**

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों के लिए राजस्थान ग्रामीण परिवार आजीविका ऋण योजना लागू की है। इस नई योजना में वर्ष 2022-23 में एक लाख परिवारों को अकृषि कार्यों के लिए 2 हजार करोड़ रूपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जायेगा। राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में विगत 5 वर्षों से निवास कर रहे परिवार ऋण के लिए पात्र होंगे। यह ऋण वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों एवं स्माल फाईनेन्स बैंकों के माध्यम से मिलेगा। राज्य सरकार इस प्रकार के ऋणों के लिए 100 करोड़ रूपये का ब्याज अनुदान देगी। यह जानकारी सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना ने सोमवार को दी।

आंजना ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में कई परिवार, कृषि एवं पशुपालन के साथ-साथ अकृषि गतिविधियां यथा हस्तशिल्प, लघु उद्योग, कताई-बुनाई, रंगाई-छपाई आदि पर भी आजीविका के लिए निर्भर है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के लिए अकृषि क्षेत्र में एक लाख परिवारों को 2 हजार कराड़ रूपये के ब्याज मुक्त ऋण वितरित किये जाने की बजट घोषणा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने की थी। मुख्यमंत्री गहलोत ने इस योजना को मंजूरी दे दी है। योजना के लागू होने से अब ग्रामीण क्षेत्र के कृषक परिवारों को कृषि कार्यों के साथ-साथ अकृषि कार्यों के लिए भी ब्याज मुक्त ऋण मिल पायेगा।

उन्होंने बताया कि योजना में अन्य पात्रता मापदण्डों की पूर्ति करने वाले लघु एवं सीमान्त कृषक तथा भूमिहीन श्रमिक जो कि किरायेदार, मौखिक पट्टेदार, बटाईदार आदि के रूप में काश्त कर रहे हैं, के परिवार भी पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त ग्रामीण दस्तकार तथा अकृषि कार्यों में जीवन यापन करने वाले ग्रामीण परिवार के सदस्य भी पात्र होंगे। इसके साथ ही राजीविका के स्वयं सहायता समूहों, उत्पादक समूहों एवं व्यवसायिक समूहों के व्यक्तिगत सदस्यों को सामूहिक गतिविधियों के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जायेगा। प्रति समूह अधिकतम 10 सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से ऋण दिया जायेगा एवं ऋण की अधिकतम राशि 2 लाख रूपये होगी।




# लाखों की सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया

## बनास नदी के तट पर एक प्रभावशाली शख्स द्वारा रिसोर्ट निर्माण का मामला

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ के पास त्रिवेणी संगम की बनास नदी के तट पर एक प्रभावशाली शख्स द्वारा लाखों की कीमत की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण रिसोर्ट निर्माण करने का मामला सामने आया है । इस मामले में राजस्व मंत्री के दखल के बाद भी राजस्व विभाग ने रिसोर्ट की भूमि से अवैध निर्माण को नहीं हटाया है। मांडलगढ़ तहसीलदार ने पटवारी की मौका रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमी को नोटिस जारी किया है।

मांडलगढ़ के पास बनास नदी के किनारे पर रिसोर्ट मालिक बालू सिंह ने पहले 2 बीघा कृषि भूमि को खरीदा ओर जमीन के कुछ हिस्से का कॉमर्शियल पंजीयन करा कर बड़े भू-भाग पर रिसोर्ट की दो मंजिला बिल्डिंग का निर्माण कर लिया । रिसोर्ट मालिक ने करीब एक बीघा भूमि का भूपरिवर्तन ही नहीं कराया । जिससे राजस्व विभाग को लाखों के राजस्व की चपत लगाई गई ।और कृषि से व्यवसायिक भूपरिवर्तन कराने के दौरान सार्वजनिक सुविधा के लिए छोड़ी गई जमीन पर भी कब्जा जमा लिया है।

इस रिसोर्ट की 2 बीघा खरीदी गई भूमि की आड़ में करीब 50 लाख कीमत की रिसोर्ट से सटी 2.5 बीघा सरकारी जमीन पर रिसोर्ट मालिक ने पक्की चार दिवारी निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया हैं। वहीं सरकारी जमीन पर कमरों का अवैध निर्माण कराया जा रहा है। इस मामले लेकर ग्रामीणों ने राजस्व मंत्री और मांडलगढ़ तहसीलदार को शिकायत की। शिकायत के बाद तहसीलदार सीमा बघेल के आदेश पर गिरदावर संजय पराशर ओर पटवारी कमलेश सुथार ने त्रिवेणी संगम पर स्थित सुमेरपुर रिसोर्ट पर अतिक्रमण की गई भूमि को चिन्हित कर पंचनामा बनाया है ओर रिसोर्ट पर हो रहे अवैध निर्माण को बन्द कराया। तथा प्रशासन की स्वीकृति के बगैर पूर्व में किए गए निर्माण , खातेदारी व बिलानाम भूमि में अवैध निर्माण की भी जाँच की जा रही है।

पटवारी कमलेश कुमार का कहना है, कि रिसोर्ट से सटी सरकारी भूमि के अतिक्रमण की नियम 91 की रिपोर्ट बना कर तहसीलदार मांडलगढ़ को करीब 25 दिन पूर्व सौंप दी गई है। जिस पर तहसीलदार सीमा बघेल ने अतिक्रमी बालू सिंह को नोटिस जारी कर 12 अक्टूबर को राजस्व न्यायालय में उपस्थित होने के लिए पाबंद किया गया है।

गौरतलब है कि इस सुमेरपुर रिसोर्ट पर राजस्व मंत्री रामलाल जाट कुछ दिनों पहले प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे । तब रिसोर्ट मालिक द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा था लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान तक नहीं दिया। जब कुछ दिन बाद यह मामला रामलाल जाट , राजस्व मंत्री के जानकारी में आया। लीगली अगर अतिक्रमण पाया जाता है, तो कलक्टर ओर एसडीएम को निर्देशित कर अतिक्रमण हटवाएंगे।

लेकिन गौर तलब है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों के तीन माह पूर्व यह मामला संज्ञान में आने के बावजूद अतिक्रमी राजनीतिक रसूखदार होने से प्रशासन की कार्रवाई धीमी चल रही है। वहीं रिसोर्ट के आस-पास खातेदार किसानों का कहना कि सरकारी भूमि में अतिक्रमण व अवैध निर्माण होने से खेतों के रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं।




मांडलगढ़ के त्रिवेणी संगम पर रिसोर्ट की आड़ में सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया।

- **मांडलगढ़ तहसीलदार ने अतिक्रमी को नोटिस जारी कर कार्रवाई शुरू की**
- **अतिक्रमी राजनीतिक रसूखदार होने से प्रशासन की कार्रवाई धीमी**

# तीन वर्ष की मादा पैंथर का शव मिला

## प्रथम दृष्टया दो पैंथरों के बीच संघर्ष में हुई मौत



केलवा में पिपलिया गांव के मोरिया तलाई जाने वाले मार्ग पर मादा पैंथर का शव मिला।

**राजसमंद, (निसं)।** केलवा थाना क्षेत्र के पिपलिया गांव के मोरिया तलाई जाने वाले मार्ग पर सोमवार को सुबह 7 बजे पैंथर सडक किनारे दिखाई दिया तो लोगों में दहशत फैल गई। लेकिन काफी देर तक पैंथर में कोई हलचल नहीं दिखने पर ग्रामीण हिम्मत दिखा कर पास गए तो पैंथर के गले पर घाव के निशान दिखाई। ग्रामीणों ने उसे लकडी की सहायता से हिला कर देखा तो वो मृत पडा हुआ मिला।

ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस को सूचित किया। ईधर, सडक पर पैंथर की सूचना मिलने पर आस-पास से गांवों के लोग देखने के लिए उमड पडे। पैंथर के साथ लोगों की सेल्फी लेने की होड मच पडी। सूचना पर मौके पर वन विभाग से क्षेत्रिय वन अधीक्षक भंवरलाल मीणा पहुंचे। मीणा ने बताया कि सडक जो शव मिला है वह तीन वर्ष की मदा पैंथर का है। प्रथम दृष्टया रविवार रात को दो पैंथरों में लडाई के दौरान मादा पैंथर की मौत होने की आशंका है।

पैंथर के मृत शरीर पर पंजों के घाव के निशान पाए गए है। संघर्ष के बीच वह पास ही स्थित पहाडी से गिरते हुए नीचे सडक की ओर आई है। वन विभाग की टीम ने पैंथर के शव का राजसमंद लेजाकर पोस्टमार्टम कर दाह संस्कार किया। इस अवसर पर वन पाल नैनाराम एवं वन रक्षक किशनलाल गायरी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## जितेंद्र प्रजापत को नहीं मिली राहत

**पिंडवाड़ा, (निसं)।** पिण्डवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष पद को लेकर हाई कोर्ट में स्थगन के मामले को लेकर पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापत की ओर से हाईकोर्ट में राहत के लिए लगाई गई गुहार पेशियों की मकडजाल में फस कर रह गई है। हाईकोर्ट ने पिंडवाडा नगर पालिका अध्यक्ष पद के स्थगन के आदेश के मामले में 10 अक्टूबर का आने वाला फैसला टल गया है। अब अगली सुनवाई 20 अक्टूबर को होगी। गौरतलब है कि भाजपा के बोर्ड में भाजपा के ही कुछ बागी पार्षद कांग्रेस और निर्दलीय पार्षद से मिलकर सिरोही जिला कलेक्टर के समक्ष अविश्वास मतदान पेश कर भूमिगत हो गए थे। इस दौरान पूर्व चेयरमैन प्रजापत ने अविश्वास मतदान को लेकर कानूनी कमियां का हवाला देते हुए पूर्व पालिका चेयरमैन जितेंद्र प्रजापत ने दो बार हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। हाईकोर्ट ने अलग-अलग मामले में दो बार अविश्वास व मतदान पर रोक लगाई थी। 2 अगस्त को बीस भूमिगत पार्षदों ने नगर पालिका में उपस्थित होकर मतदान किया था।

# वसुंधरा के बीकानेर दौरे से राजनीतिक हलचल शुरू

- **राजे देवी सिंह भाटी के घर पहुंची, फिर गोचर का निरीक्षण कर गोपाल जोशी को श्रद्धांजलि दी**

**बीकानेर, (कासं)** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बीकानेर दौरे ने यहां कई सियासी चर्चा शुरू कर दीं । राजनीतिक गलियारों में कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों में इस दो दिवसीय यात्रा को लेकर अलग-अलग गणित आंकी जा रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने दूसरे दिन के दौरे की शुरूआत पत्रकारों के साथ अनौपचारिक चर्चा से की । चाय के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने राजनीति पर कम सामाजिक संस्कार व सरोकारों पर पत्रकारों के साथ अनौपचारिक चर्चा की। इस अवसर पर राजे के साथ प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अशोक परनामी, श्रीगंगानगर के सांसद निहालचंद मेघवाल, बीकानेर पूर्व की विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी, व शहर भाजपा अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह उपस्थित थे। इसके बाद राजे सर्किट हाऊस परिसर में उनके स्वागत के लिए उमड़ी भीड़ से मिली। राजे ने सोमवार को दूसरे दिन भी कार्यकर्ताओं और जिले के बड़े नेताओं से संपर्क साधने में कोई कसर नहीं छोड़ी। राजे न सिर्फ पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी के निवास पर गई बल्कि उनके साथ गोचर भूमि देखने के लिए भी पहुंची। इसके बाद वो साले की होली पहुंची जहां पूर्व विधायक गोपाल जोशी के निधन पर शोक जताया।

आमतौर पर लालगढ़ होटल में ठहरने वाली पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बार सर्किट हाउस में ही डेरा डाला। यहां सुबह दस बजे कार्यकर्ताओं के बीच पहुंची। जहां पार्क में अलग-अलग गुट में भाजपा नेताओं ने राजे के समक्ष अपना शक्ति प्रदर्शन किया। बाद में राजे नगर विकास न्यास के पूर्व चेयरमैन महावीर रांका के ऑफिस गई। यहां काफी देर रुकने के बाद वो पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी के जस्सूसर गेट स्थित निवास पर पहुंची। यहां भाटी के साथ काफी देर बातचीत की। भाटी के आग्रह पर वो गोचर देखने के लिए सरेह नथानिया पहुंची। यहां गोचर के चारों तरफ बन रही दीवार और सेवण घास का जायजा लिया।

राजे इसके बाद शहरी परकोटे में स्थित साले की होली पहुंची। यहां पूर्व विधायक गोपाल जोशी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान राजे ने कहा कि गोपाल जोशी बहुत कम अंतर से हारे थे, जिसे वो हार नहीं मानती। राजे ने कहा कि जोशी ने स्वयं चुनाव लड़ने से मना किया था लेकिन मेरे को विश्वास था कि वो चुनाव लड़कर फिर जीत जाएंगे। उन्होंने जोशी परिवार के साथ रहने का विश्वास दिलाया। इस दौरान गोपाल जोशी के पुत्र गोकुल जोशी, पौत्र विजय मोहन जोशी और ऋषिमोहन जोशी से राजे ने मुलाकात करते हुए हर स्तर पर साथ रहने की बात कही।

राजे के सामने विधानसभा चुनाव में टिकट पाने के इच्छुक नेताओं ने भी दमखम दिखाया। श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ से भी बड़ी संख्या में नेता बीकानेर पहुंचे। श्रीगंगानगर के सांसद निहालचंद मेघवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व मंत्री कालीचरण सर्राफ व युनूस खान, विधायक अशोक लाहोटी व सुश्री सिद्धि कुमारी सहित बिहारीलाल बिश्नोई व पूर्व विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल आदि सक्रिय दिखाई दिए। इस यात्रा में अपेक्षित देवीसिंह भाटी की भाजपा में वापसी का उद्देश्य पूरा नहीं हुआ । इसी को लेकर कोलायत विधानसभा क्षेत्र के गांव देशनोक व यहां जूनागढ़ के सामने आयोजित कार्यक्रम में कोलायत क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

## एलएसए की अस्थाई मेरिट सूची जारी

**अजमेर, (कासं)।** पशुपालन विभाग द्वारा अस्थाई आधार पर पशुधन सहायक के 12 पदों पर अभ्यथिर्यों की नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों के प्राप्त आवेदन पत्रों की कमेटी सदस्यों द्वारा जांच कर मेरिट एवं अनुमोदित वर्गवार आरक्षण सूची के आधार पर प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की गई है। यह सूची अतिरिक्त निदेशक (क्षेत्र) पशुपालन विभाग अजमेर के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। इस सूची पर किसी अभ्यर्थी को आपत्ति होने की स्थिति में 14 अक्टूबर सायं 5 बजे तक पशुपालन विभाग के कार्यालय में व्यक्तिश: आकर अवलोकन कर आपत्ति दर्ज करवाई जा सकती है।

# मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरणों में जमा अवार्ड राशि दावेदारों को देने के आदेश

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश विजय बिश्नोई और न्यायाधीश फरजंद अली ने हाईकोर्ट प्रशासन को एक सप्ताह का और समय देते हुए राज्य के मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरणों में जमा अवार्ड राशि का दावेदारों को त्वरित वितरण बाबत प्रक्रिया पेश करने का कहा है। वहीं राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि आगामी पेशी 1 नवंबर तक जवाब दें कि जोधपुर के श्रम न्यायालय सह मोटर यान दुर्घटना अधिकरण में लेखाधिकारी, स्टेनोग्राफर, वरिष्ठ लिपिक और रीडर के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया की स्थिति क्या है।

जिला अभिभाषक संघ, बांसवाड़ा की जनहित याचिका पर बहस करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि दावा अधिकरण में अवार्ड राशि जमा होने के बावजूद दावेदारों को अत्यंत विलंब से भुगतान किया जाता है, जिससे उन्हें ब्याज का नुकसान होता है। इस पर गत 6 सितम्बर को खंडपीठ ने हाईकोर्ट प्रशासन को त्वरित वितरण बाबत प्रक्रिया पेश करने का निर्देश दिया था।

अधिवक्ता भंडारी ने कहा कि मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण जोधपुर महानगर के वर्ष 2016,2018 और 2019 के लंबित दावे श्रम न्यायालय जोधपुर को हस्तांतरित करने के बावजूद न्यायिक प्रक्रिया सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। क्यों कि वहां पर लेखाधिकारी, स्टेनोग्राफर, वरिष्ठ लिपिक और रीडर के पद रिक्त हैं । इसी कारण से न्यायिक प्रक्रिया सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। हाईकोर्ट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डा. सचिन आचार्य ने कहा कि उन्हें अवार्ड वितरण प्रक्रिया पेश करने के वास्ते एक सप्ताह को और समय दिया जाए। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता संदीप शाह ने श्रम न्यायालय सह मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण जोधपुर में रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया स्थिति बाबत जवाब का समय देने का अनुरोध किया।

राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने हाईकोर्ट प्रशासन को त्वरित वितरण बाबत प्रक्रिया पेश करने का एक सप्ताह का और समय दिया और राज्य सरकार को रिक्त पदों की भर्ती बाबत जवाब पेश करने का समय देते हुए आगामी पेशी 1 नवंबर मुकर्रर की।

# प्राध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2022 आज से

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 11 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक 9 जिला मुख्यालयों पर प्राध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा की गोपनीयता तथा शुचिता के दृष्टिगत आयोग द्वारा विशेष सुरक्षा इंतजाम करने के दिशा-निर्देश संबंधित जिला प्रशासन को जारी किए जा चुके है। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि परीक्षा दौरान खाली ओएमआर शीट छोड़ने वाले अभ्यर्थियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा केन्द्र पर वीक्षक इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि कौनसे परीक्षार्थियों ने ओएमआर सीट पूरी खाली छोड़ी है। अगर ऐसा कहीं मिलता है तो वीक्षक ओएमआर शीट खाली छोड़ने का उल्लेख करते हुए हस्ताक्षर करेंगे। केंद्राधीक्षक ऐसे अभ्यर्थियों की सूची पृथक से तैयार कर आयोग को प्रेषित करेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए ग्रुप-ए में 1 लाख 80 हजार, ग्रुप-बी व सी में 2 लाख, ग्रुप-डी में 200 तथा ग्रुप-ई में 5 हजार से अधिक कुल लगभग 6 लाख 19 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए हैं।

**ग्रुप-ए जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज परीक्षा 566 केंद्रों पर :-** अटल ने कहा कि 11 अक्टूबर को ग्रुप-ए में सम्मिलित विषयों के सभी अभ्यर्थियों की जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज की परीक्षा सुबह की पारी में 566 केंद्रों पर तथा दोपहर की पारी में एग्रीकल्चर की परीक्षा 14 केंद्रों एवं गणित विषय की परीक्षा 89 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

# अम्बेड़कर छात्रावास के चार कमरों में आई दरार

**मालपुरा, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित डॉ. बीआर अम्बेडकर आवासीय छात्रावास के चार बडे हॉल की छत व दिवारों में बडी दरारे आ जाने की मिली शिकायतों के बाद सोमवार को एसडीएम रामकुमार वर्मा व पीडब्ल्यूडी जेईएन हनुमान मीणा ने छात्रावास पहुंच चारों हॉल का जायजा ले जल्द धराशाही किये जाने की रिपोर्ट बना जिला कलेक्टर को भेजी ।

छात्रावास अधीक्षक हनुमान मीणा से लिये फिडबैक व जानकारी में सामने आया कि अम्बेडकर छात्रावास संचालन के शुभारम्भ पर बनाये गये चार हॉल की छत व दीवारों में चार से छह इंच का बडा गेप हो जाने के चलते चारों कमरों में छात्रों की आवाजाही बंद कर दी गई है तथा मामले से विभागीय अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कार्यालय को अवगत करवाया । छात्रावास की कमरों में लगी विद्युत फिटिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई तो दरारों से भारी मात्रा में बरसाती पानी नीचे आने लगा है। छात्रावास में अध्ययनरत 85 विद्यार्थियों को अन्य कमरों में स्थानान्तरित कर चारों हॉल की ओर आवाजाही बंद करने के छात्रावास अधीक्षक को मौके पर ही आदेश दिये। एसडीएम ने क्षतिग्रस्त चारो हॉल को कंडम घोषित कर रिपोर्ट जिला कलेक्टर कार्यालय को भेजी है। आदेश मिलते ही चारो हॉल धराशाही कर नवीन निर्माण शुरू किया जायेगा।



एसडीएम वर्मा ने डॉ. बीआर अम्बेडकर छात्रावास के क्षतिग्रस्त कमरों का जायजा लिया।


**MUNICIPAL BOARD, NATHDWARA DIST.- RAJSAMAND**

S.No./M.B.Nath/Nirman/22/ 16455 Date : 07-10-2022

**Notice Inviting Bid**

Bids for different works Nit No. 33/2022-23 of Municipal Board Nathdwara are invited from interested bidders up to date 13-10-2022 on 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt.

UBN No. – DLB2223WSOB17792

Raj.Samwad/C/22/8844 Commissioner


# हाडौती में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. पूनियां ने भरी हुंकार

## जनविरोधी कांग्रेस सरकार से लड़ाई लडेंगे : सतीश पूनिया

**बारां/जयपुर, (कासं)।** चार दिवसीय हाड़ौती प्रवास पर आज चौथे दिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां बारां जिले के प्रवास पर रहे, जहां उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम किए गए। बारां में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के रोड शो में भारी जनसैलाब उमड़ा, जिसमें कार्यकर्ताओं एवं जनता का अपार प्यार और समर्थन मिला। रोड शो में युवाओं, किसानों और माता-बहनों ने भाजपा के विजय संकल्प 2023 के लिए आशीर्वाद दिया।

भाजपा के सभी सातों मोर्चा के संयुक्त सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि मुझे राजनीति में 40 वर्ष हो गए, लेकिन जिस तरीके के प्यार, स्नेह और अपनापन बारां की जनता ने दिया, मैं उसके लिए आपका जीवनभर आभारी रहूंगा। मैं यह विचार कर रहा था कि सुबह 11 बजे से ये लोग तपस्या कर रहे हैं। कई किलोमीटर से पैदल चलकर ये आएं हैं, मुझे आशीर्वाद देने के लिए।

इस बार दीपावली के दिन मेरे जन्म दिन पर हम पूरे प्रदेशभर में एक लाख सुकन्या के खाते हमारी बेटियों के लिए खुलवाएंगे। यहां के कार्यकर्ता 2100 खाते बारां जिले में भी खुलवायेंगे। मैं चूरू जिले के एक छोटे से गांव में पैदा हुआ आंदोलनों में मैं कभी पीछे नहीं हटा, परिश्रम मेरी पूंजी और कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद मेरी ताकत है। उन्होंने कहा 2023 के बाद भाया की माया यहां नहीं चलेगी, मिलीभगत का खेल भी नहीं चलेगा।

पूनिया ने कहा कि 2023 का सूरज भारतीय जनता पार्टी का सूरज होगा और वो बारां जिले के उन राष्ट्रीवादी और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का सूरज होगा, जिनकी वाणी और कलम से बारां जिले के भाग्य का फैसला होगा। हाडौती के किसान भाईयों को सोयाबीन व धान के मुआवजे के लिए हम सब लोग मिलकर संघर्ष करेंगे, किसानों के हक के लिए लड़ाई लड़ेंगे।

डॉ. सतीश पूनियां के साथ प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज मीणा, चंद्रकांता मेघवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बूंदी प्रभारी आनंद गर्ग, किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रिणवां, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, एसटी मोर्चा जितेन्द्र मीणा, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री मुकेश गर्ग, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव भारद्वाज, पूर्व विधायक ललित मीणा, बारां के सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।



बारां में रोड शो के दौरान युवाओं, किसानों और माता-बहनों ने पूनिया का माला पहनाकर स्वागत किया।

- **हाडौती के किसान को सोयाबीन व धान का मुआवजा दिलाने के लिए मिलकर संघर्ष करेंगे**
- **आप लोग भरोसा रखिए 2023 का सूरज भाजपा का होगा, परिश्रम मेरी पूंजी और कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद मेरी ताकत है**
- **जिस तरीके का प्यार, स्नेह और अपनापन मुझे आज बारां की जनता ने दिया उसका मैं जीवनभर आभारी रहूंगाः डॉ. पूनियां**

## छात्र ने लटककर सुसाइड किया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** स्थानीय जैन कटले में रविवार रात 12वीं के स्टूडेंट ने फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। स्टूडेंट किराए का कमरा लेकर रह रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाने के एसआई पूरन सिंह ने बताया कि करौली जिले के श्री महावीरजी के पास भोपुर गांव निवासी गौरव मीणा पुत्र कमल मीणा जैन कटले में किराए के कमरे पर रहता था और एक निजी स्कूल में 12वीं की पढ़ाई कर रहा था। एएसआई पूरन सिंह ने बताया कि गौरव रविवार सुबह अपने मामा के गांव से आया था और शाम को उसने फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। मकान मालिक जगदीश प्रसाद ने जब दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर कोतवाली थाने के एएसआई पूरण सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और खिड़की से झांक कर देखा तो गौरव फंदे पर लटका हुआ था। कोतवाली पुलिस ने फंदे से शव को नीचे उतारकर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता**

**जलग्रहण विकास एवं भूसंरक्षण पंचायत समिति करौली**

क्रमांक-528 दिनांकः-6.10.2022

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 03,04/2022-23**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से ई-टेण्डर 'सक्षम' श्रेणी पंजीकृत सवेदकों (सा.नि.वि., जल संसाधन, सिंचित क्षेत्र विकास विभाग एवं राज्य एवं केन्द्र सरकार के अधीकृत संगठनों के पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों) जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के सवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, www.watershed.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

1. ई निविदा सूचना संख्या 03/2022-23 UBN NO. :- WSC2223WSOB00421
2. ई निविदा सूचना संख्या 04/2022-23 UBN NO. :- WSC2223WSOB00422

अधिशाषी अभियंता

जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण पंचायत समिति करौली

DIPR/C/13040/2022

**RAJASTHAN PUBLIC SERVICE COMMISSION, AJMER**

**EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**

**FOR EMPANELMENT OF INTERESTED FIRMS FOR OMR SCANNING WORK**

No. RPSC/scanning cell/2022/14 Date:10.10.2022

EOI invited from experienced companies/agencies/firms for the work related to capturing OMR image, scanning of OMR sheets readable on OMR system and other activities related to processing of data.

| | |
|---|---|
| Date of uploading EOI on RPSC website | 11 Oct, 2022 |
| Last date of EOI submitting in RPSC through post or personal | 31 Oct, 2022 |
| Date and time of opening Technical proposal | 01 Nov, 2022 |
| Security Deposit | 50,000/- |
| Fee for empanelment | 1,000/- |
| Period of empanelment | Three years, extendable for further one year at a time on same rate, terms and conditions, if required. |

Details of Scope of Work & other pre-qualifications are available on the RPSC Portal https://rpsc.rajasthan.gov.in/ScanningScope2022.pdf. The applications will be evaluated by Evaluation Criteria, Pre-Qualifications etc. Shortlisting, Empanelment does not mean allotment of work. The expression of interest (EOI) may be submitted to the following address, not later than 31 Oct, 2022: Deputy Secretary (Scanning), Rajasthan Public Service Commission, Ghooghara Ghati, Jaipur Road, Ajmer - 305001 (Rajasthan).

DIPR/C/13092/2022 (H.L.Atal) Secretary

# सहकार मार्ग नाले में मिला दो दिन से लापता युवक का शव

## पुलिस और एफ.एस.एल. टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए

-कार्यालय संवाददाता-

■ पानी में पड़े रहने के कारण सड़ गया मृतक का चेहरा

■ पुलिस हत्या की संभावना देखते हुए भी जांच कर रही

**जयपुर**। राजधानी में सहकार मार्ग स्थित नाले में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। राहगीरों ने शव देख पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी, जिस पर अशोक नगर और ज्योति नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

सिविल डिफेंस टीम की मदद से मृतक के शव को नाले से बाहर निकाला गया। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। मृतक दो दिन से लापता था, जिसकी रविवार रात अशोक नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज हुई थी। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने की आशंका जताई है, जबकि मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट नहीं हैं। हालांकि, पुलिस घटना से जुड़े हर पहलु पर बारीकी से जांच कर रही है।

अशोक नगर थाने के एएसआई मुकेश कुमार ने बताया सहकार मार्ग पर बाइस गोदाम के पास नाले में युवक के शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक की शिनाख्त हिंडौन हाल कठपुतली नगर निवासी अजय कुमार तंबोली (23) पुत्र सुरेश कुमार के रूप में हुई है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं है, जबकि उसका चेहरा पानी में रहने की वजह से सड़ चुका था। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल पोस्टमार्टम करवा कर मृतक का शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया मृतक अजय का पिता सुरेश जयपुर नगर निगम में सफाई कर्मचारी है। वह 2018 से जयपुर में कठपुतली नगर में परिवार सहित रह रहे हैं। मृतक अजय सी स्कीम में एक कंपनी में सफाई कर्मचारी था।

पुलिस के अनुसार अजय की डेढ़ साल पहले ही शादी हुई थी। उसकी करीब 5 माह की एक बेटी है। अजय शनिवार शाम को अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों ने काफी तलाश किया, लेकिन नहीं मिला। इसके बाद रविवार को अशोक नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई गई थी। सोमवार सुबह अजय का शव नाले में पड़ा मिला।

अशोक नगर थानाधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ का कहना है कि मृतक अजय के लापता होने के बाद रविवार को थाने में गुमशुदगी दर्ज हुई थी। सोमवार सुबह उसका शव नाले में मिला। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं। मृतक के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे जांच की जाएगी।

## 400 विकलांगों को कृत्रिम पैर लगाए

**जयपुर**। विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (ब एम वी एस एस) जम्मू कश्मीर के सीमांत क्षेत्र में सेना के सहयोग से विकलांगों को लाभान्वित किया जा चुका है।

कश्मीर के कुपवाडा जिले में सेना के सहयोग से लगाए गए शिविर में अब तक 400 जरुरतमंद विकलांगों को कृत्रिम पैर, व्हील चेयर, बैसाखियां और श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) से लाभान्वित किया जा चुका है। बी एम व एस एस से कार्यकारी अधिकार सतईश मेहता जो अपने निदेशन में सेना के सहयोग से शिविर का संचालन कर रहे हैं ने बताया कि कश्मीर के सीमांत जिले कुपवाडा के दुर्गमुल्ला क्षेत्र में लगाए गए इस शिविर का लाभ माचिल, केरेन, तंगधर और वारसूम और अवूश जैसे दुर्लभ गांवों के कश्मीरी नागरिकों ने उठाया। उत्तरी कश्मीर में इस तरह के शिविर सेना के सहयोग से लगाए जाने का कश्मीरी आवास बड़ा स्वागत कर रही है। दूरदराज दुर्लभ स्थानों में बसे होने के कारण दिव्यांग कश्मीरियों को इस तरह का लाभ से वंचित रहना पडता है। लेकिन सेना के सहयोग से जयपुर से कई तकनीशियनों क टीम ने दूर दराज से आए आवाम को लाभान्वित किया।

# मानसरोवर के श्री झूलेलाल मार्केट में 14 अक्टूबर से लगेगा तिब्बती बाजार

## हाऊसिंग बोर्ड ने गत वर्ष तिब्बतीयन रिफ्यूजी होजरी रेडीमेड सेलर यूनियन को आवंटित की थी मार्केट की 266 दुकानें



हाऊसिंग बोर्ड ने तिब्बतीयन रिफ्यूजी होजरी रेडीमेड सेलर यूनियन के पदाधिकारियों ने आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा से मुलाकात कर बाजार के उद्घाटन का आग्रह किया।

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर में शिप्रापथ रोड पर हाऊसिंग बोर्ड द्वारा विकसित श्री झूलेलाल तिब्बती मार्केट में शीतकालीन सीजन का व्यापार 14 अक्टूबर से शुरू होगा। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा शुक्रवार सुबह 11 बजे इसका उद्घाटन करेंगे।

ज्ञात रहे कि हाऊसिंग बोर्ड ने तिब्बतीयन रिफ्यूजी होजरी रेडीमेड सेलर यूनियन को गत वर्ष इस मार्केट की 266 दुकानें आवंटित कर स्थाई बाजार उपलब्ध करवा दिया था। बीते एक सप्ताह से कालवाड़ रोड पर व्यापारियों का विरोध है कि वहां पर भी तिब्बती मार्केट लगाने की परमिशन पुलिस ने दी है, जो कि गलत है।

यह मामला सामने आने के बाद सोमवार सुबह तिब्बतीयन रिफ्यूजी होजरी रेडीमेड सेलर यूनियन की अध्यक्ष ल्हामो के नेतृत्व में पदाधिकारी हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा से मिलने पहुंचे और बताया कि कालवाड़ रोड़ पर जो तिब्बती मार्केट लग रहा है, उनका हमारी यूनियन से कोई संबंध नहीं है। सभी 266 तिब्बती दुकानदारों में स्थाई मार्केट में दुकान संचालित करने के लिये भरपूर उत्साह है। बीते 40 सालों से वे ऊनी और गर्म कपडों के व्यापार के लिए जयपुर आ रहे हैं। यूनियन से संबंधित सभी आवंटी श्री झूलेलाल तिब्बती मार्केट में ही दुकानें लगाएंगे।

# प्रतिबंधित नशीली दवाईयां बेचने वाला युवक गिरफ्तार

■ पुलिस ने आरोपी से 5760 नशीली गोलियां जब्त की

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने अवैध नशीली दवाइयां बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 5760 नशीली टेबलेट बरामद की है।

ब्रह्मपुरी थानाधिकारी प्रदीप सिंह ने बताया कि आरोपित विजय बसंतानी(28) निवासी मकान संख्या-75, कृष्णा नगर, ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से पांच हजार 760 अवैध नशीली टेबलेट जब्त की गई है। पुलिस आरोपित से दवाइयों के खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

डीसीपी (क्राइम) परिस देशमुख ने बताया कि सीएसटी टीम के पुलिस निरीक्षक खलील अहमद को मुखबिर से सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने ब्रह्मपुरी थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी विजय बसन्तानी (28) पुत्र नारायण बसन्तानी कृष्ण नगर ब्रह्मपुरी का रहने वाला हैं। पुलिस ने ताया कि आरोपी विजय बसन्तानी प्रतिबंधित दवाईयां का घर पर ही स्टॉक रखता है जो मांग के अनुसार मेडिकल स्टोर और प्रतिबंधित दवाईयों का नशा करने वालों को सप्लाई करता हैं। आरोपी प्रतिबंधित दवाईयों को अज्ञात व्यक्ति से बिना बिल के खरीदना बताया हैं। पुलिस अब पकडे गए आरोपी विजय से प्रतिबंधित दवाईयों के सप्लायर और खरीददार के बारे में जानकारी जुटा रही हैं।



ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध नशीली दवाइयां बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

# छात्रा से छेड़छाड़-मारपीट करने वालों की तलाश जारी

■ आगरा रोड स्थित जामडोली में गत दिनों हुई थी वारदात, सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों को खोज रही पुलिस टीम

**जयपुर**, (कासं)। कानोता इलाके में जामडोली में आगरा रोड पर छात्रा से छेड़छाड़ और मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कार दिखी है। इस फुटेज को जारी किया गया है। कई संदिग्धों से पूछताछ की जा चुकी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एक स्पेशल टीम का गठन किया गया है। लोगों से भी अपील की गई है कि इस तरीके की कार अगर किसी को दिखाई देती है तो वह पुलिस से संपर्क करें।

घटना दोबारा न हो इसके लिए हॉस्टल के आसपास पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। साथ ही, सीसीटीवी लगाने के लिए भी हॉस्टल मैनेजमेंट को लिखा गया है। गौरतलब है कि एम ए सैकेंड ईयर की एक छात्रा जामडोली में हॉस्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। शनिवार शाम को वह करीब सात बजे आगरा रोड पर लाइब्रेरी में पढ़ाई कर वापस पैदल हॉस्टल जा रही थी। इसी दौरान लाइब्रेरी और हॉस्टल के बीच एक कार सवार तीन युवकों ने उसे रोक लिया और जबरन गाड़ी में बिठाने का प्रयास किया। एक बदमाश ने उसका मुंह बंद किया तो युवती ने उसे दांतों से काट दिया। इसके बाद दूसरे बदमाश ने उसे पकडा तो युवती ने संघर्ष किया। इस बीच बदमाश उसका पर्स लेकर फरार हो गए। घटना के बाद युवती रोती हुई हॉस्टल पहुंची। उसने अन्य छात्राओं को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद छात्राएं आक्रोशित हो गई और आगरा रोड पर प्रेम नगर पुलिया के पास आ गई और जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्राओं से समझाइश की। इसके बाद युवतियां शांत होकर अपने हॉस्टल लौट गई।

## सम्मेलन में 200 युवक-युवतियों की सगाई तय

**जयपुर** (कासं)। श्री दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ की ओर से तीन दिवसीय सगाई व परिचय सम्मेलन का आयोजन शिव मैरिज गार्डन वैशाली नगर जयपुर में हुआ। अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ ने युवाओं के सगाई बायोडाटा संबंधी ऐप व वेबसाइट का लोकार्पण किया।

उन्होंने बताया कि भारी संख्या में विवाह योग्य युवक-युवतियों ने परिचय सम्मेलन में भाग लिया तथा बायो डाटा दिये। संस्थापक महेंद्र सिंह जाखली ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में 200 से ज्यादा युवक-युवतियों की सगाई की सहमति बनी तथा 5 जोड़ों की सगाई एक रुपए नारियल में संपन्न हुई। इस अवसर पर दहेज न लेने व न देने वालों, समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व वीर दुर्गादास राठौड़ पर जारी कीमती सिक्का देकर सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश, आगरा, दिल्ली, इंदौर और जयपुर के साथ-साथ प्रदेश के कई जिलों से लोग परिचय सम्मेलन में पहुंचे।

## सार-समाचार

### स्व. महेंद्र यादव को श्रद्धांजलि अर्पित



**जयपुर** (कासं)। समाचार पत्र वितरक महासंघ द्वारा स्वर्गीय महेंद्र यादव की 12वीं पुण्यतिथि पर रामनिवास बाग स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विभिन्न समाचार पत्र वितरण केंद्र से आए सभी समाचार पत्र वितरकों ने हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ किए और महाआरती की। तत्पश्चात स्व. महेन्द्र यादव को पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि अर्पित की। जयपुर समाचार पत्र वितरक महासंघ के संगठन मंत्री व पूर्व पार्षद अजय यादव ने कहा कि यह दिवस समाचार पत्र वितरक एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर वृक्षारोपण किया गया। श्रद्धांजलि सभा में संघ के कोषाध्यक्ष हनुमान सैनी, अनिल यादव, घनश्याम यादव, सावंत सिंह, राजेश यादव, मुकेश यादव, टीकम यादव, कैलाश मीना, रमेश अजमेरा, मनोज कुमार, महेश यादव, गजेंद्र सिंह, महेंद्र जैन, धर्मेंद्र पारवानी, मुकेश शर्मा, गोविंद गुर्जर, महेंद्र यादव, पवन यादव, उमेश शर्मा, नरेश विजयवर्गीय, विष्णु मीना, मनीष बिवाल, पीयूष अग्रवाल, पवन टिक्कीवाल, योगेश सोनी, आलोक भारद्वाज और भूपेंद्र यादव समेत कई समाचार पत्र वितरक मौजूद थे।

### गणगौर महिला ग्रुप ने मनाई करवा चौथ



**जयपुर** (कासं)। गणगौर महिला ग्रुप ने करवा चौथ के उपलक्ष में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम "पिया प्यार थारो प्यारो" आयोजित किया। कार्यक्रम में ग्रुप की महिलाओं ने अपने पिया के प्रति प्रेम और समर्पण का इजहार करने वाले राजस्थानी लोकगीतों पर नृत्य किया। इस अवसर पर कुछ महिलाओं ने ढोला मारू की थीम पर युगल नृत्य की प्रस्तुति दी। पूजा की थाली और छलनी लेकर किया गया रैम्प वॉक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। ग्रुप की फाऊंडर सुशीला भारती ने बताया कि कार्यक्रम के लिए महिलाएं विशेष रूप से राजस्थानी परिधान और आभूषण से साज-धज कर आईं। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने राजस्थानी लोक गीत पर समूह नृत्य के माध्यम से राजस्थानी संस्कृति को साकार किया। लोक गायिका सुशीला भारती ने कार्यक्रम के संचालन के साथ ही अपनी सुरीली आवाज में लोकगीतों की स्वर-लहरियां बिखेरी।

### गिरिराज अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय ने गिरिराज अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। "किट्रीकल इवेल्युएशन ऑफ हाउसिंग स्कीम फॉर ई.डब्लू.एस. एण्ड एल.आई.जी. अंडर प्रधानमंत्री आवास योजना (अर्बन)-2015 इन दी जयपुर रीजन ऑफ राजस्थान" विषय पर शोध कार्य के लिये उन्हें यह उपाधि मिली है। अग्रवाल ने अपना शोध कार्य राजस्थान विवि. के पोद्दार प्रबंध संस्थान के डायरेक्टर हर्ष द्विवेदी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। अपने शोध कार्य में गिरिराज अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2015 के विभिन्न वर्टिकल्स एवं मुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015 के प्रोविजनल (मॉडल्स) का गहन शोध कर इन योजनाओं की गाइडलाइन्स की समीक्षा एवं क्रियान्वयन में सम्मिलित विभिन्न पक्षकारों यथा विकासकर्ता, ऋणदात्री वित्तीय संस्थाएं लाभार्थी एवं उत्तरदायी राजकीय संस्थाओं के योगदान एवं योजनाओं को जन हित में लाभकारी एवं व्यावहारिक बनाने हेतु अनुशंसा दी है। वर्तमान में गिरिराज अग्रवाल राजस्थान में नगरीय विकास विभाग के सलाहकार जी.एस.संधु के विशेषाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

### '8 में से एक व्यक्ति मानसिक अस्वस्थ'

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान अस्पताल में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राघव शाह की अध्यक्षता में सोमवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंटरएक्टिव सेशन आयोजित किया गया। डब्ल्यू. एच. ओ ने वर्ष 2022 की थीम मानसिक स्वास्थ्य एवं स्वस्थता को बनाएं वैश्विक प्राथमिकता रखी है। डॉ. एस एस अग्रवाल ने उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। डॉ.वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आठ में से एक व्यक्ति किसी ना किसी मानसिक अस्वस्थता से जूझ रहा है। आवश्यकता है कि हम हमारे बाहरी आवरणों को उतार फेकें और खुलकर अपनी मानसिक स्थिति का बयान करें। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमे बीमारी से सुधार की ओर बढ़ते हुए मरीजों ने कैनवास पर कलाकृति द्वारा अपने भाव व्यक्त किए।

# वृद्धा के पैर काटने वालों की तलाश में 100 जवान जुटे

■ पुलिस को मकान में रह रहे किरायेदारों पर शक, ग्रामीण इलाकों में दबिश देने में जुटी 8-10 टीमें

**जयपुर**। गलतागेट इलाके में 108 वर्षीय महिला के पैर काटने और गला काटने की घटना के मामले में पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाले, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस ने इलाके में रहने वाले संदिग्धों, किरायेदारों और मीट व्यापारियों से पूछताछ की है। क्योंकि बदमाशों ने वृद्धा के पैर काटने के लिए जानवर काटने वाले हथियार का प्रयोग है।

गलतागेट थानाधिकारी मुकेश खरड़िया ने बताया कि वृद्धा के घर में अधिकतर लोग किरायेदार रहते हैं। ऐसे में उन लोगों और उनके परिचितों पर शक है। आरोपियों की तलाश में 8-10 टीमें बनाकर 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी जुटे है। जयपुर ग्रामीण के कई क्षेत्रों में पुलिस टीम दबिश दे रही है। उधर 108 वर्षीय जमुना देवी का एसएमएस अस्पताल में उपचार चल रहा हैं। खून अधिक बहने से ब्लड लॉस हुआ। वहीं महिला के गले का भी कल ऑपरेशन किया गया। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि वृद्धा जमुना देवी की स्थित नाजुक हैं। उन्हे ऑब्जरवेशन में रखा हुआ हैं। पुलिस का मानना है कि जिस हथियार से 108 वर्षीय महिला के पैर को बेरहमी से काटा है, वह हथियार जानवरों को काटने में कसाई प्रयोग में लेते है। इसलिए इलाके में जानवर काटने वाले लोगों पर विशेष नजर पुलिस रख रही है।

## वृद्धा की हालात फिलहाल स्थिर

**जयपुर**। सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती गंगापोल निवासी 108 वर्षीय बुजुर्ग महिला जमना देवी मीणा के कटे हुए दोनों पैर जुड़ नहीं पाए। उन्हें मोर्चरी में रखवाया गया है। चिकित्सकों के अनुसार महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि मरीज को अस्पताल देरी से लाया गया था। पहले उसकी जान बचाना जरुरी था। गले में सांस नली तक चीरा लगा हुआ था। उसकी सर्जरी की गई। पैर देरी से आने के कारण डेड हो चुके थे इसलिए प्रत्यारोपित नहीं हो पाए। हालांकि पैर की सर्जरी होना बाकी है। वह सूजन उतरने के बाद ही संभव है।

बुजुर्ग महिला की बेटी गंगा देवी ने बताया कि मां के साथ गलत हुआ है। उसकी तड़प देखी नहीं जा रही, वह बड़ा दर्द दे रही है। बेटी ने पुलिस प्रशासन से बदमाश को जल्द पकड़कर ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

# राजस्थान में 21 नए करोना संक्रमित मिले सोमवार को

## सर्वाधिक 10 नए संक्रमित अजमेर में सामने आए हैं

■ पिछले चौबीस घंटों में 32 मरीज रिकवर हुए हैं, साथ ही किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में सोमवार को नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी गिरावट हुई है। इस दौरान 21 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं 32 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 273 रह गए हैं। हालांकि इस बीच करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 8 जिलों में 21 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले राज्य में 69 रोगी पाए गए थे। इधर आज सबसे ज्यादा 10 नए मरीज अजमेर में मिले हैं। इसके अलावा सिरोही में 3, जयपुर व सवाई माधोपुर में 2-2 तथा दौसा, गंगानगर, राजसमंद और उदयपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 1473 जांचें की गई है।

प्रदेश में सोमवार को एक बार फिर नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान राज्य में 32 मरीज ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 273 रह गए हैं। जयपुर में भी पिछले चौबीस घंटों में 13 संकमितों के स्वस्थ्य होने से एक्टिव केस कम होकर 62 रह गए हैं। प्रदेश में सोमवार को करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9644 लोगों की मौत हो चुकी है। राजधानी जयपुर में सोमवार को मात्र दो स्थानों जौहरी बाजार और सोड़ाला में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

# सांप्रदायिक उन्माद की घटनाओं में गहलोत सरकार का अप्रत्यक्ष प्रश्रय : गजेन्द्र सिंह

## केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री ने राजस्थान सरकार पर बोला हमला

■ शेखावत ने कहा "राज्य में कानून व्यवस्था हो रही खराब, जनता सब देख रही है, चुनाव में बदला लेगी"

**जयपुर**। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सोमवार को राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस प्रकार साम्प्रदायिक उन्माद फैल रहा है और उन्मादियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही, इससे स्पष्ट है कि गहलोत सरकार ऐसे लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से प्रश्रय दे रही है। राज्य में रोजाना कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो रही है। महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं और सरकार किस्सा कुर्सी का खेल रही है। राज्य की जनता सब देख रही है और वह चुनाव में इसका बदला कांग्रेस से अवश्य लेगी।

मीडिया से रू-ब-रू होते हुए केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में सर तन से जुदा जैसे नारे लग रहे हैं। इन्हें कौन प्रश्रय दे रहा है? जिस तरह से करौली, भीलवाड़ा, जोधपुर व उदयपुर की घटना हुईं और इन घटनाओं में जांच से लेकर मुआवजे तक जिस तरह से तुष्टीकरण हुआ, उसके चलते उन्माद फैलाने की मानसिकता वाले लोगों को प्रश्रय मिला है। अपने वोटबैंक को बचाने की खुदगर्जी से सत्ता पर बने रहने की लालसा से राजस्थान को ऐसे उमान्द में झौंकने वालों का हौसला बढ़ाया जा रहा है। जब ऐसे तत्वों के प्रति कार्रवाई में उदासीनता दिखाई जाती है तो सरकार का यह अप्रत्यक्ष प्रश्रय दिखाई देने लगता है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री जो यहां के गृह मंत्री भी हैं, उनके गृह जिले में ऐसे नारे लगाए जाएं और फिर कोई कार्रवाई होती हुई दिखाई नहीं दे तो जनता निश्चित रूप से डर के साये में जीने को मजबूर होगी। शेखावत ने कहा कि राज्य में अपराध बढ़ रहे हैं। बालिकाओं के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं। सोई हुई वृद्धा के पैर काटकर कड़े निकालने जैसी घटनाएं हो रही हैं। लेकिन, सरकार और पुलिस केवल अपराधों पर पर्दा डालने का काम कर रही है। घटनाओं के लिए रिश्तेदारों को दोषी ठहराना और बाद में बेशर्मी के साथ यह कहना कि हम ज्यादा केस रजिस्टर्ड करते हैं, इसलिए यह नंबर बढ़ रहा। यह सब समाज की आंखों में धूल झौंकने के समान है।

उन्होंने कहा कि ईआरसीपी पर गहलोत सरकार केवल भ्रम फैला रही है। बार-बार आग्रह के बावजूद भारत सरकार की जो मान्यताएं और परम्पराएं हैं, उसके अनुरूप काम ना करके केवल अपनी जिद के आधार पर इस परियोजना को उलझाने का षड्यंत्र मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कर रहे हैं। वे इन 13 जिलों की जनता को अपने राजनीतिक लाभ के लिए भ्रमित कर रहे हैं और कह रहे हैं कि इस परियोजना को अपने बूते पर पूरा करेंगे, जो ये कभी नहीं कर पाएंगे।

## रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल जारी

**जयपुर**,(कासं)। नई बॉन्ड नीति में संशोधन करने सहित अन्य मांगों को लेकर रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल लगातार जारी है। वहीं इस बीच सरकार ने सोमवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज में एपीओ 61 डॉक्टरों को लगाया है।

जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) के अध्यक्ष नीरज डमोर ने बताया कि सरकार मांगों को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि रेजिडेंट सरकार के साथ हर स्तर पर वार्ता करने को तैयार है। जब तक मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होगी आंदोलन जारी रहे। सोमवार को जीबीएम में निर्णय लिया गया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी रेजिडेंट डॉक्टरों की ओर से कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। उधर रेजिडेंट के कार्य बहिष्कार से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। वहीं एसएमएस में केवल जरूरी ऑपरेशन ही किए जा रहे हैं। उधर चिकित्सा विभाग ने चिकित्सा व्यवस्था सुचारू रखने के लिए एपीओ 111 चिकित्सकों में से 61 को एसएमएस मेडिकल कॉलेज में लगाया है।

# जयपुर में देश-विदेश के जुटेंगे मनोरोग विशेषज्ञ

**जयपुर**। भारतीय मनोचिकित्सा परिषद नार्थ जोन की वार्षिक कॉन्फ्रेंस 15 से 16 अक्टूबर को जयपुर के होटल क्लार्क में आयोजित की जाएगी। इसमें देश-विदेश के चार सौ मनोरोग विशेषज्ञ शामिल होंगे।

आयोजक समिति के सचिव और सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ललित बत्रा ने बताया कि इस वर्ष जयपुर में आयोजित होने वाली आईपीएस की वार्षिक कॉन्फ्रेंस की थीम आज के समय की आवश्यकताओं को देखते हुए चेंजिंग मेन्टल हेल्थ प्रोस्पेक्टिवस इन डिजिटल एरा रखी गई हैं। करोना महामारी के बाद लोगों में मेन्टल हेल्थ के प्रति जागरूकता व उसकी आवश्यकता में आमूल चूल परिवर्तन हुआ हैं। अब लोग मेन्टल हेल्थ के प्रति बहुत सजग और संवेदनशील हो गए हैं। इन्ही आवश्यकताओं को देखते हुए डिजिटल एरा में मेन्टल हेल्थ सबको सुलभ तरीके से प्राप्त हो इस पर देश-विदेश के मनोरोग विशेषज्ञ विचार विमर्श करेंगे। आयोजक समिति के चेयरपर्सन और साइकियाट्रिक सेन्टर जयपुर के अधीक्षक डॉ. आलोक त्यागी ने बताया कि 2 दिवसीय कांफ्रेंस में पहले दिन राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. यत्न पाल बल्हारा, मुम्बई से डॉ. विहांग वाहिया, निमाहन्स बंगलोर से डॉ. नवीन कुमार, कोटा से डॉ. एम एल अग्रवाल, आईपीएस नार्थ जोन के उपाध्यक्ष डॉ. अब्दुल माजिद सहित ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों द्वारा मनोरोग पर व्याख्यान दिए जाएंगे।

आयोजक समिति के चेयरपर्सन और साइकियाट्रिक सेन्टर जयपुर के पूर्व अधीक्षक डॉ संजय जैन ने बताया कि 16 अक्टूबर को डॉ. गुंजन सोलंकी व डॉ. अखिलेश जैन के नेतृत्व में पीजी क्विज का आयोजन किया जाएगा।

सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज की मनोरोग विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष व आयोजक समिति के चेयरपर्सन डॉ. परमजीत सिंह ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में देश भर से आये पीजी अध्यनरत छात्रों द्वारा 80 से अधिक शोधपत्रों को पढ़ा जाएगा। साथ ही डॉ. संदीप ग्रोवर, डॉ. नरेश नेभीनानी व डॉ. सिद्धार्थ सरकार आदि द्वारा शोधपत्रों के प्रकाशन की सम्पूर्ण कार्यप्रणाली पर व्याख्यान दिया जाएगा।



## International Day of the Girl Child

Known as the Day of Girls, for short, the International Day of the Girl Child is a day that's observed all over the world to bring a light to and fight the injustices and inequalities faced by girls based on their gender. The day is marked by efforts both to raise awareness and to offer opportunities to girls and young women, addressing issues like access to education, healthcare rights, career and employment and much more.



#SPACE

# Super-Earths

Astronomers now routinely discover planets orbiting stars outside of the solar system – they're called exoplanets.



Astronomers now routinely discover planets orbiting stars outside of the solar system – they're called exoplanets. But in summer 2022, teams working on NASA's Transiting Exoplanet Survey Satellite found a few particularly interesting planets orbiting in the habitable zones of their parent stars.

One planet is 30% larger than Earth (opens in new tab) and orbits its star in less than three days. The other is 70% larger than the Earth (opens in new tab) and might host a deep ocean. These two exoplanets are super-Earths – more massive than the Earth but smaller than ice giants like Uranus and Neptune.

Earth is still the only place in the universe scientists know to be home to life. It would seem logical to focus the search for life on Earth clones - planets with properties close to Earth's. But research has shown that the best chance astronomers have of finding life on another planet is likely to be on a super-Earth similar to the ones found recently.

### Common & Easy To Find

Most super-Earths orbit cool dwarf stars, which are lower in mass and live much longer than the sun. There are hundreds of cool dwarf stars for every star like the Sun, and scientists have found super-Earths orbiting 40% of cool dwarfs (opens in new tab) they have looked at. Using that number, astronomers estimate that there are tens of billions (opens in new tab) of super-Earths in habitable zones where liquid water can exist in the Milky Way alone. Since all life on Earth uses water, water is thought to be critical for habitability.

Based on current projections, about a third of all exoplanets (opens in new tab) are super-Earths, making them the most common type of exoplanet in the Milky Way. The nearest is only 6 light-years away (opens in new tab) from Earth. You might even say that our solar system is unusual since it does not have a planet with a mass between that of Earth and Neptune.

Another reason super-Earths are ideal targets in the search for life is that they're much easier to detect and study (opens in new tab) than Earth-sized planets. There are two methods astronomers use to detect exoplanets. One looks for the gravitational effect of a planet on its parent star and the other looks for brief dimming of a star's light as the planet passes in front of it. Both of these detection methods are easier with a bigger planet.



### Super Habitable

Over 300 years ago, German philosopher Gottfried Wilhelm Leibniz argued that Earth was the "best of all possible worlds (opens in new tab)." Leibniz's argument was meant to address the question of why evil exists, but modern astrobiologists have explored a similar question by asking what makes a planet hospitable to life. It turns out that Earth is not the best of all possible worlds.

Due to Earth's tectonic activity and changes in the brightness of the sun, the climate has veered over time from ocean-boiling hot to planetwide, deep-freeze cold. Earth has been uninhabitable for humans and other larger creatures for most of its 4.5-billion-year history. Simulations suggest the long-term habitability of Earth was not inevitable (opens in new tab), but was a matter of chance. Humans are literally lucky to be alive.

Researchers have come up with a list of the attributes (opens in new tab) that make a planet very conducive to life. Larger planets are more likely to be geologically active, a feature that scientists think would promote biological evolution (opens in new tab). So the most habitable planet would have roughly twice the mass of the Earth and be between 20% and 30% larger by volume. It would also have oceans that are shallow enough for light to stimulate life all the way to the seafloor and an average temperature of 77 degrees Fahrenheit (25 degrees Celsius). It would have an atmosphere thicker than the Earth's that would act as an insulating blanket. Finally, such a planet would orbit a star older than the Sun to give life longer to develop, and it would have a strong magnetic field that protects against cosmic radiation (opens in new tab). Scientists think that these attributes combined will make a planet super habitable.


By definition, super-Earths have many of the attributes of a super habitable planet. To date, astronomers have discovered two dozen super-Earth exoplanets (opens in new tab) that are, if not the best of all possible worlds, theoretically more habitable than Earth.



#INDEPENDENCE

# The Great Escape

## Helped by a Maharajah, A Prince & A Nazi



Maj Chandrakant Singh VrC (Retd)
*Military Historian*



Netaji Subhash Chandra Bose with Hitler.



Maharaah and Maharani of Dhenkanal parents of Mahrajah Brig KP Singhdeo.

Today if Netaji is such a revered figure, it is not so much for, what he had done earlier, but because of his escape and what he did after his escape. However, little is known of the people who made his escape happen and who first put the idea in his head to escape from India and pursue the cause of India's freedom from Germany and Japan. They were Maharajah Shankar Pratap Singhdeo and his brother Rajkumar Gourendra Singhdeo of Dhenkanal a princely state of Orissa situated a little North of Cuttack. These two princes aided his escape and one of the most enigmatic women of her time, a woman of foreign decent and nationality, more Indian and Hindu than anyone by birth, she was Julia Portaz better known in India as Savitri Devi a name given to her by Gurudev Rabindranath Tagore.

Delhi is not a place for pleasure driving, the traffic is unruly and drivers, mainly first generation car owners and more familiar with camel and bullock carts or at best farm tractors. But driving along the Rajpath from the India Gate Hexagon is something else, the majestic sight of the imperial buildings at the top end (Raisina Hill named after Raja Singh of Jaipur) of the Central Vista have few equals. In the last few years I have had to drive frequently around the Hexagon to meet friends like Gen Katoch and Capt. Alok Bansal at the India Foundation and Naznene Rouhani General Secretary of the Spiritual Assembly of the Bahais of India, at the Bahai House or to have authentic French food at another friend Kazem Samadri's classy L'Opera restaurant at the back of Bikaner House. The only thing jarring to the view was the empty space below the canopy which once housed the statue of George V one time King Emperor of India. In honour of whose visit to India, the hymn which is now our national anthem was composed by Tagore. Some people may want to deny this, but facts are facts and we as a nation are mature enough to face reality.

On 9th September 2022 the statue of Subhash Chandra Bose was installed with much fanfare and ceremony under the canopy where earlier the statue of the king emperor George V once stood before it was relocated to a more modest surrounding in the backwaters of Delhi on 8 September 1968. After the removal of George V, there was a proposal to install the statue of Gandhi, but this did not happen because some people felt that Gandhi himself would never have wanted it at a place so symbolic of the British Raj. However, the same group which had opposed the installation of Gandhi's statue earlier, after a gap of three or four years now proposed that as there was no statue of Nehru in a prominent place in New Delhi, one should be installed under the canopy near India Gate Hexagon. But the government and the public's attention being drawn to the happenings in East Pakistan, further discussion was postponed till after the Bangladesh Liberation War. When it was revived again sometime in 1972/73 a revised proposal was floated of having Gandhi's statue installed at Vijay Chowk, and the canopy under which George V statue had earlier been place to be shifted to the Coronation Ground and be now for a statue of Nehru.

The proposal was still being discussed within the ruling establishment but by then the Jai Prakash Narain's movement started which was followed by declaration of Emergency and Indira Gandhi losing the elections, resulting in further discussions once again being put on hold and not revived again till after Indira Gandhi's assassination and Rajiv becoming the Prime Minister. This time it started off with a statement by a senior minister and party functionary who was a relative of Rajeev, that Gandhi would never have wanted a memorial or statue to him anywhere near any symbol of British Colonial History, this therefore ruled out Vijay Chowk and a more appropriate place befitting Gandhi's principles and views should be found for his statue and that and in its place Indira Gandhi's statue at Vijay Chowk would be more appropriate as her name was associated with India's victory in the Bangladesh War. This proposal received widespread acceptance within the ruling establishment. But once again the proposal was jinxed. Like Indira Gandhi before him, Rajiv Gandhi found himself at the centre of the Bofors Gun scandal and subsequent loss of elections and then a few years later his assassination.



RK Dourendra Singh meeting Baden Powell at the Scout Jumboree in Sydney.

### The Canopy Occupied

From then onwards no serious plans to fill the empty space beneath the canopy were discussed till Modi pulled Subhash Chandra Bose out of the hat and had his statue installed. By doing so Modi ensured that this coveted space would not be available for a memorial to any one in future, most of all to his political rivals and secondly by installing Netaji's statue at the most prized and prominent real estate in the National Capital he would by displacing Gandhi and Nehru with Netaji from centre-stage of India's freedom struggle, he would also win brownie points in Bengal and with some other elements. Something that is very much a part of his party's ideology.

Today if Netaji is such a revered figure, it is not so much for, what he had done earlier, but because of his escape and what he did after his escape. However, little is known of the people who made his escape happen and who first put the idea in his head to escape from India and pursue the cause of India's freedom from Germany and Japan. They were Maharajah Shankar Pratap Singhdeo and his brother Rajkumar Gourendra Singhdeo of Dhenkanal a princely state of Orissa situated a little North of Cuttack. These two princes aided his escape and one of the most enigmatic women of her time, a woman of foreign decent and nationality, more Indian and Hindu than anyone by birth, she was Julia Portaz better known in India as Savitri Devi a name given to her by Gurudev Rabindranath Tagore.

The story of Netaji's great escape aided and abetted by the two Dhenkanal princes is best told by my friend and kinsman Wing Commander Binoy Kumar Singhdeo a helicopter pilot and veteran of the 1971 War. He is the son of Raj Kumar Gourendra Singhdeo so is best suited to tell this story as it is very much a part of his family lore. Binoy in the 1971 War played a stellar role as a helicopter pilot when for an extended period he operated deep in enemy territory in Sindh in support of our troops. Many of his operations were in support of a fellow, Maharajah Bhawani Singh MVC of Jaipur who as commanding officer of 10 Paras occupied almost six thousand square kilometres of enemy territory.

### Wing Commander BK Singhdeo

"The Maharajah of Dhenkanal, Raja Shankar Pratap SinghDeo Bahadur and his brother Rajkumar Gourendra Pratap SinghDeo were well known to the Bose family in Cuttack. Subhash's father Janki Nath Bose was their local guardian and tutor when they were in school in Cuttack. Janki Nath Bose's house in Cuttuck was next to the house of the Maharajah of Dhenkanal and the children of the two had grown up together and were friends. On 5 December 1940 Netaji was put under house arrest in his own residence in Elgin Road in Calcutta. His older brother Sarat Chandra Bose fearing for the life of Subhash Chandra Bose wrote to Raja Shankar Pratap SinghDeo asking for his help in letting Netaji escape. My uncle Raja Shankar Pratap SinghDeo who was residence in his own house in Elgin Road quickly drew up an escape plan. Rajkumar Gourendra SinghDeo (my father) who knew Netaji and his family since childhood, made a number of trips to Netaji's residence to discuss the escape plan and fool the police into believing that their comings and goings were a routine affair. The car they used was a Dhenkanal State car with red number plates which like government VIP cars today was exempt from routine police checks and searches. Finally, one day my father GP SinghDeo handed over an envelope with false identity papers and travel documents and money to Netaji and returned back. Initially the police personnel posted at Netaji's house did not suspect anything untoward was happening. Finally, Raja Shankar Pratap Singh's car driven by the Maharaja's driver, came to Netaji's house. Netaji and a few others got into the car and quickly sped away before the police realized what was happening and could react. It is only when the car returned to drop the others who had accompanied Netaji that the police got suspicious.



Raja & Rani Dourendra Singh of Dhenkanal.

From Calcutta Bose was driven to Burdwan and from there by train to Delhi in the guise of a Muslim Mohammad Ziauddin, the false identity papers of a real-life person had been arranged by the Dhenkanal's. After several changes of trains, he reached Peshawar where a Pathan helped to smuggle him to Kabul. From Kabul he was taken to Samarkand then under Soviet rule. The Russians at that time were anti-British and pro-German (In 1939 the Germans and Russians had signed a mutual friendship treaty called the Molotov-Ribbentrop Pact) and the German attack on Russia had not yet taken place. The Russians then arranged for Bose to travel to Berlin where Bose met Hitler. This meeting had been facilitated/arranged by Savitri Devi Mukherji original name Julia Portaz who is the mystery lady and subject of the later part of this account.



Asit Mukherji- Savitri Devi's husband.



Savitri Devi.

> The Russians at that time were anti-British and pro-German (In 1939 the Germans and Russians had signed a mutual friendship treaty called the Molotov-Ribbentrop Pact) and the German attack on Russia had not yet taken place. The Russians then arranged for Bose to travel to Berlin where Bose met Hitler.

### The British Suspected

The British rightfully suspected the involvement of the Dhenkanal Royal Family in Netaji's escape but did not have any proof. In early 1942 a Devi Puja was being organized in the Dhenkanal Palace and the British made out a case that the Puja is being made to incite the public to rise against the British rule, a warrant of Arrest under Defence of India Rules was issued against my father for organizing public support against the British king. Some Indian civil and police officials tipped of my father who along with my mother and elder brother the Maharajah escaped from Dhenkanal to Kashmir and went into hiding on a houseboat in Srinagar. My second brother was born on the houseboat. There were complications at his birth but no hospitalization or medical help could be sought to maintain secrecy, should the authorities have learnt of their true identity, they would have arrested the family. Our family went through a very tough time and my brother was differently abled for the rest of his life. The family could only return to Orissa in late 1946.

Whilst my parents and my siblings were in hiding, my uncle the Maharajah Shankar Pratap Singh was having a difficult time too. The Viceroy Lord Linlithgow wanted to arrest him for sedition and resume Dhenkanal State Linlithgow had an arrest warrant issued against him, but an appeal made directly to King George VI, was received favourably by him and the Viceroy's order rescinded. However, Linlithgow did not give up easily and my uncle was exiled from Dhenkanal had to go into hiding. The King on learning of Linlithgow's actions was displeased and conveyed his displeasure to the Secretary of State for India. The King said: "Linlithgow as a viceroy is a servant of the state which I represent, Maharajah Shankar Pratap Singh of Dhenkanal is my brother and fellow prince as such the viceroy has no authority to arrest my fellow prince. The Maharaja's son is the present Maharajah Brig KP Singhdeo AVSM a person I hold in higher esteem than almost anyone else. He is a soldier, who as a sitting Member of Parliament took part in the 1971 War As a parliamentarian, minister and sportsman and sports administrator has contributed to our country has been immense. Someday I hope to write his biography.

King George VI was known to be a mild tempered monarch, but here he stood up for his prerogatives and Linlithgow was replaced as viceroy by Field Marshal Wavel. Here I think George VI was following the example set fifty years earlier by his great grandmother Queen Victoria in dealing with the Manipuri Princes after the Manipur war of 1991, Victoria expressed her strong displeasure to Lord Lansdowne on the treatment of Manipur Princes: - "Trust the Senapati will not be executed. He is not guilty of murder and the effect is sure to be bad in India. That harsh crushing policy will not do now.....I cannot consider that the Senapati was not aware of our intention to seize him and thus had cause for resistance....the principle of governing India by fear and crushing them, instead of by conciliation is one which will answer in the end and which I wish to see more and more altered...Hanging a prince has something, cruel and cold blooded about it."

### Julia Portaz Aka Savtri Devi Mukherji

30th September 2022 is the 127th birth anniversary of Savitri Devi Mukherji born Maximiani Julia Portaz (1905-1982), the daughter of French citizen of Greek descent and an English mother of Italian descent. She was a believer in the racist theory of the superiority of the Aryans and their God given right to rule the world and all the human races on Earth. She was a staunch Nazi sympathizer and friend of Hitler. She was also a strong advocate of animal rights. Even after the defeat of Hitler and defeat of Germany her views and beliefs remained unchanged and till her death in 1982 in Delhi and even afterwards, she has been an icon and intellectual guide of the far-right Neo-Nazis and racial supremacists. But there is one big difference in her racist ideology, to her it was not the Europeans and their descendants who are the true and unadulterated Aryans, it is the Indians who are the true Aryans who have remained pure and unaffected by Judeo Christianity, which has corrupted the Europeans. The Europeans according to her have committed the cardinal sin of disowning their true Greco-Roman heritage in favour of Judeo-Christianity which is alien to Aryan civilisation and philosophy.

She studied philosophy and chemistry at the Lyons University earning two masters and a Ph.D. in philosophy. She travelled to Greece and Turkey and surveyed the legendry ruins of ancient troy and found the 'swastika' amongst Schliemann's discoveries at Troy. In 1932 she travelled to India which she considered the homeland of the Aryans and Indians to be the only true Aryans. In 1940 she met and married a Bengali Asit Krishna Mukherji the editor of a pro-Nazi newspaper 'New Mercury' and came into contact with Tagore and Subhash Chandra Bose. Mukherji edited a pro-Nazi newspaper 'New Mercury'. She volunteered to work at the Hindu Mission and became a strong supporter of Indian Independence and Hindu nationalism and took the name Savtri Devi. She wrote a book 'A Warning to the Hindus' in order to offer her support for Hindu nationalism and independence, and rally resistance to the spread of Christianity and Islam in India. She also distributed Nazi propaganda and passed military intelligence to the Germans. A couple of years before the start of the Second World War she enabled Bose to contact representatives of Germany and Japan, including Hitler whom she had known and befriended before coming to India. It is at her persuasion that Netaji decided to escape to Germany to continue the war for independence against Britain.



Maharajah of Jaipur and Wg Comdr Singhdeo on the right in Sindh 1971.


Savitri was a proponent of a synthesis of Hinduism and Nazism proclaiming Adolf Hitler to have been an avatar of Vishnu. After the War she travelled to Europe under the name Savitri Devi Mukherji as the wife of a British subject on a British Indian Passport. She travelled to several countries to promote the cause of Neo-Nazis and was also arrested and spent some time in prison. In 1960 she returned to India, making it her permanent home but she continued to travel widely all over the world writing and espousing far right causes. She died in 1982 in Essex England and her ashes are interred in the headquarters of the American Nazi Party in Arlington Virginia, not far from the Arlington Cemetery were all American Military Heroes and former Presidents are buried.

> Savitri was a proponent of a synthesis of Hinduism and Nazism proclaiming Adolf Hitler to have been an avatar of Vishnu. After the War she travelled to Europe under the name Savitri Devi Mukherji as the wife of a British subject on a British Indian Passport. She travelled to several countries to promote the cause of Neo-Nazis.

It would be foolish to dismiss Savitri Devi as a past and aberrant phenomena. She may be forgotten in India but as her nephew the left wing journalist Sumanta Banerjee says, it is only a matter of time before the she becomes an icon for our right wing groups. In Europe it has already happened. The re-emergence of far right parties in the political scene is testimony to the appeal of her ideology to a large section of society, as the recent elections in European countries has shown. In Italy the far right nationalist party has won the election and Georgia Meloni who once praised Mussolini and the fascists is the new prime minister, In France Marine Le Pen another ultra-right wing neo fascist is a close runner up for the presidency. Margaret Thatcher and Trush too can be called Ultra-nationalist and authoritarian the two qualities that are attributed to Nazis and fascists. And if these two qualities of ultra-nationalism and authoritarianism are accepted as markers for fascists then our own Indira Gandhi and Mamta Bannerjee and Jayalalita, Ceylon's Bandarnaike, Israel's Golda Meir and Burma's Aung San Suui Kyi may also have to be included in the list.


Like it or not the legacy of Savitri Devi earlier known as Maximiani Julia Portaz is alive and kicking and we are likely to see more of it in the years ahead. Her statue or photograph may someday find a place next to that of some of the world's greats in the United Nations Hall of Fame.

writetoarbit@rashtradoot.com



Birds eye view of Dhenkanal Palace.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जनप्रिय नेता विधायक भंवरलाल शर्मा का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



विधायक पं. भंवरलाल शर्मा के पार्थिव शरीर पर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने पुष्प चक्र अर्पित किए।

- प्रदेश के दिग्गज नेताओं सहित हजारों समर्थक रहे अंतिम यात्रा में शामिल
- सरदारशहर का एक ही लाल भंवरलाल भंवरलाल, भंवरलाल शर्मा अमर रहें अमर रहें के नारों से आसमान हुआ गुंजायमान

**सरदारशहर,** (निसं)। सोमवार को जन जन के प्रिय विधायक पं भंवरलाल शर्मा का पार्थिव शरीर हजारों समर्थकों की मौजूदगी में पंचतत्व में विलीन हो गया। इससे पूर्व विधायक आवास से शर्मा के पार्थिव शरीर को तिरंगा ओढाकर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सफर के लिए रवाना किया गया। जहां से उनके पार्थिव शरीर को ताल मैदान स्थित नेहरू पार्क के आगे करीब 2 घंटे अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। पार्थिव शरीर के पास उनके भ्राता श्याम सुंदर शर्मा, बडे बेटे अनिल शर्मा केसरी चंद शर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

यहां पर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया, झालावाड सांसद दुष्यंत सिंह, चूरु सांसद राहुल कस्वां, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, रतनगढ विधायक राजकुमार रिणवा, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, बसपा नेता मनोज न्यांगली सहित सैकडों की संख्या में प्रभावशाली लोगों ने उन्हें पुष्प चक्र भेंटकर कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साथ बिताए पलों को याद किया। यहां से पूर्व सीएम राजे विधायक शर्मा के आवास पर पहुंची जहां पर उन्होंने विधायक शर्मा की धर्मपत्नी मनोहरी देवी सहित परिवार की महिला सदस्यों को ढांढस बंधाया।

ताल मैदान से उनकी अंतिम यात्रा में हजारों समर्थकों के साथ अंतिम सफर पर रवाना हुई। इस दौरान मुख्य मार्गों पर जगह-जगह उन लोगों ने अपने प्रिय नेता को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वही नगर पालिका के आगे पालिका अध्यक्ष राजकरण चौधरी ने अपनी पूरी टीम के साथ है शर्मा के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इसके बाद अंतिम यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुए तारानगर रोड स्थित उनके निजी फार्म हाउस पर पहुंची जहां उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

अंतिम यात्रा में जनसैलाब ने जब तक सूरज चांद रहेगा भंवरलाल तेरा नाम रहेगा के नारों से आसमान गुंजायमान कर दिया। अंतिम संस्कार स्थल पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुष्प चक्र अर्पित कर अपनी पार्टी के वरिष्ठ विधायक को श्रद्धा सुमन अर्पित कर जेस्ट पुत्र राज्यमंत्री अनिल शर्मा को ढांढस बंधाया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास , जिले के प्रभारी मंत्री बृजेंद्र ओला, खानूखा बुधवाली, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, सांसद राहुल क स्वां, विधायक अभिनेष महर्षि, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा ,विधायक कृष्णा पूनिया, नरेंद्र बुडानिया, मकबूल मंडेलिया, पूर्व विधायक अशोक पीचा, जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग, पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री नसीम अख्तर,विधायक मनोज मेघवाल, विधायक अमित चाचाण, संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के पवन, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, राज्य के मुख्य खेल अधिकारी वीरेंद्र पूनिया,, पूर्व जिला प्रमुख भंवरलाल पुजारी, पूर्व प्रधान रणजीत सातडा, पूर्व प्रधान पूसाराम गोदारा, उपाध्यक्ष अब्दुल रशीद चायल, मधुसूदन राजपुरोहित, पूर्वप्रधान सत्यनारायण सहारण, उमाशंकर शर्मा, पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, सेवादल जिला अध्यक्ष संजय दीक्षित, वासुदेव चावला, चूरू प्रधान दीपचंद राहड, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी, मोहनलाल आर्य, कांग्रेस नगर अध्यक्ष महावीर माली पूर्व नपाउपाध्यक्ष मुरलीधर सैनी, पूर्व प्रधान गणेश ढाका सहित हजारों की संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नागरिक मौजूद रहे और पूर्व मंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## सरदारशहर सीएचसी उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत

- स्व. भंवरलाल शर्मा के नाम पर होगा क्रमोन्नत अस्पताल का नामकरण

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चूरू जिले के सरदारशहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। साथ ही, उन्होंने सरदारशहर के विकास में अतुलनीय योगदान देने वाले पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक स्व. भंवरलाल शर्मा की स्मृति में क्रमोन्नत अस्पताल का नामकरण भंवरलाल शर्मा राजकीय उप जिला चिकित्सालय, सरदारशहर करने के निर्णय को मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. भंवरलाल शर्मा ने कुछ दिन पूर्व सरदारशहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को क्रमोन्नत करने की मांग की थी ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि शर्मा की पावन स्मृति में तथा उनको सच्ची श्रद्धांजलि देने के क्रम में उपरोक्त प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

# खिड़की की जाली तोड़कर बैंक शाखा में चोरी का असफल प्रयास

## बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की खिड़की, स्ट्रॉन्ग रूम एवं चैक बुक लॉकर के ताले तोड़े



करौली बैंक शाखा में चोरी की घटना के बाद मौके पर जमा भीड़।

- बैंक के सीसीटीवी कैमरे भी बंद मिले, नहीं मिले फुटेज
- बैंक प्रशासन द्वारा गार्ड भी तैनात नहीं किया हुआ है

**करौली,** (नि.स.) । चोरों ने जिला मुख्यालय पर बीच शहर में स्थित बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की खिड़की, स्ट्रॉन्ग रूम एवं चैक बुक लॉकर के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया है। हालांकि चोर नकदी और कीमती सामान ले जाने में सफल नहीं हो सके। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से शहरवासी खासे परेशान हैं।

पुलिस से आक्रोशित है लेकिन पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। सूचना पर पहुंची करौली कोतवाली पुलिस और एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की साथ ही घटना में प्रयुक्त प्लास, पेचकस आदि औजार मौके से बरामद किए । पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दौरान बैंक की लापरवाही सामने आई जहां बैंक के सीसीटीवी कैमरे भी बंद मिले । इस कारण घटना के फुटेज नहीं मिल सके।

करौली शहर टाउन चौकी प्रभारी बृजराज शर्मा ने बताया कि अनाज मंडी स्थित बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में खिड़की की जाली तोड़कर चोरी की सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामने आया की चोर खिड़की की जाली और सरिया तोड़कर अंदर घुसे हैं। चोरों ने चैकबुक लॉकर का ताला तोड़ा। साथ ही स्ट्रांग रूम और एक अन्य लॉकर रूम के दरवाजे की चौखट, अलमारियों के ताले तोड़ कर चोरी का प्रयास किया। स्ट्रांग रूम का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और लॉकर तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके। इस दौरान चोरों ने लॉकर तोड़ने के लिए कई कैंची, चाबियां, पेचकस प्रयोग में लिए है। बैंक के सीसीटीवी कैमरे बंद होने के कारण फुटेज नहीं मिले। बैंक प्रशासन द्वारा गार्ड भी तैनात नहीं किया हुआ है।

बैंक मैनेजर सुरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि बैंक बीसी को आस-पास के व्यापारियों ने खिड़की टूटने की जानकारी दी थी। जिस पर बीसी ने फोन पर बैंक में चोरी की सूचना दी। सूचना पर रीजनल ऑफिस और पुलिस को फोन कर घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने बैंक पहुंच कर जांच की है। घटना में स्ट्रांग रूम, चैक बुक लॉकर,लॉकर रूम की चौखट टूटी व ताले टूटे मिले तथा सामान बिखरा हुआ मिला। हालांकि अभी तक नकदी और कीमती सामान ले जाने की जानकारी सामने नहीं आई है।

# राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने जल भराव क्षेत्रों का दौरा किया

**भरतपुर,** (निस)। विधानसभा भरतपुर के विधायक एवं सरकार में राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग आखिरकार तेज बारिश के बाद तीसरे दिन सोमवार को जल भराव क्षेत्रों का दौरा किया। भरतपुर में पिछले तीन दिनों की बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। हालत इतनी खराब है कि कई इलाके तो अब भी जलमग्न बने हुए है। कॉलोनियों में लोगों के घर तो जलभराव के बीच हैं ही वहीं कई सरकारी कार्यालय, विद्यालय व आवास भी जलभराव की समस्या का सामना कर रहे है। लोग प्रशासन की ओर उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कैसे भी करके उनकी समस्या का समाधान किया जाए।

राज्यमंत्री और भरतपुर के विधायक डॉ. सुभाष गर्ग सोमवार को भरतपुर दौरे पर आए और आते ही सबसे पहले जलभराव की समस्या का सामना कर रहे लोगों के क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को अतिरिक्त पम्प लगा इस समस्या का समाधान करने के उचित दिषा निर्देश दिए। वहीं सफाई व्यवस्था की समस्या को लेकर आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कन्नी काटते हुए गैंद नगर निगम के पाले में डाल दी। भरतपुर में सफाईकर्मियों के द्वारा कड़ा आंदोलन किया जा रहा है। सफाईकर्मी जनता आंदोलन के संयोजक एवं आंदोलन का नेतृत्व कर रहे राघवेन्द्र की गिरफ्तारी के लिए आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ.सुभाष गर्ग को जिम्मेदार ठहरा रहे है। इस मौके पर जिला कलेक्टर आलोक रंजन, नगर निगम महापौर अभिजीत कुमार जाटव, नगर सुधार न्यास के सचिव कमलराम मीना, एसडीएम देवेन्द्र परमार सहित नगर निगम के एक्सईएन विनोद चौहान सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



राज्यमंत्री डॉ. गर्ग ने अपने समर्थकों के साथ वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

न्यू पुष्पा वाटिका स्थित नेताजी सुभाष चन्द बोस राजकीय उच्च प्राथमिक आवासीय विद्यालय परिसर में भरे वर्षाजल में होकर गुजर कर तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग विद्यालय पहुॅचे और वहॉ रह रहे विद्यार्थियों से हालचाल जाने तथा नगर निगम के आयुक्त को निर्देश दिये कि पानी निकासी के लिये अतिरिक्त डीजल पम्प लगाये तथा आवागमन के लिये वाहन की व्यवस्था करें। इस दौरान उनके साथ नगर निगम के मेयर अभिजीत कुमार, जिला कलक्टर आलोक रंजन , नगर निगम आयुक्त कमलराम मीणा, नगर निगम के अधिशाषी अभियंता विनोद चौहान, नगर विकास न्यास के अधिशाषी अभियंता दुर्गा प्रसाद शर्मा थे।

## किसानों को मुआवजा राशि जारी करने की मांग

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती किसान आन्दोलन के संयोजक कुन्दन चीता व प्रवक्ता श्याम मनोहर हरित ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि हाड़ौती भर में हुई भारी बारिश से फसलों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। इसलिए उन्होंने राज्य सरकार से सर्वे करवाकर किसानों को मुआवजा राशि देने की मांग रखी। वही कटी हुई फसलों सोयाबीन, धान, मक्का व उड़द सहित अन्य फसलें खराब हो गई है, इसलिए शीघ्र सर्वे करवाकर मुआवजा राशि जारी करने की मांग की है, उन्होने आरोप लगाया की इस मुसीबत की घड़ी में किसानों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही। प्रवक्ता श्याम मनोहर हरित ने बताया कि हाड़ौती भर में फसलों को हुए भारी नुकसान की भरपाई के लिए न तो बैंक सुन रहे और ना ही बीमा कम्पनी जब केसीसी वाला किसान बैंक के पास जाता है तो वो उन्हे बीमा कम्पनी की हेल्पलाइन पर सूचना देने को कहता है, जब हेल्पलाइन पर किसान फोन करते है तो एक ही लाइन रिपीट होती रहती है कि हम आपका काल हमारे कस्टमर केयर ऑफिसर को ट्रान्सफर कर रहे हैं।

## 110.44 किमी क्षतिग्रस्त सड़कों की होगी मरम्मत

**बूंदी,** (निसं)। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बरसात से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में 110.44 किलोमीटर की 59 सडकों पर पेचवर्क शुरू कर दिया गया है।

इन सडकों में 34.94 किलोमीटर डीएलपी व 75.50 किलोमीटर नॉन डीएलपी सड़कें शामिल है। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए है कि सड़कों की रिपेयर कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावे, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। साथ ही पेचवर्क के कार्य को जल्द पूरा करवाया जावे। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता वी.के.जैन बताया कि जिले में बरसात के कारण क्षितग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि वर्तमान हाल में हुई बरसात के कारण प्रगति पर चल रहा कार्य बाधित हुआ है। बारिश रूकने के साथ ही फिर से कार्य को शुरू किया गया है। शीघ्र ही इन कार्यो को पूर्ण कर आमजन को राहत प्रदान की जाएगी।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता वी.के.जैन ने बताया कि जिले में संपर्क सड़क देहित, खेडा माताजी, ढगलावदा, बाजड से ढगलावदा, सीतापुरा से खुराड़, संपर्क सड़क सीतापुरा, जाखमुण्ड, नया बरधा से कैथूदा, संपर्क सड़क कोथ्या, मेहराणा, लालपुरा, आमथूना, सीतापुरा, गणेशपुरा रघुवीरपुरा, नारायणपुरा, बांजारा कंवरपुरा से बणच, भोपतपुरा (एसएस-29) से नैनवां एसएच-148 एसएच-138 तक 8.45 किलोमीटर डीएलपी व 19.20 किलोमीटर नॉन डीएलपी सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसी तरह शहरी सड़क नैनवां, नैनवां से कीरों का झौंपडा, नीम का खेडा से केमला, टोडापोल से चैनपुरिया, संपर्क सडक टोंपा, बडवा की देवरिया, लकडेश्वर, लकडेश्वर से पगारा, अमरत्या से काछोला, स्वरूपगढ से कालामाल, चेनपुरिया से टरडक्या आदि सड़कों का कार्य प्रगति पर है।

## डीएपी व यूरिया की किल्लत

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां रबी फसलों की बिजाई को लेकर किसानों की तैयारी जोरों पर है। वहीं डीएपी खाद की किल्लत से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में डीएपी खाद नहीं मिलने से रबी फसलों का बिजान प्रभावित होने का डर सता रहा है।

जिले के ग्रामीण इलाकों में इस सीजन में अच्छी बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कुराहट ला दी थी, लेकिन जल्दी ही परेशानी पर शिकन पैदा कर दी है। इसकी वजह रबी फसलों की बिजाई की तैयारियों के बीच पैदा हुई डीएपी खाद की किल्लत है। लूणकरनसर के बाजार में एक दुकानदार के तकरीबन 600 थैले डीएपी के पहुंचने की सूचना मिलते ही सैकड़ों किसान उमड़ पडे। कृषि विभाग के पर्यवेक्षक गंगाराम शर्मा की मौजूदगी में किसानों को दो-दो थैले के हिसाब से वितरण किया गया। इसी तरह छतरगढ़॰उपखंड क्षेत्र में पिछले कई सालों बाद अच्छी बरसात के होने के बाद धरतीपुत्रों ने अच्छे जमाने की आस रखी हुई थी। लेकिन जब फसलों के पकाव का समय आया तो यूरिया संकट खड़ा हो गया।

## साइलेंसर चोरी मामले में नर्सिंगकर्मी सहित तीन गिरफ्तार



क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- पुलिस ने मारुति इको कार के एक लाख 20 हजार रुपये के साइलेंसर बरामद किये

**अजमेर,** (कास)। मारूति कार के साइलेंसर के साथ पुलिस ने शातिर चोर गिरोह के दो लोगों समेत एक नर्सिंगकर्मी को गिरफ्तार करने में क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने सफलता प्राप्त की। पुलिस को अब तक मिली जानकारी के अनुसार दोनों शातिर चोर पहले कार का साइलेंसर चोरी करते हैं ओर उसमें से पदार्थ (मिट्टी) को निकाल कर नर्सिंगकर्मी को बेच देते और नर्सिंगकर्मी उसे री-सायकल कर दुगने दामों में आगे बेचता था। पुलिस ने आरोपियों से दो मारुति इको कार के 1 लाख 20 हजार लागत के साइलेंसर ओर करीब 15 किलो पदार्थ (मिटटी) बरामद की है। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि थाना इलाके से कार के साइलेंसर चोरी हो रहे थे। जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के निर्देश पर टीम का गठन कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। टीम ने कार्रवाई करते हुए जटिया हिल्स दाता नगर अजमेर निवासी, मानसिंह अल्ताफ को गिरफ्तार किया, जहां पूछताछ के बाद तीसरे आरोपी नर्सिंगकर्मी यादराम को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो कई वारदातें करना स्वीकार किया।

## 20 लाख की शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। अवैध शराब के खिलाफ बिछीवाडा थाना की रतनपुर पुलिस चौकी को लगातर दूसरे दिन भी बडी सफलता मिली। थाना आधिकारी ने बताया की रतनपुर बॉर्डर पुलिस चौकी के सामने सुबह चैकिंग के दौरान मुखबिर सूचना बिछीवाडा से तरफ से गुजरात तरफ जाते हुए एक बंद बॉडी कंटेनर रुकवाकर तलाशी लेने पर चालक के पीछे केबिन की छत की पट्टियां खोलकर देखा, तो अंदर से खोखला हो, केबिन के पीछे लोहे के चद्दर वेल्ड कर बॉक्स बना हुआ होकर विभिन्न वैरायटी के अवैध हरियाणा निर्मित शराब अंग्रेजी शराब कार्टून नजर आए। जिसे नीचे उतारा कर गिनती करने पर हरियाणा निर्मित शराब के 217 कार्टन जब्त किया गया। जिसकी जब्त शुदा अवैध शराब की कीमत 20 लाख रुपए आंकी गई। पुलिस ने वाहन चालक अरसद खान पुत्र रसीद खान निवासी बाई का एंडा थाना रोजका जिला मेवात हरियाणा तथा खलासी अशरुद्दीन पुत्र अयुब खान निवासी सारकला तहसील तिजारा थाना चोपान की जिला भिवाडी राजस्थान के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में प्रभुलाल थाना इंचार्ज बिछीवाडा, रतनपुर हेड कांस्टेबल गजराज, हेड कांस्टेबल प्रदीप, कांस्टेबल लोकेंद्र, रतनपुर चौकी कांस्टेबल रिपुदमन, दीपक, श्यामलाल बिछीवाडा थाना चालक विनोद मौजूद थे।

# तुलसीराम भील हत्याकाण्ड का खुलासा, हत्या का एक और आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने दो विशेष टीमें गठित कर दिया कार्रवाई को अंजाम

**राजसमंद,** (निसं)। केलवाडा थाना पुलिस ने तुलसीराम भील के हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए हत्या के आरोप में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा हत्या काण्ड का खुलासा करने एवं आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर दो विशेष टीमों का गठन कर तलाश प्रारंभ की।

केलवाडा थानाधिकारी श्यामराजसिंह ने बताया कि मामले की छानबीन करते हुए पुलिस टीम ने सम्पतलाल (22) पुत्र परथाराम भील निवासी संदूकों का गुडा, शेरों की नाडी केलवाडा को डिटेन कर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी ने अपने एक और साथी पन्नाराम पुत्र जीवाराम भील निवासी सिंया संदूकों का गुडा केलवाडा के साथ मिलकर तुलसीराम (22) पुत्र चेनाराम भील निवासी दुदालिया केलवाडा की रेबारियों की घाटी उठडों की भागल कडिया के एकांत जंगल में धारदार छुर्रे से गला रेतकर हत्या करना स्वीकार किया।

पुलिस द्वारा हत्या में शामिल अन्य आरोपी पन्नालाल की तलाश जारी है।



राजसमंद में तुलसीराम की हत्या के आरोप में केलवाड़ा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी।

थानाधिकारी ने बताया कि 6 अक्टूबर को प्रार्थी चेनाराम पुत्र देवाराम भील निवासी दुदालिया ने थाने में अपने पुत्र तुलसीराम के चार अक्टूबर से गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर छानबीन प्रारंभ की। छानबीन के दौरान ही रेबारियों की घाटी उठडों की भागल कडिया के एकांत जंगल में तुलसीराम का शव बरामद किया। जिसकी किसी धारदार हथियार से हत्या कर शव को जंगल में फैंक दिया गया था। इस हत्याकाण्ड के बाद भील समाज के लोग आक्रोशित हो गए और हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा के निर्देशन एवं कुंभलगढ डीएसपी नरेश कुमार शर्मा के सुपरवीजन में थनाधिकारी के नेतृत्व में दो विशेष टीमों का गठन कर प्रथम टीम में केलवाडा थानाधिकारी श्यामराजसिंह, हेडकोस्टेबल इन्द्रसिंह, राकेशसिंह, चालक हेडकोंस्टेबल दिलीपसिंह, कोंस्टेबल दीपकसिंह, हरलाल, नरेन्द्र, राजेश एवं द्वितीय टीम में उनि अर्जुनलाल, उसनि कालूराम, हेडकोंस्टेबल आनंदसिंह, कोंस्टेबल भरत कुमार, सुरेन्द्रसिंह, रितेश कुमार, पीराराम, हेतराम को शामिल किया गया।

पुलिस ने छानबीन करते हुए सम्पतलाल पुत्र परथाराम भील को डिटेन कर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी ने अपने साथी पन्नाराम पुत्र जीवाराम भील के साथ मिलकर तुलसीराम पुत्र चेनाराम भील की रेबारियों की घाटी उठडों की भागल कडिया के एकांत जंगल में धारदार हथियार छुर्रे से गला रेतकर स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन के साथ ही आरोपी पन्नालाल की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त

### अग्रवाल समाज ने रथ का स्वागत किया

**किशनगढ बास,** (निसं)। अग्रवाल समाज की कुलदेवी लक्ष्मी जी का रथ सोमवार को किशनगढ बास पहुंचने पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष पवन सिंघल की अगवाई में समाज बंधुओं ने स्वागत किया और धौलपुर से चलकर पहुंचे लक्ष्मी जी के रथ को शहर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया। अग्रवाल समाज के मनोज मित्तल ने बताया कि सोमवार को अग्रवाल समाज की कुलदेवी लक्ष्मी जी का धौलपुर से अग्रोहा घाम के लिए रवाना हुआ रथ किशनगढ बास पहुंचा। जिसका समाज अध्यक्ष पवन सिंघल के नेतृत्व में समाज बंधुओं की ओर से स्वागत किया गया। इसके उपरांत धौलपुर से रवाना होकर किशनगढ बास पहुंचे अग्रवाल समाज की कुलदेवी लक्ष्मी जी के रथ का भ्रमण शहर के प्रमुख मार्गों से कराया गया। रथ यात्रा के दौरान अध्यक्ष पवन सिंघल ताराचंद गर्ग विक्की गोयल प्रेम मित्तल आशीष सिंघल मनोज अबगवाल मदन लाल अबगवाल नीरज गर्ग विनय गोयल संतोष कुमार गिर्राज कुमार आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

### फसलों का मुआवजा दिलवाने की मांग

**निवाई,** (निसं)। क्षेत्र में बेमौसम बारिश होने से किसानों की सरसों, मूंगफली व ज्वार सहित अन्य फसलें चौपट गई जिसको लेकर सोमवार को भारतीय किसान संघ के आ ान पर किसानों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय पर मुआवजे की मांग को लेकर नायब तहसीलदार अरविंद कुमार को ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन में बताया कि बरसात से फसलें नष्ट हो गई है और पशुओं के लिए चारा भी नहीं बचा है। बरसात से बोई जाने वाली सरसों में भी अब देरी हो रही है। उन्होंने सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलवाने की मांग की हैं। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र जाट, तहसील अध्यक्ष रामराय जाट, केदार, गिर्राज, हरिराम, किशनलाल, हरिशंकर, रामकल्याण, बद्रीलाल, सत्यनारायण, हनुमान सहित कई किसान मौजूद थे।

### प्रेमचंद जैन अध्यक्ष बने

**निवाई,** (निसं)। शिवाजी कॉलोनी में स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई जिसमें नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मती से अध्यक्ष पद पर प्रेमचंद जैन बडागांव को मनोनित किया एवं कार्यकाणी में संरक्षक भागचंद जैन बडा गांव, उपाध्यक्ष अशोककुमार गोदा जमात, मंत्री विमलचंद जैन बडागांव, कोषाध्यक्ष हेमंतकुमार जैन माधोराजपुरा, संगठन मंत्री राजेंद्रकुमार जैन सेदरिया एवं व्यवस्थापक के पद पर दीपककुमार जैन गिदौडी को मनोनीत किया गया।

### विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**नारायणपुर,** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर थानागाजी में सोमवार को जिला स्तरीय संस्कृति ज्ञान प्रशन मंच परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में थानागाजी, प्रतापगढ , नारायणपुर स्कूल के कुल 26 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमे आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय नारायणपुर के किशोर वर्ग व बाल वर्ग प्रशन मंच में लक्की सैनी, रूचि शर्मा, अंजलि सैनी, काजल गुवारिया, सोनिया जाट व योग्यता सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही कथाकथन वाचन में नचिता चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रतापगढ स्कूल के विद्यार्थी ने प्राप्त किया। इस दौरान जिला सचिव सतीश शर्मा एवं संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी बने सिंह द्वारा प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा को पुरस्कृत किया गया। इस मौके बाबूलाल शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पं. भंवरलाल शर्मा को श्रद्धांजलि दी

**नारायणपुर,** (निसं)। क़स्बा स्थित ब्राह्मण छात्रावास मे सोमवार को सरदार शहर (चूरू) से पूर्व मंत्री, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के संस्थापक पंडित भँवर लाल शर्मा के निधन पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने शोक व्यक्त किया। इस मौके पर समाज के लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर नारायणपुर ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, कालू जोशी, मोहन लाल आत्रे, भवानी शंकर वैध, विजेंद्र कुमार, बिल्लू पारीक, हरि प्रसाद शर्मा, रजनीकांत, श्याम सुंदर आत्रे, प्रहलाद, श्री सनातन ब्राह्मण महासंघ फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरव भारद्वाज आदि लोग मौजूद थे।

# मिलावटखोरी पर लगाम लगाने के लिए संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की जाए : कलेक्टर



कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

**अलवर,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने जिला रसद अधिकारी व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीपावली के पर्व पर शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत जिले में मिलावटखोरी पर लगाम लगाने के लिए संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की जाए।

डिकॉय ऑपरेशन कर बडे स्तर पर मिलावटी सामग्री बनाने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि कार्रवाई में विशेष तौर पर दूध, पनीर, मावा व मिठाइयों के सैम्पल अधिकाधिक लेवे। दूषित खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट करावे।

उन्होंने समस्त नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी व नगर परिषद आयुक्तों को निर्देश दिये कि दीपावली तक नगरीय निकाय क्षेत्र में वार्डवार सघन साफ-सफाई अभियान चलाए। इंदिरा शहरी रोजगार गारंटी योजना के श्रमिकों से भी सम्पत्ति विरूपण आदि के साफ-सफाई कार्य करावे। शहर की रोड लाइट को दुरूस्त करावे। उन्होंने जिला परिषद की सीईओ को निर्देश दिये कि इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई के कार्य कराए जाए।

उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि वार्डवार लगाए जा रहे पेयजल समस्या समाधान शिविरों में आमजन की पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि पेयजल आपूर्ति की प्रभावी मॉनिटरिंग करे साथ ही उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि दीपावली पर्व पर बढ ने वाले विद्युत लोड को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कार्य योजना बनाकर उसे अमल में लावे।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि आवंटन के प्रकरणों के निस्तारण हेतु उपखण्ड अधिकारियों से समन्वय करे। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि प्राइवेट हॉस्पिटलों के चिरंजीवी योजना के लंबित आवेदनों का एक सप्ताह में निस्तारण करे। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की जागरूकता एवं शेष रहे परिवारों को जोडने के लिए एक सप्ताह का विशेष जन जागरूकता अभियान चलावे। उन्होंने निर्देश दिये कि सरकारी छात्रावासों में समय-समय पर मेडिकल टीम जाकर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करे। उन्होंने जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिये कि खेलेगा अलवर अभियान की कार्य योजना संबंधित विभागों के समन्वय से बनाकर उसे अमल में लावे।

स्टेडियम में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों की फोटो गैलेरी तैयार करावे। उन्होंने डीओआईटी के संयुक्त निदेशक को

■ 'आमजन की पेयजल समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए'

निर्देश दिये कि नोन फंक्शनल ई-मित्रा कियोस्क मशीनों की सूची कारण सहित भिजवाए।

उन्होंने पीएमओ को निर्देश दिये कि फिजियो थैरेपी के काम आने वाले उपकरण की खरीद करे। उन्होंने आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि विभाग के संचालित वेलनेस सेंटरों व योग केंद्रों की सूची भिजवाए व इनका प्रचार प्रसार करावे। बैठक में सीईओ जिला परिषद डॉ. अर्तिका शुक्ला, यूआईटी सचिव डॉ. मंजू, एडीएम प्रथम अखिलेश कुमार पिपल, एडीएम द्वितीय जितेन्द्र सिंह नरूका, एडीएम शहर ओ.पी सहारण, डीएफओ अलवर ए.के श्रीवास्तव, डीटीओ श्री नवीन यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने दो को कुचला

**जयपुर,** (निसं)। जयपुर-बीकानेर हाईवे पर पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय के पास सोमवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र को कुचल दिया। ट्रक दोनों को करीब 100 मीटर तक घसीट ले गया। राजमार्ग पर हुआ हादसा एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि बावरियों की ढाणी ढोढसर निवासी रामपाल यादव (55) व उनका पुत्र भैरूराम (35) मोटरसाइकिल पर सवार होकर गोविंदगढ से चौमूं की ओर जा रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के समीप पीछे से आए ट्रक ने चपेट में ले लिया। ट्रक दोनों को करीब 50 फीट घसीटते हुए ले गया। पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ने हादसे वाले स्थान से करीब 200 मीटर दूर पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के सामने ट्रक रोका। वह सीधे पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में चला गया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया।

## सामुदायिक स्थानों की सफाई की

**टोंक** (निसं)। नेहरू युवा केंद्र, टोंक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ भारत 2.0 अभियान के तहत नेहरू पार्क टोंक व जिले के प्रमुख सामुदायिक स्थानों की सफाई की गई।

कार्यक्रम में युवा मंडल एवं महिला मंडल तथा नगर परिषद के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ब्लॉक अध्यक्ष अशोक तंवर ने बताया कि अपशिष्ट कचरा संग्रह इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य स्थान (हॉटस्पॉट) पर्यटन स्थल, शैक्षणिक संस्थान, बस स्टैंड, खेल मैदान एवं उनके आसपास के स्थान, राष्ट्रीय राजमार्ग, ऐतिहासिक एवं धरोहर भवन, धार्मिक स्थल व उनके आसपास के स्थान, अस्पताल और जल स्त्रोत इत्यादि होंगे। यह कार्यक्रम 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक देश के सभी जिलों में सार्वजनिक स्थानों और घरों की सफाई का आयोजन किया जायेगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों, पीआरआई और गैर-सरकारी संगठनों, सिविल सोसायटी संगठनों सहित सरकारी संगठनों को शामिल किया जाएगा, ताकि अपने आसपास के वातावरण या स्थानों को स्वच्छ और कचरा मुक्त रखने के लिए नागरिकों में जागरूकता एवं गर्व की भावना उत्पन की जा सके। इसके साथ ही यह अभियान "स्वच्छ कालरू अमृत काल" का मूल मंत्र देगा। इस अवसर पर पीपलू ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजावत, राहुल शर्मा, दिनेश गुप्ता, नगर परिषद सपाई कर्मचारी अभिमन्यु एवं विकास आदि मौजूद थे।

## देश भक्ति गीतों पर नाचे श्रोता

**निवाई,** (निसं)। कृषि उपज मंडी के डोम में रविवार की रात्रि को नगर पालिका के तत्वावधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र जैन एवं अधिशासी अधिकारी महिमा डांगी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया।

भजन संध्या में राष्ट्रीय भजन कलाकार प्रकाश माली द्वारा कई देशभक्ति गीतों पर अनेक प्रस्तुतियां दी। प्रकाश माली द्वारा धरती धोरा री, ए मेरे वतन के लोगों सहित गौ माता के भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। देशभक्ति गीतों पर श्रोताओं ने जमकर नृत्य किया गया। पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी एवं पार्षदों द्वारा प्रकाश माली का माला दुपट्टा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानीत किया। इस दौरान नगर पालिका प्रशासन द्वारा श्रोताओं पर पुष्प वर्षा भी की गई। कार्यक्रम में गौ सेवा दल के सदस्यों का भी सम्मानीत किया गया। भजन संध्या में श्रोताओं की भारी भीड उमड पडी। कार्यक्रम की समाप्ति पर नगर पालिका अध्यक्ष इसरानी द्वारा सफल आयोजन के लिए नगरपालिका टीम और शहरवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। भजन गायक प्रकाश माली ने कहा कि भाजपा उनको चुनाव लडने का मौका देती है तो वह चुनाव लडेंगे और देश की सेवा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रकाश माली के देशभक्ति भजन भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी चर्चित है। इस दौरान पार्षद प्रदीप पारीक, पार्षद नितिन छाबडा, महावीर प्रसाद पराना, परसराम कुमावत, पार्षद महेंद्र जैन, भानु कुमावत, करण सिंह राजावत, जीतपाल गुर्जर, दुर्गाशंकर सेन, रामविलास बलाई, रामअवतार सैनी, गिर्राज जाट सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी सहित हजारों श्रोतागण मौजूद थे।

## न्यायालयों में कार्य स्थगित रहा

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के विभिन्न न्यायालयों में सोमवार को कार्य स्थगित रहा। अभिभाषक संघ अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने बताया कि एडीजे भर्ती परीक्षा 2020 की मुख्य परीक्षा परिणाम में हुई धांधली के विरोध में संघ द्वारा सोमवार को कार्य स्थगित रखा गया। वहीं दूसरी ओर सरदार शहर विधायक पं.भंवर लाल शर्मा का निधन होने के चलते बार रूम में शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि दी गई। वहीं न्यायिक कार्य भी स्थगित रहे।

### मेन्टल हेल्थ अवेर्नेस कार्यक्रम

**खैरथल,** (निसं)। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कौशल्यम इन्स्टीट्यूट आफ ट्रेनिंग सेंटर, पंडित छीतरमल लाटा वेलफेयर सोसाइटी एवं शिवज्योति मनोविकास विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें राउप्रावि के प्रधानाध्यापक राजवीर सिंह सहित संस्था के गुरुजनों द्वारा मानसिक तनाव के कारणों एवं बचाव पर व्याख्यान देते हुए भौतिक सुख-सुविधाएं प्राप्त करने की अंधी दौड व मोबाइल से दूर रहने की जरूरत बताई। जबकि अलवर जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय में मेन्टल हेल्थ अवेर्नेस सप्ताह कार्यक्रम का समापन हुआ। नवोदय विद्यालय में काउंसलिंग अध्यापिका आशु मीना ने बताया कि 4 से 10 अक्टूबर तक मनाये गये कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ के प्रति जागरूक करना और तनाव से ग्रसित लोगों की मदद व आपस में सहयोग करना तथा अपनी दिनचर्या में शामिल करना बताया गया। कार्यक्रम में महक,मोनिका, नेहा, शानू पॉटर तथा अनुष्का ने सहभगिता की।

## गौ माता की सेवा सबसे बड़ी सेवा : जगन चौधरी



गौ सेवक अध्यक्ष तेज सिंह, उपाध्यक्ष संदीप सिंह, नितिन सिंह, महिपाल सिंह, संदीप सिंह, मनीष सिंह, रोहिताश यादव, विजय सिंह आदि का माल्यार्पण कर छायाचित्र देकर स्वागत व सम्मान किया।

**पावटा,** (निसं)। ग्राम पंचायत पंडितपुरा गौशाला में सोमवार को गौ सेवक सम्मान समारोह कार्यक्रम का पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी के मुख्य आतिथ्य व पंडितपुरा सरपंच मनोज कुमार वर्मा की अध्यक्षता एवं तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा, शिवनारायण सिंह, पूर्व सरपंच धर्मपाल, पूर्व सरपंच महावीर सिंह के विशिष्ट आतिथ्य मे आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने कहा कि गौ माता की सेवा में कई सेवाओं का लाभ छुपा है। धरती पर गौ सेवा करने से बडी शायद कोई सेवा नहीं है। इससे पूर्व आगंतुक अतिथियों द्वारा गौ सेवक अध्यक्ष तेज सिंह उपाध्यक्ष संदीप सिंह नितिन सिंह महिपाल सिंह संदीप सिंह मनीष सिंह रोहिताश यादव विजय सिंह साहिल सिंह भूपेंद्र सिंह आकाश सिंह मोनू सिंह तेजपाल का माल्यार्पण कर छायाचित्र देकर स्वागत व सम्मान किया गया। इस दौरान तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा ने गौ सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि गौ माता को लावारिस अथवा आवारा नहीं कहना चाहिए। गाय माता ऐसी हैं जो भवसागर से पार लगाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरपंच मनोज कुमार वर्मा ने गौ सेवा के लिए समर्पित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूरन सिंह, लक्ष्मण सिंह, सोहन जांगिड, कैलाश यादव, जुगल यादव, बहादुर सिंह, पृथ्वी सिंह, उमराव वर्मा आदि मौजूद रहे।

### जानलेवा हमले के 2 आरोपी गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी प्रकाश सिंह ने बताया कि परिवादी छितरमल पुत्र रामचंद्र यादव निवासी कोलवा थाना श्रीमाधोपुर ने 24 जुलाई को एक रिपोर्ट पुलिस थाने में इस आशय की दी थी कि वह 22 जुलाई को अपने घर पर अपने परिवार सहित बैठा था तब सागरमल पुत्र साधूराम, रोशन पुत्र सागरमल, मोहन पुत्र साधूराम सहित अन्य सात-आठ आदमी एक राय होकर मेरे घर के कमरे में घुसकर धारदार हथियारों से मुझे व मेरे पुत्र राकेश को जान से मारने की नियत से हम दोनों के सिर पर वार किया जिससे मेरे व मेरे पुत्र राकेश के सिर व हाथों पर गंभीर चोटें आई तथा मेरे परिवार की औरतों को भी उन्होंने गंभीर चोटें पहुंचाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की तथा अनुसंधान के दौरान मुकेश कुमार निवासी बरवाडा अमरपुरा पुलिस थाना सामोद जयपुर ग्रामीण वह रामकरण उर्फ पवन कुमार पुत्र सोहन लाल यादव निवासी देव थला निवाना पुलिस थाना गोविंदगढ़ जिला जयपुर ठाामीण को गिरफ्तार किया है।

# टोंक जिला कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया



न्यायाधीश डॉ. रूबीना परवीन अंसारी ( बीचे में ) ने जेल में भोजन की गुणवता को जांचा।

**टोंक** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेंशन न्यायाधीश) टोंक डॉ. रूबीना परवीन अंसारी द्वारा जिला कारागृह टोंक का निरीक्षण कर सम्पूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याओं को सुना गया व मौके पर ही कारापाल को उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण के दौरान बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं व बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति एवं अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा जेल में भोजन की गुणवता को भी देखा गया। बंदियों द्वारा अधिवक्ता न कर पाने की स्थिति में निशुल्क विधिक सहायता के तहत प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा जिन बंदियों के पास पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है उनके निशुल्क विधिक सहायता हेतु आवेदन पत्र भरवाने हेतु कारापाल जिला कारागृह, टोंक को निर्देष प्रदान किये गये। न्यायाधीश द्वारा जेल परिसर की साफ सफाई, भोजन की

■ बंदियों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही कारापाल को निर्देशित किया

गुणवत्ता एवं व्यवस्था, विधिक सेवा क्लिनिक, महिला एवं पुरूष बैरक, परिसर, लाईब्रेरी, विडियॉ कॉन्फ्रेन्सिंग रूम, केन्टिन का भी निरीक्षण किया गया एवं बंदियों को उपलब्ध करवाई जाने वाली दैनिक एवं मासिक पत्रिका, टी.वी., सी.सी.टी.वी. कैमरा, लाईब्रेरी, जेल मैन्यूअल, बंदियों के लिए शिक्षा एवं साक्षरता, स्वास्थ्य, नेटवर्क जैमर, स्टाफ, संधारित किये जा रहे रजिस्टर, सर्दियों में बंदियों को अनुकूल वातावरण आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

## सार-समाचार

### अब्दुल वसीम बने अध्यक्ष



**टोंक,** (निसं)। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जिला टोंक के जिलाध्यक्ष के चुनाव सम्पन्न हुए। इसमें अब्दुल वसीम को राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जिला टोंक का जिलाध्यक्ष चुना गया। चुनाव संयोजक मोहम्मद सिराज अख्तर खान ने बताया कि राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जिला टोंक के जिलाध्यक्ष के चुनाव के लिए मतदान हुआ, विजय प्रत्याशी अब्दुल वसीम ने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रत्याशी मदन मोहन गोठवाल को 47 मतों से पराजित किया। निर्वाचन अधीकारी डा. संदीप राजोतिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ सहायक विरेन्द्र चौधरी अब्दुल वसीम को जिलाध्यक्ष घोषित किया। जिला संयोजक सिराज अख्तर खान, निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी ने मिलकर अब्दुल वसीम को जिलाध्यक्ष की शपथ ग्रहण कराई और समस्त नर्सिंग स्टाफ ने जिलाध्यक्ष अब्दुल वसीम को मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

### 263 सरसो के मिनीकिट का वितरण

**मालपुरा,** (निसं)। सहायक कृषि उपनिदेशक कार्यालय मालपुरा द्वारा सोमवार को इंदोली पंचायत में किसानों को रबी की फसल जुताई के लिए 263 सरसो के मिनीकिट नि:शुल्क वितरण किये। मानप्रकाश जाट ने बताया कि कृषि पर्यवेक्षक अनिता सैनी द्वारा पंचायत मुख्यालय पर कैम्प लगा कृषि विभाग द्वारा सभी मानको की जांच के बाद तैयार किये गये सरसो वैरायटी आरएच 725 व आरएच 761 के चयनित 263 किसानो को मिनीकिटो का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस बार सरसो जुताई के अनुकुल समय मे विभाग द्वारा सरसो किट उपलब्ध करवाये जाने पर किसानो ने विभाग का आभार जताया।

### पावटा में शरद पूर्णिमा महोत्सव मनेगा

**पावटा,** (निसं)। पावटा व आसपास के क्षेत्रों के मंदिरों पर मंगलवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर पावटा के गोपाल भैया मंदिर, जोहडा धाम बाबा भूतनाथ मंदिर, नृसिंह मंदिर, हखडेत हनुमान मंदिर, राठी वाला मंदिर, सीताराम मंदिर, मुरलीधर मंदिर, भौम्या जी मंदिर, ब्रह्म जोडी मंदिर, टोरडा मंदिर सहित अनेकों स्थानों पर श्रद्धालुओं के द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी तथा खीर बनाकर चंद्रमा की धवल चांदनी में रखा गया। वही ब्रह्मजोडी मंदिर में हरीदास महाराज, टोरडा मंदिर में मंगलदास महाराज, गोपाल भैया मंदिर मे मोहनदास महाराज, जोहडा धाम का बाबा भूतनाथ मंदिर में केशवदास महाराज सहित महंतों द्वारा रात्रि 12 बजे आरती कर भगवान को खीर का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। इस अवसर पर भक्तजन उपस्थित रहे।

### संरक्षक नियुक्त किये

**मालपुरा,** (निसं)। हिन्दू समरसत्ता मंच द्वारा दीपावली पर्व पर आयोजित तीन दिवसीय दीपोत्सव कार्यक्रम हेतु आयोजन समिति कार्यकारिणी का गठन कर संरक्षक नियुक्त किये व नगरपालिका ईओ देशराज मीणा को समिति की और से व्यवस्तार्थ पत्र सौंपा गया। सौंपे गये पत्र में अवगत करवाया कि 22 व 23, 24 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रमों के दौरान आकर्षक सजावट एवं अन्य व्यवस्थाओं मे पालिका सहयोग करे। जिस पर ईओ ने अवगत करवाई गई सभी व्यवस्थाए करवाने का विश्वास दिलाया। समिति संरक्षक के रूप में राकेश जैन, चम्पालाल जैन, जैनराज सिंघी, हनुमान विजय, सुनिल परतानी, प्रहलाद शर्मा, रामबाबू खंडेलवाल, संजय दगोलिया, रामबाबू व्यास, अटल पारीक, रामधन चौधरी, कैलाश गुर्जर, रतन लाल सोनी, बाबूलाल खटनावलिया, सुखपाल सोनी, ओमप्रकाश सोनी,रामस्वरूप बैरवा, रामधन नावरिया, कन्हैयालाल बडगुर्जर, रामलाल साहु, कुंजबिहारी खारोल, नारायण दास सिंधी, ओमप्रकाश नामा, अनिल सैन, रामगोपाल कनोजिया, चंदन सिंह गवारिया, शिवदयाल दास को संरक्षक मंडल मे शामिल किया गया। जो कि उत्सव की सभी तैयारियों की माकूल व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करेगें।

### टेंडर होने के बाद भी अंडरपास का काम शुरू नहीं

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर के काली मोरी फाटक पर रेलवे अंडरपास बनाने का वर्क आर्डर होने के बावजूद निर्माण का काम शुरू नहीं हो सका है। जिसके कारण काली मोरी के आसपास की करीब एक दर्जन कॉलोनियों में रह रहे हजारों लोग परेशान है। पटरी के ऊपर से जान जोखिम में डालकर निकलते हैं। इसके विरोध में सोमवाार सुबह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने काली मोरी फाटक पर धरना देकर विरोध जताया है। भाकपा के सह सचिव तेजपाल सैनी ने बताया कि अंडर पास नहीं बनने के विरोध में धरना दिया है। जिसमें पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्थानीय लोग शामिल हुए। सबका कहना है कि जल्दी निर्माण का कार्य शुरू हो ताकि आमजन को अंडरपास की सहूलियत मिले। असल में रेलवे अंडर पास बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी के जरिए 2 करोड 63 लाख रुपए का वर्क ऑर्डर हो चुका है लेकिन निर्माण शुरू करने में जानबूझकर देरी की गई है। इस कारण आमजन में गुस्सा है। राजकुमार बख्श ने कहा कि इस साल 6 जून को वर्क ऑर्डर हो चुका है लेकिन, चार माह बाद भी काम नहीं हुआ है। इस कारण जनता में विरोध है। काली मोरी फाटक के पास भाकपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन मौजूद थे।

### एएसपी के नाम ज्ञापन सौंपा

**पावटा,** (निसं)। कोटपुटली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्याप्रकाश को टसकोला ईमित्र संचालक से लूट की वारदात का खुलासा नहीं होने पर भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपते हुए भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी ने बताया कि 4 सितंबर 2022 को ग्राम टसकोला में ई-मित्र संचालक नरेंद्र सिंह रत्नावत के साथ 4 लाख रुपये की लूट की गयीं। चोरी, लूटपाट व गोलीकांड जैसी बढ ती घटनाओं के कारण आमजन में डर व्याप्त हो गया हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश को ज्ञापन देकर कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द आरोपियों को पकडकर पीडित की सहायता की बात कहीं। इस दौरान सत्ताईसा अध्यक्ष दशरथ सिंह, हरिसिंह सरंक्षक, जगजीत सिंह महामंत्री, रामचंद्रसिंह उपाध्यक्ष, घीसासिंह कोषाध्यक्ष सहित सभी सताईसा के सदस्य मौजूद रहे।

### साईबर क्राइम के प्रति जागरूक किया

**बहरोड/ भिवाडी,** (निसं)। बहरोड थानाधिकारी वीरेंद्रपाल सिंह ने आम जनता को जागरुक करने के लिए पुलिस के प्राथमिक कत्तर्व्य का पालन करते हुए चेतावनी संकेत दिया कि 5जी सेवा शुरू होने से साइबर अपराध के कुछ बदमाश आपके मोबाइल पर कॉल करेंगे और आपसे कहेंगे कि आप अपने सिम कॉर्ड को 4 से 5 दिन में अपडेट करें। आपको एक ओटीपी मिलेगा वो हमें बताएं। तो आपको ऐसा नहीं करना है तथा अपना ओटीपी व पिन या पासवर्ड नहीं देना है। यदि आप उन्हें उनके द्वारा भेजा गया ओटीपी, पिन या पासवर्ड नंबर बताते हैं, तो सायबर ठग आपके बैंक खाते या मित्र ऐप में सभी पैसे अपने खाते में स्थानांतरित कर लेंगे। सायबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें।

### रामदेव मंदिर में मनाई वाल्मीकि जयंती

**सांभरझील,** (निसं)। वाल्मीकि समाज सांभर में रामदेवजी के मंदिर में वाल्मीकि जयंती मनाई साथ ही मांगूराम जी की जयंती भी मनाई गई। इसमें छात्रसंघ अध्यक्ष भवनेश गुर्जर, राजस्थान सफाई मजदूर कांठोस उपाध्यक्ष मुनीत पंवार, अभिनव तंबोलिया, विजय चांगरा, अमित तंबोलिया, नवीन चांगरा, अमन पवार, गौरव तंबोलिया, राजन तंबोलिया, रवि कोपर, ने माला पहनाकर फूल अर्पित कर कर जयंती मनाई गई।



विपक्षी टीम के लिए सम्मान जीत और हार से नहीं आता है, जीत और हार खेल का हिस्सा हैं। हम निश्चत रूप से पाकिस्तानी टीम का सम्मान करते हैं और वे भी ऐसा ही करते हैं।
**- रविचंद्रन अश्विन**

**भारत के ऑफ स्पिनर**, पीसीबी के अध्यक्ष द्वारा की गई टिप्पणियों पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## इशान किशन

**इशान** किशन ने दूसरे एकदिवसीय मैच के बाद कहा, मेरी ताकत है छक्के मारना। इसलिए अगर मैं छक्के मारकर अपना काम कर सकता हूं तो मैं इतना रोटेट करने के बारे में नहीं सोचता। लेकिन हां, ऐसी पारी होगी जहां दूसरे छोर से विकेट गिरने पर रोटेशन की आवश्यकता होगी। तब स्ट्राइक भी रोटेट करूंगा। उसके लिए (स्ट्राइट रोटेट करने के लिए) भी अभ्यास जरूरी है। लेकिन अगर आपकी ताकत छक्के मारने की है और आपको ऐसा करने के लिए गेंद मिलती है तो आपको स्ट्राइक रोटेट करने की जरूरत नहीं है। बस एक छक्का मारा।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# टी-20 विश्व कप से पहले अभ्यास में जुटी भारतीय टीम

## अभ्यास मैच में पश्चिम ऑस्ट्रेलिया को हराया, सूर्यकुमार, अर्शदीप चमके

पर्थ, 10 अक्टूबर। भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 से पूर्व आयोजित अभ्यास मैच में सोमवार को सूर्यकुमार यादव (52) के अद्धर्शतक और अर्शदीप सिंह (6/3) की शानदार गेंदबाजी से पश्चिम ऑस्ट्रेलिया (वाका) एकादश को 13 रन से मात दी। पर्थ में पिछले तीन दिनों से अभ्यास कर रही भारतीय टीम ने 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाये, जिसके जवाब में वाका एकादश 145 रन ही बना सकी। भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। कप्तान रोहित शर्मा (03) के साथ ऋषभ पंत (07) पारी की शुरुआत करने उतरे, हालांकि दोनों बल्लेबाज जल्दी ही पवेलियन लौट गये। सूर्यकुमार यादव ने भारत के लिये 35 गेंदों पर सर्वाधिक 52 रन बनाये। विश्व टी20 रैंकिंग में दूसरे नंबर के बल्लेबाज ने अपनी पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के जड़े। इसके अलावा हार्दिक पांड्या ने 20 गेंदो पर 27 रन बनाये जबकि दीपक हुड्डा ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 22(14) रन का योगदान दिया। जब सूर्यकुमार विकेट पर आये तब भारत पावरप्ले में 28 रन पर दो विकेट गंवा चुका था, लेकिन उन्होंने 18वें ओवर में आउट होने से पहले टीम को 129/5 के स्कोर तक पहुंचा दिया।



उनका विकेट गिरने के बाद भारत ने अगली 16 गेंदों पर 29 रन जोड़कर वाका एकादश के सामने 159 रन का लक्ष्य रखा। वाका एकादश ने इस लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 12 रन पर चार विकेट गंवा दिये। अर्शदीप ने निक हॉबसन और ऐरन हार्डी का विकेट लिया जबकि भुवनेश्वर कुमार ने डार्सी शॉर्ट और ऐश्टन टर्नर को आउट किया। विकेटकीपर बल्लेबाज कैमरन बैनक्रॉफ्ट (22) ऑस्ट्रेलिया की पारी को संभाल रहे थे लेकिन युज़वेंद्र चहल ने उन्हें बोल्ड किया। सै फैनिंग (59) की अद्धर्शतकीय पारी की बदौलत वाका एकादश 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 145 रन बना सकी। अर्शदीप ने भारत के लिये सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में केवल छह रन देकर तीन विकेट लिये। भुवनेश्वर (चार ओवर, 26 रन) और चहल (चार ओवर, 15 रन) ने दो-दो विकेट लिये। हर्षल पटेल ने एक विकेट लिया लेकिन वह चार ओवर में 49 रन देकर महंगे साबित हुए। भारत का अगला अभ्यास मैच 13 अक्टूबर को इसी टीम के साथ होगा। इसके बाद रोहित शर्मा की टीम टी20 विश्व कप के आधिकारिक अभ्यास मैचों में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का सामना करने के लिये ब्रिस्बेन रवाना होगी।

# एकतरफा मुकाबले में भारत ने थाईलैंड को नौ विकेट से हराया

## महिला एशिया कप में 37 रन के आसान लक्ष्य को छह ओवर में हासिल किया



सिलहेट,10 अक्टूबर। महिला एशिया कप 2022 जीतने की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने स्नेह राणा (9/3) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत थाईलैंड को एकतरफा मुकाबले में सोमवार को नौ विकेट से मात दी। थाईलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.1 ओवर में ऑलआउट होने से पहले केवल 37 रन बनाये। इस छोटे लक्ष्य को भारत ने छह ओवर में ही हासिल कर लिया। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए थाईलैंड के 10 बल्लेबाजों को दहाई का आंकड़ा नहीं छूने दिया। थाईलैंड की सलामी बल्लेबाज नानापट कोनचारोएंकाई ने अपनी टीम के लिये सर्वाधिक 12 रन बनाये। भारत के लिये स्नेह ने चार ओवर में नौ रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि दीप्ति शर्मा और राजेश्वरी गायकवाड़ ने दो-दो विकेट चटकाए। मेघना सिंह ने एक विकेट हासिल किया। भारत के लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरीं शेफाली वर्मा आठ रन बनाकर आउट हो गयीं। सबभिनेनी मेघना ने 18 गेंदों पर तीन चौकों के साथ नाबाद 20 रन बनाये जबकि पूजा वस्त्राकर ने 12 गेंदों पर नाबाद 12 रन जोड़े। भारत ने लीग स्टेज में अपने छह में से पांच मैच जीतकर महिला एशिया कप 2022 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

## भारत ने अंडर-17 एशियाई कप के लिये क्वालीफाई किया

दमाम (सऊदी अरब), 10 अक्टूबर। भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर 2022 के आखिरी मैच में सऊदी अरब के हाथों हारने के बावजूद एशियाई कप 2023 में जगह बना ली है। मेज़बान सऊदी अरब ने यहां प्रिंस मोहम्मद बिन फहद स्टेडियम पर रविवार को खेले गये मैच में भारत को 2-1 से मात दी। विजेता टीम के खिलाड़ी तलाल हाजी 22वां मिनट और 58वां मिनट में गोल किये जबकि भारत का एकलौता गोल टी गंगटे (90.5 मिनट) ने अतिरिक्त समय में जमाया। भारतीय युवाओं क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के 10 समूहों की छह सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक होने के नाते मुख्य टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई कर लिया। भारत ने इससे पहले क्वालीफायर मैचों में मालदीव (5-0), कुवैत (3-0) और म्यांमार (4-1) को मात दी थी।

# बुमराह की अनुपस्थिति दूसरे गेंदबाजों के लिये अवसर : बांगर

### 'बुमराह का चोटिल होना भारतीय टीम के लिये बहुत बड़ा झटका'

कोलकाता, 10 अक्टूबर। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी20 विश्व कप 2022 से पहले कहा है कि जसप्रीत बुमराह का चोटठास्त होना भारत के लिये बड़ा नुकसान है, लेकिन यह अन्य गेंदबाजों के लिये अपनी छाप छोड़ने का अवसर भी है।



बांगर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा, जसप्रीत बुमराह का चोटिल होना भारतीय टीम के लिये बहुत बड़ा झटका है। भारतीय गेंदबाजी में बुमराह के न होने से कई टीमें भारत के खिलाफ अपने खेलने के तरीके में बदलाव करेंगी। यह भारत के लिये परेशानी का सबब बन सकता है, लेकिन एक व्यक्ति के चोटग्रस्त होने से दूसरे व्यक्ति के लिये अवसर है। उम्मीद है कि दीपक चाहर या शमी या फिर अर्शदीप विश्व कप में अपनी छाप छोड़ सकते हैं। बुमराह की चोट ने भारतीय टीम में अपनी जगह बनाने के लिए कई दावेदारों को अवसर किया है। चयनकर्ताओं के पास मोहम्मद शमी, दीपक चाहर और मोहम्मद सिराज के रूप में तीन विकल्प मौजूद हैं और उन्हें 15 अक्टूबर से पहले एक नाम निर्धारित करना है।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने बुमराह की जगह एक गेंदबाज चुनने पर कहा, यह एक मुश्किल फैसला है। आप उम्मीद कर सकते हैं कि विश्व कप एक खिलाड़ी को खुद से बेहतर होने का अवसर देता है। वे सामान्य से बेहतर प्रदर्शन करते हैं। इसलिए जो कोई भी बुमराह की जगह लेता है, मुझे उम्मीद है कि वह भी ऐसा ही करेगा। बुमराह जैसे खिलाड़ी की जगह भरना बहुत मुश्किल है। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। भारत इस विश्व कप में उनकी कमी महसूस करेगा।

# हमारे खिलाफ गोल करना आसान नहीं होगा : डेनरबी

भुवनेश्वर, 10 अक्टूबर। भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के कोच थॉमस डेनरबी ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में अमेरिका के खिलाफ मुकाबले से पहले सोमवार को कहा कि उनकी टीम के खिलाफ गोल करना आसान नहीं होगा।

डेनरबी ने अपनी टीम पर भरोसा जताते हुए कहा, हमारे पास एक ऐसी टीम है जिसे हम बहुत अच्छी तरह से बचाव करने के लिये जानते हैं। कल सभी देख सकेंगे कि हमारे खिलाफ स्कोर करना कितना मुश्किल होगा। अगर हम अपने द्वारा बनाए गए अवसरों का उपयोग करते हैं, तो हम मैच में कुछ अंक बना सकते हैं। अमेरिका जीत के प्रबल दावेदार के रूप में आएगा लेकिन यह सब कागज पर है। हमारा ध्यान हमारी योजना पर है। अगर हमारा दिन अच्छा रहा और हमने शुरुआती गोल किये, तो यह हमारे लिए अच्छा होगा।

डेनरबी ने कहा, घरेलू फायदा हमेशा होता है। कुछ लड़कियां स्टेडियम में बड़ी भीड़ देखकर थोड़ा दबाव महसूस कर सकती हैं, हालांकि मैच का परिणाम पिच पर तय किया जाएगा। भारत की कप्तान अस्तम उरांव ने शुरुआती मैच से पहले टीम के उत्साह के स्तर के बारे में बात की और कहा कि टीम शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत है।

उरांव ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम अमेरिका के खिलाफ खेलने के लिए और 6-7 महीने के प्रशिक्षण के बाद टूर्नामेंट शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। कल वह दिन है जब हमें मैदान पर सब कुछ छोड़ना होगा। हमारा पूरा ध्यान आगे के मैचों पर है और हमारे लिए कुछ और मायने नहीं रखता है। उन्होंने कहा, हमें आज अच्छी नींद लेनी है और आराम करना है।

सभी खिलाड़ी शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत महसूस कर रहे हैं। हमने जिम में समय बिता कर अपने धीरज के स्तर पर कड़ी मेहनत की है। हम कल अपने विरोधियों को अच्छी टक्कर देंगे। भारतीय लड़कियां फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार, 11 अक्टूबर को अमेरिका के खिलाफ भुवनेश्वर में करेंगी।

# यूएसपीए कप : मेयो की दोनों टीमों ने दो-दो गोल किए



जयपुर, 10 अक्टूबर। यूएसपीए कप के चौथे संस्करण का आज राजस्थान पोलो क्लब में आयोजन किया गया। इसका आयोजन दक्षिणी भारत के मेयो एलुमनाई एसोसिएशन, यूएस पोलो एसोसिएशन और राजस्थान पोलो क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रोमांचक मैच दोनों टीमों (मेयो व्हाइट और मेयो ग्रीन) द्वारा दो-दो गोल करने के साथ ड्रॉ पर समाप्त हुआ। सवाई पद्मनाभ सिंह की नेतृत्व वाली टीम मेयो व्हाइट में मेयो कॉलेज के पूर्व छात्र थे, जिसके लिए केडी सिंह और विक्रमादित्य सिंह ने एक-एक गोल किया। मेयो ग्रीन्स के लिए वीरमदेव कृष्णावत और हिम्मत सिंह बेदला ने एक-एक गोल किया। ट्रॉफी और पुरस्कार मुख्य अतिथि किशनगढ़ के पूर्व महाराजा ब्रजराज सिंह द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर जयपुर के भूतपूर्व राज परिवार की सदस्य राजमाता पद्मिनी देवी भी उपस्थित थीं। अन्य प्रमुख अतिथियों में अंबिका कुमारी, महाराज विजित सिंह, महाराज नरेंद्र सिंह, दक्षिणी भारत के मेयो एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष, विवेक बाली, मेयो ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के अध्यक्ष कर्नल भवानी सिंह शामिल थे। मेयो कॉलेज और मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल के दो बैंड प्रस्तुति देने के लिए अजमेर से आए थे।

## भारत ने जीती बधिर टी-20 चैम्पियंस ट्रॉफी

अजमन, 10 अक्टूबर। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने वीरेंद्र सिंह (50 नाबाद) के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराकर डीआईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 का खिताब जीत लिया है। भारत ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 141 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका 101 रन पर ऑल आउट हो गई। भारत ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाए। कप्तान वीरेंद्र ने टीम की अगुवाई करते हुए अर्धशतक जड़ा, जबकि उनका साथ देते हुए इंद्रजीत यादव ने 40 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए आर डु प्लेसिस ने 23 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला और प्रोटियाज 101 रन पर सिमट गई। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोमा बलवानी ने कहा, यह एक बहुत ही खास टूर्नामेंट था, क्योंकि टीम आईडीसीए भारत में 2018 में आयोजित आखिरी टूर्नामेंट के बाद अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल रही थी। इस टूर्नामेंट में कप्तान और कोच एम.पी. सिंह एवं देव दत्त की सहायता की आवश्यकता थी। टीम ने सभी राउंड रॉबिन मुकाबले और सेमीफाइनल जीतने के बाद आज फाइनल में विजयी बनकर उभरने के लिए जो दृढ़ ता दिखाई है वह तारीफ के काबिल है। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम को जीत पर बधाई। केएफसी इंडिया के महाप्रबंधक मोक्ष चोपड़ा ने कहा, डीआईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश करने और विजेता के रूप में उभरने के लिए भारतीय बधिर क्रिकेट टीम जोश अद्भुत और प्रेरणादायक रहा है। केएफसी क्षमता मंच के तहत हम भारतीय बधिर क्रिकेट संघ के प्रधान प्रायोजक होने पर गर्व महसूस करते हैं। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, हम डीआईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 टूर्नामेंट की कुशलतापूर्वक व्यवस्था करने के लिए अध्यक्ष स्टीफन पिचोव्स्की की अध्यक्षता में डीआईसीसी प्रबंध समिति को धन्यवाद देते हैं। साथ ही हम हमारे कोचों और हमारे कप्तान वीरेंद्र सिंह को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने हमें यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी दिलाने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है।

# महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी हरमनप्रीत

दुबई, 10 अक्टूबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद सितंबर महीने के सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को यह जानकारी दी। हरमनप्रीत यह पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपनी हमवतन सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और बंगलादेश की कप्तान निगार सुल्ताना को हराकर यह खिताब हासिल किया।



हरमनप्रीत ने पुरस्कार मिलने पर कहा, पुरस्कार के लिए नामांकित होना बहुत अच्छा था, और इसे जीतना एक अद्भुत एहसास है। स्मृति और निगार के साथ नामांकित होने के बाद विजेता बनना विनयपूर्ण अनुभव है।' भारत ने हरमनप्रीत की कप्तानी में इंग्लैंड में 23 साल बाद कोई सीरीज जीतते हुए मेजबान टीम को एकदिवसीय शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। हरमनप्रीत ने दूसरे मैच में 111 गेंदों पर 143 रन की विस्फोटक पारी खेलकर भारत को सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने में मदद की थी।

हरमनप्रीत ने कहा, 'मैंने हमेशा अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में बहुत गर्व महसूस किया है और इंग्लैंड में ऐतिहासिक एकदिवसीय शृंखला जीतना मेरे करियर में एक ऐतिहासिक क्षण रहेगा।' उन्होंने कहा, 'यह क्रिकेट का सौभाग्य है कि उसके पास दुनिया के कुछ बेहतरीन एथलीट हैं, और उनमें से आईसीसी द्वारा महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुने जाना मेरे लिए एक व्यक्ति और भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तान के रूप में एक विशेष उपलब्धि है।' हरमनप्रीत इंग्लैंड एकदिवसीय शृंखला में 221 की औसत और 103.27 के स्ट्राइक रेट से 221 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं।

# आज निर्णायक मुकाबले में आमने-सामने होंगे भारत और दक्षिण अफ्रीका

### शिखर धवन की अगुवाई वाली भारतीय टीम सीरीज जीतने की जीतोड़ कोशिश करेगी

नयी दिल्ली,10 अक्टूबर। शिखर धवन की अगुवाई वाली भारतीय टीम तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका का सामना यहां अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार को करते हुए सीरीज जीतने की जीतोड़ कोशिश करेगी।

आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के लिये ऑस्ट्रेलिया जा चुकी मुख्य टीम की गैरमौजूदगी में युवा प्रतिभाओं ने भारत का सराहनीय प्रतिनिधित्व किया है। पहले मैच में केवल नौ रन से हारने के बाद भारत ने शानदार वापसी की और दूसरा एकदिवसीय मैच सात विकेट से जीत लिया। पहले मैच में जहां संजू सैमसन ने 86 रन की नाबाद पारी खेली, वहीं दूसरे मैच में श्रेयस अय्यर ने शतक जड़ा।

ईशान किशन ने भी रांची में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए सात छक्कों के साथ 93 रन की पारी खेलकर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा गेंदबाजों ने भी दूसरे मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले मैच में भारत की हार की वजह बनी डेविड मिलर और हेनरिक क्लासेन की साझेदारी तोड़ने में असफल रहे गेंदबाजों ने दूसरे मैच में न केवल सही समय पर विकेट निकाले, बल्कि डेथ ओवरों में दक्षिण अफ्रीका के रनों पर भी लगाम लगा दी।


नतीजतन दक्षिण अफ्रीका आखिरी आठ ओवरों में केवल 41 रन जोड़कर 50 ओवर में 278/7 का स्कोर ही खड़ा कर सकी। इस मैच में मोहम्मद सिराज ने 10 ओवर में केवल 38 रन देने के अलावा क्विंटन डी कॉक, रीजा हेंड्रिक्स और केशव महाराज का विकेट भी निकाला। टी20 विश्व कप से ठीक पहले मोहम्मद सिराज का यह प्रदर्शन भारत के लिये अच्छी खबर है, क्योंकि वह चोटठास्त जसप्रीत बुमराह के स्थान पर ऑस्ट्रेलिया जाने के प्रबल दावेदार हैं।

भारत हालांकि चाहेगा कि धवन और शुभमन गिल तीसरे मैच में कुछ रन बनायें। धवन-गिल को रांची में अच्छी शुरुआत मिली लेकिन वे क्रमशः 13 और 28 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। धवन अगले साल होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारत के संभावित सलामी बल्लेबाज हैं, इसलिये उनके बल्ले से निकले रन उनके साथ-साथ भारत के लिये भी फायदेमंद होंगे।

दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान और सलामी बल्लेबाज टेम्बा बावुमा टी20 विश्व कप से पहले अपने खाते में कुछ रन जोड़ना चाहेंगे। बावुमा ने भारत दौरे के तीन टी20 मैचों में जहां कुल तीन रन बनाये, वहीं पहले एकदिवसीय मैच में आठ रन बनाने के बाद वह दूसरे एकदिवसीय मैच से बाहर रहे। अगर वह तीसरा वनडे खेलते हैं तो इस मैच में बनाये गये रन उन्हें ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले आत्मविश्वास देंगे। तीसरे मैच की मेजबान दिल्ली में तीन दिनों से रिमझिम बादल बरस रहे हैं। यदि बादल नहीं छटते तो ओवरों की संख्या घटाई जा सकती है या मैच रद्द भी हो सकता है।

## प्रधान ने फीफा महासचिव से मुलाकात की

नयी दिल्ली, 10 अक्टूबर। केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यिमता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने फीफा अंडर-17 विश्व कप 2022 से पहले सोमवार को यहां फीफा महासचिव फातमा समौरा से मुलाकात कर देश भर के स्कूलों में फीफा और यूनेस्को के स्कूलों के लिये फुटबॉल कार्यक्रम के सहयोग पर चर्चा की। प्रधान ने ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्कूलों के लिए फुटबॉल आंदोलन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की भावना का समर्थन करता है और खेल-एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देता है। प्रधान ने कहा कि भारत सरकार खेल को बढ़ ावा देने और विशेष रूप से स्कूली बच्चों के बीच फुटबॉल के लिए एक जन आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को एक खेल महाशक्ति के रूप में विकसित करने के साथ-साथ एक फिट भारत सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।




*इस साल इकोनॉमिक्स का नोबेल पुरस्कार के लिए अमेरिका के तीन शोधकर्ताओं को चयनित किया गया है। बेन एस बर्नानिके, डगलस डब्ल्यु. डायमंड और फिलिप एच डायबविग को इस साल का इकोनॉमिक्स का नोबेल पुरस्कार दिया जाएगा। समिति की तरफ से कहा गया है कि, वित्तीय संकट के दौरान बैंकों की भूमिका, प्रबंधन और समझ के बारे में शोधकार्य के लिए तीनों को यह पुरस्कार दिया जाएगा। नोबेल पुरस्कार समिति के बयान के मुताबिक, बर्नानिके का शोधकार्य जी.डी.पी. अथवा विकास दर में गिरावट के दौरान अर्थव्यवस्था को संभालने में बड़ा योगदान दे सकता है। वहीं, डगलस डायमंड और फिलिप डायबविग का थ्योरटिकल मॉडल यह दिखाता है कि, किस तरह से वित्तीय संकट के दौरान अफवाहों को रोकने और अर्थव्यवस्था प्रबंधन में बैंक अपना योगदान दे सकते हैं। डायमंड का शोधकार्य यह भी बताता है कि, कैसे एक बैंक समाज में बचतकर्ता और कर्ज लेने वालों के बीच तालमेल का कार्य करता है। गौरतलब है कि, अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले को लगभग नौ लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम दिया जाता है। 10 दिसंबर को ये पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। नोबेल समिति के मुताबिक इनकी रिसर्च में बताया गया है कि, बैंकों की अहमियत क्या है, बैंकों को नुकसान होने से कैसे वित्तीय संकट जन्म लेता है और इसे संभाला कैसे जा सकता है।*

# शरद पवार महाराष्ट्र में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ेंगे

## जैसा कि विदित है कि, कांग्रेस की इस यात्रा में अब तक जनता दल (सैक्युलर) आर.एस.पी. व सी.एम.पी. सहित कई दलों के नेता शामिल हो चुके हैं

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (वार्ता)। तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में मिल रहे भारी जन समर्थन के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर के लिए चल रही भारत जोड़ो यात्रा का महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार स्वागत करेंगे।

- **शरद पवार और उनकी पुत्री तथा लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले भारत जोड़ो यात्रा के महाराष्ट्र में प्रवेश करने पर पदयात्रियों का स्वागत करेंगे। भारत जोड़ो यात्रा को दक्षिण भारत में भारी जनसमर्थन मिलने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों का भी साथ मिल रहा है।**

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि पवार और उनकी पुत्री तथा लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले भारत जोड़ो यात्रा के महाराष्ट्र में प्रवेश करने पर पदयात्रियों का स्वागत करेंगे। भारत जोड़ो यात्रा को दक्षिण भारत में भारी जनसमर्थन मिलने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों का भी साथ मिल रहा है। यात्रा में अब तक आर.एस.पी., सी.एम.पी., जनता दल-एस सहित कई दलों के नेता शामिल हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि अभी यात्रा कर्नाटक में है और महाराष्ट्र में पदयात्री नौ नवम्बर को पहुंचेंगे। कर्नाटक के बाद पदयात्री तेलंगाना में प्रवेश करेंगे और राज्य में करीब 13 दिन का सफर तय करेंगे। यात्री दल 18 से 21 अक्टूबर तक आंध्र प्रदेश में रहेगा और उसके बाद तेलंगाना पुहंच जाएगा। तेलंगाना में यात्रा के दौरान दीपावली पर्व आ रहा है इसलिए यात्रा 24 एवं 25 को स्थगित रहेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए कर्नाटक में 17 अक्टूबर को पार्टी के डेलीगेट्स मतदान करेंगे। भारत जोड़ो यात्रा उस दिन कर्नाटक में जिस स्थान पर भी होगी उसमें शामिल 41 डेलीगेट्स के लिए वहीं वोट देने की सुविधा होगी जबकि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के डेलीगेट्स बेंगलुरु में मतदान करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खडगे का कर्नाटक गृहराज्य भी है।

भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे भारी समर्थन को लेकर कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि कई लोग तो सिर्फ राहुल गांधी को देखने के लिए पदयात्रा में उमड़ रहे हैं। केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में हर दिन हजारों लोग इस यात्रा में उमड़े हैं और यह सिलसिला अब तक जारी है।

गांधी से मिलने के लिए यात्रा में लोग उमड़ रहे हैं और अब तक 500 से ज्यादा लोग यात्रा के दौरान उनमें मिलने पहुंच चुके हैं। इसके अलावा गांधी से मिलने के लिए पर्यावारणवादियों, शिक्षाविदों, अध्यापकों, किसानों, पूर्व सैनिकों, मनरेगा श्रमिकों, कोविड पीड़ितों के परिजनों, पेंशनरों, ट्रांसजेंडरों, कारोबारियों आदि के समूह मिल चुके हैं और सबने उनके सामने अपनी अपनी समस्याएं भी रखी हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों के समूह उनसे ज्यादा मिलने आ रहे हैं। अब तक नारियल किसानों, सुपाड़ी किसानों आदि के समूह उनसे मिल चुके हैं और किसानों ने इस दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) को लेकर बातचीत की है। गांधी ने इन समूहों के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया है कि वह और उनकी पार्टी इन समस्याओं को संसद में उठाएगी और सरकार पर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए दबाव बनाएंगे।

## 'जमीन से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मुस्लिम-यादव धुरी बना ली थी, लेकिन इसके साथ ही नेताजी ने कुछ गलतियां भी कीं। उदाहरण के तौर पर उन्होंने भाजपा नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के वर्ष 2009 में भाजपा छोड़ने के बाद, उनके समक्ष एक शांति प्रस्ताव रखा, लेकिन उसी वर्ष के नवम्बर माह में नेताजी ने सार्वजनिक रूप से यह बात स्वीकारी कि फिरोज़ाबाद लोकसभा उप चुनाव में सपा के कमजोर प्रदर्शन का कारण कल्याण सिंह की वहज से मुस्लिम समर्थन नहीं मिलना।

नब्बे के दशक की शुरुआत में उन्होंने स्व. कांशीराम के साथ गठजोड़ किया और विधानसभा चुनाव जीता, लेकिन बसपा के साथ उनका करार अल्पकालिक रहा और उसकी परिणति कुख्यात गैस्ट हाउस प्रकरण के रूप में हुई जिसमें मायावती को निशाना बनाया गया था।

अमर सिंह के साथ नेताजी की निकटता ने उनके परिवार और सपा कार्यकर्ताओं में घबराहट पैदा कर दी थी। इस बात को नेताजी ने अपने जीवन के अंतिम वर्षों में स्वीकारा भी।

मुलायम के निधन से कुछ माह पूर्व उनकी दूसरी पत्नी साधना गुप्ता का देहान्त हो गया था। मुलायम ने दुनिया से विदा हो जाने के साथ ही उत्तर प्रदेश की राजनीति का एक बड़ा और प्रमुख अध्याय समाप्त हो चुका है। अब मुलायम के योगदान और उनकी विरासत पर अंतिम शब्द कहा जाना शेष है।

# मिट्टी की खदान ढहने से तीन बालिकाओं सहित 6 की मौत

## कच्चे मकान लीपने के लिए मिट्टी खोदते समय हुआ हादसा

- **दो बालिकाएं व एक महिला गंभीर रूप से घायल।**
- **हादसे में तीन सगी बहनों और उनकी मां की मौत हो गई।**
- **जिला कलैक्टर व पुलिस अधीक्षक ने घटना का जायजा लिया।**

करौली 10 अक्टूबर, (निस)। सपोटरा की ग्राम पंचायत सिमिर के गांव मेदपुरा में सोमवार बारिश से कमजोर हुई मिट्टी की खदान की ढाहे (टीला) गिर जाने से तीन मासूम बालिकाओं सहित 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। ये बालिकाएं अपने कच्चे घर लीपने के लिए मिट्टी लेने वहां गईं थी। तीनों बालिकाएं सगी बहनें हैं। हादसे में उनकी मां की भी मौत हो गई। हादसे में दो बालिकाएं व एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

ग्राम पंचायत सरपंच राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार को 3:45 बजे 9-10 महिलाएं और बालिकाएं दीपावली से पहले सफाई तथा कच्चे घरों को लीपने के लिए मिट्टी लेने के लिए गांव के पास नाहरया नामक स्थान पर चिकनी मिट्टी लेने गई थी। इस दौरान बारिश से कमजोर हुए मिट्टी के टीले अचानक गिर गये, जिसमें 9 महिलाएं व बालिकाएं दब गई। उनके चिल्लाने पर खदान के बाहर खड़ी बालिकाओं ने गांव में सूचना दी। ग्रामीणों ने 45 मिनिट की मेहनत से घायल व मृत बालिकाओं तथा महिलाओं को बाहर निकाला।

हादसे में अनीता माली (23) पत्नी राजेश माली, रामनरी (28) पत्नी गोपाल माली, खूशबू (7), काजल (9) व अंजू (6) पुत्री गोपाल माली की मौके पर ही मौत हो गई तथा रामगल्ला (26) पत्नी परसराम माली, केशंती (40) पत्नी चिरंजी माली, सपना (10) पुत्री परसराम माली तथा मोनिका (4) पुत्री राजेश माली गंभीर रूप से घायल हो गईं। उपचार के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सपोटरा में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत में मोनिका व केशंती को करौली रैफर कर दिया। लेकिन थूमा गांव के पास केशंती ने भी दम तोड़ दिया। जबकि मोनिका, रामगल्ला व सपना का उपचार जारी है।

मां व तीन बेटियों की एक साथ उठी अर्थी : हादसे में गोपाल माली की तीन बच्चियों तथा पत्नी की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि गोपाल के सात संतान हैं, जिनमें 6 बेटियां व एक पुत्र है।

# 'भारत को रूस की दोस्ती पर पूरा भरोसा है'

मेलबर्न, 10 अक्टूबर। विदेश मंत्री एस. जयशंकर अभी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। इस बीच उन्होंने रूस की दोस्ती को लेकर काफी अहम बयान दिया है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में एस. जयशंकर ने कहा कि रूस हमारा सबसे खास दोस्त है और हमारी दोस्ती काफी पुरानी है। भारत के पास रूसी हथियारों का भंडार इसलिए है क्योंकि पश्चिम देशों ने कई दशकों तक भारत को हथियारों की आपूर्ती नहीं की। ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर आए जयशंकर ने यह बात एक ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार के एक सवाल के जवाब में कही, जिन्होंने उनसे पूछा था कि क्या भारत रूसी हथियारों पर अपनी निर्भरता कम करेगा।

- **विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह भी कहा कि, रूस के हथियारों पर भी भारत को पूरा भरोसा है।**

# ब्रिटेन में नर्स पर 7 नवजात बच्चों की हत्या का आरोप

- **आरोप है कि, 32 वर्षीय नर्स नवजात बच्चों को खाली (मतलब एयर भरी हुई) एवं इंसुलिन के इजैंक्शन दे दिया करती थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत जाती थी।**
- **इतना ही नहीं नर्स पर आरोप है कि, उसने इसी तरह 10 अन्य नवजात शिशुओं को भी जान से मारने का प्रयास किया, लेकिन अन्य स्टाफ की सजगता से किसी तरह उनकी जान बच गई।**

लंदन, 10 अक्टूबर। ब्रिटेन की एक नर्स पर सात नवजात शिशुओं की हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। 32 साल की नर्स पर आरोप है कि उसने ना केवल सात बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी बल्कि 10 अन्य को भी मारने की कोशिश की थी। मैनचेस्टर क्राउन कोर्ट में बताया गया कि 2015 से 2016 के बीच दो बच्चों को चेस्टर हॉस्पिटल के नियो-नेटल वॉर्ड में जहर का इंजेक्शन दे दिया गया। यह कोई दुर्घटना नहीं थी बल्कि नर्स ने जानबूझकर ऐसा किया था।

कोर्ट में अभियोजन पक्ष ने बताया कि कुछ बच्चों की नस में हवा भरकर और कुछ के पेट में ट्यूब से हवा भरकर मार दिया गया। कई ऐसे भी केस थे जिसमें नर्स लुसी लेटबी ने हत्या के लिए कई बार प्रयास किया। आखिरकार उसने मासूमों को मौत के घाट उतार दिया। अभियोजन पक्ष के निक जॉनसन केसी ने कहा, यह सब काम महिला नर्स का था। जब 17 बच्चों के साथ दिक्कत हुई तो शक गहरा गया।

लेटबी आई.सी.यू. में शिशुओं की देखभाल के लिए स्पेशल ट्रेनिंग पर थी। उस पर पांच लड़कों और दो लड़कियों की हत्या का आरोप है। इसके अलावा पांच लड़कों और पांच लड़कियों की हत्या के प्रयास का भी आरोप है। जब अस्पताल में अचानक बच्चों की मरने की दर बढ़ गई तो जांच शुरू हुई। बाद में पता चला कि बच्चों के बेहोश होने और उनकी मौत होने में जो नाम बार-बार आ रहा था वह लेटबी का ही था। जब वह ड्यूटी पर होती थी तभी बच्चों के साथ अनहोनी होती थी।

नर्स कई बार बच्चों को हाई लेवल का इन्सुलिन दे देती थी जिससे उनके खून में शुगर बहुत कम हो जाता था और मौत हो जाती थी।

कुछ बच्चों को स्टाफ की समझदारी से बचाया गया। कोर्ट में बताया गया कि एक बच्चे की हत्या तो उसके जन्म के मात्र डेढ़ घंटे बाद ही कर दी गई थी। उसको इंजेक्शन से एयर दे दी गई थी।

हालांकि नर्स लेटबी ने सभी 22 आरोपों से इनकार किया है

## चैक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उठाए जा सकते हैं। अगर व्यक्ति के बैंक खाते में पर्याप्त राशि नहीं है तो उसके किसी अन्य बैंक खाते से राशि निकाली जा सकती है। एक अन्य कदम पर और विचार हो रहा है कि चैक बाउन्स होने से उक्त व्यक्ति की क्रेडिट रेटिंग कम कर दी जाए। वर्तमान में वह व्यक्ति जिसे प्राप्त चैक अनादरित हुआ है वह चैक जारी करने वाले को नोटिस दे सकता है और कोर्ट में केस कर सकता है। यह एक संज्ञेय अपराध है जिस पर दोगुनी राशि बतौर जुर्माना, दो साल की जेल या दोनों दंड दिए जा सकते हैं।

## आर.सी.ए. ..

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आर.सी.ए. की अपील पर दिए। अदालत ने कहा कि मामले में एकल पीठ 11 अक्टूबर को सुनवाई करेगी, ऐसे में अपीलार्थी वहां अपना पक्ष रखे। खंडपीठ में अब संभवतः दिवाली अवकाश के बाद सुनवाई होगी।

आर.सी.ए. की ओर से अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि आर.सी.ए. की चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद एकल पीठ ने उस पर रोक लगाई है। जबकि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद उस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। इसके अलावा जिला संघ अपनी आपत्तियों को लेकर लोकपाल और आर्बिट्रेटर के समक्ष जा सकते हैं। वहीं चुनाव अधिकारी पर सीधे तौर पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। इसलिए एकल पीठ की ओर से चुनाव पर लगाए गए आदेश को रद्द किया जाए।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 29 सितंबर को दौसा जिला क्रिकेट संघ व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए आर.सी.ए. चुनाव पर अंतरिम रोक लगा दी थी। जिला संघों का कहना है कि आर.सी.ए. के चुनाव अधिकारी पूर्व आई.ए.एस. रामलुभाया जिलों के पुनर्गठन के लिए बनाई कमेटी के अध्यक्ष हैं और मुख्यमंत्री को रिपोर्ट करते हैं। वहीं मुख्यमंत्री के पुत्र और वर्तमान आर.सी.ए. अध्यक्ष वैभव गहलोत पुनः अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में चुनाव अधिकारी वैभव गहलोत को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। आर.सी.ए. की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया था कि वैभव गहलोत का अपना अलग व्यक्तित्व है और सिर्फ मुख्यमंत्री की संतान होने की वजह से इस तरह के आरोप नहीं लगाये जा सकते। दोनों पक्षों को सुनने के बाद एकल पीठ ने चुनाव पर अंतरिम रोक लगा दी थी। एकल पीठ के इस आदेश को आर.सी.ए. ने खंड पीठ में चुनौती दी है।

# उद्धव ठाकरे के दल को मनचाहा चुनाव चिन्ह व नाम अलॉट हुआ

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को नया नाम आवंटित कर दिया। निर्वाचन आयोग ने शिंदे के लिए पार्टी के नाम के रूप में बालसाहेबांची शिवसेना नाम आवंटित किया है। बालसाहेबांची शिवसेना मराठी नाम है जिसका हिंदी अर्थ बालासाहेब की शिवसेना है। वहीं उद्धव ठाकरे के गुट का नाम शिवसेना - उद्धव बालासाहेब ठाकरे होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा शिवसेना - उद्धव बालासाहेब ठाकरे नाम आवंटित किए जाने के बाद उद्धव ठाकरे गुट के नेता भास्कर जाधव ने कहा, "हम बहुत खुश हैं, इसे बड़ी जीत मानते हैं।" इसके साथ ही उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को निर्वाचन आयोग से एक अच्छी खबर मिली। उद्धव गुट को चुनाव आयोग से 'मशाल चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ है। उद्धव गुट ने चुनाव आयोग को जो तीन चिह्न सौंपे थे उनमें से एक चुनाव चिह्न 'मशाल भी था। लेकिन शिंदे गुट को कोई चुनाव चिह्न आवंटित नहीं हुआ है। क्योंकि निर्वाचन आयोग ने धार्मिक अर्थों का हवाला देते हुए शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों के लिए त्रिशूल और गदा को चुनाव चिन्ह के रूप में आवंटित करने के सुझाव को खारिज कर दिया। इसके साथ ही आयोग ने शिंदे गुट को नए चुनाव चिह्न का चयन करने के लिए कहा है। उद्धव गुट को चुनाव चिह्न इसलिए आवंटित कर दिया गया क्योंकि उन्होंने जो चिह्न सुझाए थे उनमें से एक चिह्न 'मशाल भी था जिसका आयोग के मुताबिक कोई धार्मिक अर्थ नहीं है।

## आई.ओ.ए. ..

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जिनमें विभिन्न खेल-निकयों को कथित निहित स्वार्थों से मुक्त रखने की माँग की गई थी, ने अदालत से कहा कि वह देश की कानून को ध्यान में रखने की बात का अपने आदेश में उल्लेख जरूर करे। लेकिन न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ ने उन्हें झिड़कते हुये कहा कि इस बात को कहने की कोई जरूरत ही नहीं हैं कि इस शीर्ष अदालत के एक पूर्व जज स्वयं इस काम को देख रहे हैं।

न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ ने कहा, "सामान्यतः जब हम जिला न्यायालयों को किसी केस में कार्यवाही करने के निर्देश देते हुये कोई आदेश पारित करते हैं, तो हम कहते हैं कि कानून के अनुरूप कार्यवाही करें, लेकिन उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय के जजों के मामलों में हम ऐसा नही कहते क्योंकि ये लोग सदैव ही कानून की अनुरूपता में ही काम करते हैं।"

# पटाखों पर प्रतिबंध पर सुप्रीम कोर्ट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आघात झेलता आ रहा है।

शिवकाशी में 4000 से अधिक छोटी, मझोली तथा बड़ी पटाखा-निर्माण इकाइयाँ हैं तथा वहाँ इस उद्योग में करीब 8 लाख लोग लगे हुये हैं जिनमें से अधिकांश लोगों का भविष्य अब अनिश्चित हो गया है। आधे से ज्यादा लोगों का रोजगार एवं आजीविका खत्म हो गई है तथा अगर इस उद्योग में ऐसे ही बाधाएँ आती रहीं, तो इस उद्योग की शीघ्र ही दर्दनाक मृत्यु हो जायेगी।

पटाखों-निर्माताओं की अपील में कहा गया था कि प्रदूषण में पटाखों की अपेक्षा फैक्ट्रियों एवं वाहनों का ज्यादा बड़ा योगदान है, लेकिन अदालतों ने इस अपील को खारिज कर दिया तथा पटाखों पर रोक लगा दी।

पटाखा-निर्माताओं का मानना है कि पटाखा उद्योग सदैव ही उन पर्यावरणविदों तथा अधिकारियों का एक सहज निशाना रहा है, जो प्रदूषण-नियंत्रण के नाम पर तमिलनाडु के इस उद्योग को सुनिश्चित मर जाने के लिये मजबूर कर रहे हैं।

शिवकाशी फायरवर्क्स मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (एस.एम.एम.ए.) के अध्यक्ष ए. असेताम्बी ने कहा कि आई.आई.टी. कानपुर ने एक विस्तृत अध्ययन एवं शोध किया है, जो यह सिद्ध करता है कि ऑटो मोबाइल, थर्मल पावर स्टेंशस के निर्माण संबंधी गतिविधियाँ, स्टबल जलाना तथा अन्य प्रदूषण करने वाली चीजों में, पटाखे 26 नवम्बर पर आते हैं। पटाखा उद्योग संघ के अध्यक्ष ने कहा, "इस उद्योग को निशाना बनाया जा रहा है तथा उसे गलत ठहराया जा रहा है।"

वस्तुतः तमिलनाडु सरकार, केन्द्र सरकार के साथ इस मुद्दे पर लामबंद होती रही है तथा राज्य में पटाखा उद्योग की मदद के लिये हर संभव प्रयास करती आ रही है। जब दिल्ली जैसे अन्य राज्य भी या तो इन पर रोक लगा चुके हैं, या लगाने पर विचार कर रहे हैं, वहीं तमिलनाडु सरकार सोमवार पटाखे चलाने की सरकारी स्वीकृति के साथ आगे आई है लेकिन उसने पटाखे चलाये जाने के लिये एक समय विशेष निर्धारित कर दिया है

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने गत वर्ष सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अपील की थी कि वे पटाखे चलाने की अनुमति दे दें। स्टालिन ने कहा था कि "पटाखे चलाना भारतीय त्योहार का एक अभिन्न हिस्सा था तथा दीपावली पर तो ऐसा और भी ज्यादा था तथा राज्यों को ऐसे पटाखे चलाने की अनुमति दे देनी चाहिये जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषण अपेक्षाकृत कम होता है- ग्रीन पटाखे।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उनकी इस अपील पर ध्यान दिया था तथा गत वर्ष पटाखों पर लगी व्यापक रोक हटा दी थी। देखना यह है कि क्या तमिलनाडु के मुख्यमंत्री इस साल भी वैसी ही अपील करेंगे।

## तिलमिला कर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हताहत हो सकते है। हालांकि इससे कोई सैन्य लाभ नहीं होगा। साथ ही अनियोजित बमबारी से सिर्फ यही साबित हो रहा है कि यूक्रेन, जो सफलता पूर्वक सैन्य सफलता हासिल कर रहा है, को दंड देना चाहते हैं।

नवीनतम खबरों के अनुसार सोमवार को सुबह 84 क्रूज मिसाइलों ने यूक्रेन के विभिन्न शहरों व कस्बों को निशाना बनाया। मिसाइल हमले से कई बड़े शहरों में बिजली की आपूर्ति बाधित हुई।

एक बड़े क्षेत्र पर ड्रोन हमले भी हुए। यूक्रेन पहले ही कह चुका है कि इस हमले में दर्जनों नागरिक मारे गए हैं।

अमेरिका ने भी खबर दी है कि रुसी हैकर्स ने देश की सबसे बड़ी एयरपोर्ट्स वैबसाइट्स को निशाना बनाया है। इन एयरपोर्ट्स की इन्टरएक्टिव वैबसाइट्स यूजर्स के लिए उपलब्ध नहीं है।

नाटो अपने अत्याधुनिक हथियार और गुप्तचर व्यवस्था यूक्रेन को दे रहा है जिसकी वजह से ही यूक्रेन ने रुस की सेना को भारी नुकसान पहुंचाया है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908